CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :34°C
न्यूनतम :20°C

मुरादाबाद, शुक्रवार 15 मई 2026 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 23 अंक 269 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष 13 विक्रमी सम्वत् 2083 27 जिलकदा 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



रक्षा विनिर्माण के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता जरूरी: राजनाथ सिंह पेज 2



ऑरेंज कैप टेबल में तीसरे नंबर पर पहुंचे विराट कोहली खेल टाइम्स



सामाजिकता की सबसे बड़ी कुंजी है परिवार सम्पादकीय



ताइवान पर चीन की अमेरिका को सख्त चेतावनी पेज 12

## संक्षिप्त समाचार

### दिल्ली में हफ्ते में दो दिन वर्क फ्रॉम होम लागू

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार ने ईंधन बचाने के मद्देनजर अपने कर्मचारियों के लिए सप्ताह में दो दिन घर से काम करने की व्यवस्था करने का फैसला लिया है और कुछ उपायों की घोषणा की है। सरकार ने दिल्ली में ईंधन बचत, प्रदूषण कम करने और 'मेड इन इंडिया' को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मेरा भारत, मेरा योगदान अभियान के तहत व्यापक दिल्ली 'एक्शन प्लान' जारी किया है। इसके तहत सरकारी कर्मचारियों के लिए घर से काम करने, ऑनलाइन बैठकें, सार्वजनिक परिवहन के उपयोग जैसे कई महत्वपूर्ण कदमों की घोषणा की गई है। इसके साथ ही निजी क्षेत्र को भी कर्मचारियों के सप्ताह में दो दिन घर से काम करने की व्यवस्था करने की सलाह दी गई है। सरकारी कार्यालयों का समय अलग-अलग करने और सोमवार को मेट्रो डे मनाने की बात कही गई है, ताकि लोग अधिक से अधिक सार्वजनिक परिवहन का उपयोग करें।

### ईरान ने यूएई तट के पास एक जहाज को किया जब्त

**दुबई।** संयुक्त अरब अमीरात के पूर्वी तट के पास लंगर डाले एक जहाज को अज्ञात लोगों द्वारा जब्त कर ईरान की दिशा में ले जाने की खबर सामने आई है। इस घटना की पुष्टि ब्रिटिश सैन्य संगठन यूनाइटेड किंगडम मैरीटाइम ट्रेड ऑपरेशंस (यूकेएमटीओ) ने की है। घटना के बाद पूरे होर्मुज स्ट्रेट क्षेत्र में सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट पर हैं। यह जहाज फुजैरा बंदरगाह से लगभग 38 समुद्री मील (करीब 70 किलोमीटर) उत्तर-पूर्व में लंगर डाले था, जब उस पर अनधिकृत लोगों ने कब्जा कर लिया।

### सबरीमाला मंदिर मामले में सुप्रीम कोर्ट का फैसला सुरक्षित

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सबरीमाला मंदिर समेत विभिन्न धार्मिक स्थलों पर महिलाओं की एंट्री और उनकी धार्मिक स्वतंत्रता से जुड़े मामलों की सुनवाई गुरुवार को पूरी कर ली है। चीफ जस्टिस सूर्यकांत की अध्यक्षता में 9 जजों वाली बेंच ने फैसला सुरक्षित रख लिया है। कोर्ट ने 16 दिन तक केंद्र, धार्मिक संगठनों और याचिकाकर्ताओं की दलीलें सुनीं। कोर्ट धार्मिक स्वतंत्रता, अनुच्छेद 25 और 26 के दायरे, संवैधानिक नैतिकता और धार्मिक प्रथाओं में न्यायिक हस्तक्षेप की सीमा जैसे कई अहम संवैधानिक सवालों पर फैसला देगी। इनमें सबसे अहम मासिक धर्म के उम्र वाली 10 से 50 साल की महिलाओं की सबरीमाला मंदिर में एंट्री का विवाद है।

# वैश्विक संकट के बीच भारत का ब्रिक्स एकजुटता का आह्वान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** भारत ने कहा है कि बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव, आर्थिक अस्थिरता और कमजोर होती बहुपक्षीय संस्थाएं वैश्विक व्यवस्था को अधिक नाजुक बना रही हैं और ब्रिक्स देशों को स्थिरता तथा वैश्विक शासन व्यवस्था में सुधार के लिए एकजुट होकर कदम उठाने चाहिए।

विदेश मंत्री डा. एस. जयशंकर ने गुरुवार को यहां हुए ब्रिक्स देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक में अंतर्राष्ट्रीय सुरक्षा, आर्थिक असुरक्षा और



संस्थागत सुधारों पर केंद्रित संबोधन में कहा कि दुनिया अभूतपूर्व भू-राजनीतिक और आर्थिक अनिश्चितता का सामना कर रही है। इसके पीछे सशस्त्र संघर्ष, जलवायु संबंधी आपदाएं और कोविड महामारी के दीर्घकालिक प्रभाव प्रमुख कारण हैं। विदेश मंत्री ने कहा कि ये संकट अलग-अलग घटनाएं नहीं हैं, बल्कि

**■ विदेश मंत्री डा. एस. जयशंकर ने ब्रिक्स देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक में प्रतिबंधों और आतंकवाद पर जताई चिंता**

वैश्विक चुनौतियों का ऐसा संगम हैं, जो अंतर्राष्ट्रीय व्यवस्थाओं की क्षमता की परीक्षा ले रहे हैं और जिनका सबसे अधिक असर उभरती अर्थव्यवस्थाओं तथा विकासशील देशों पर पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि स्थिरता, सतत विकास और समृद्धि को बढ़ावा देने के लिए सामूहिक कार्रवाई और दृढ़ संकल्प आवश्यक हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि ब्रिक्स देशों को केवल विचार-विमर्श तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि प्रभावी और समन्वित समाधान विकसित करने चाहिए। डा. जयशंकर ने संयुक्त राष्ट्र चार्टर के उद्देश्यों और सिद्धांतों के प्रति भारत की प्रतिबद्धता दोहराते हुए कहा कि संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान अंतर्राष्ट्रीय संबंधों की बुनियाद रहनी चाहिए। उन्होंने कहा कि संवाद और कूटनीति ही संघर्षों के समाधान के टिकाऊ उपाय हैं।

# 16 राज्यों व 3 केंद्र शासित प्रदेशों में SIR की घोषणा

## चुनाव आयोग ने तीसरे चरण का किया ऐलान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**■ 3.94 लाख से अधिक बूथ स्तरीय अधिकारी 36.73 करोड़ मतदाताओं के घर जाकर करेंगे सर्वेक्षण**

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने विशेष गहन पुनरीक्षण के तीसरे चरण की घोषणा की है। इसके तहत देश के 16 राज्यों और तीन केंद्र शासित प्रदेशों में मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण किया जाएगा। चुनाव आयोग के अनुसार, जनगणना के तहत चल रही गृह-सूचीकरण प्रक्रिया के साथ साझा जमीनी तंत्र को ध्यान में रखते हुए एसआईआर के तीसरे चरण का कार्यक्रम तय कर लिया गया है।

आयोग के अनुसार, एसआईआर के तीसरे चरण के दौरान 3.94 लाख से अधिक बूथ स्तरीय अधिकारी 36.73 करोड़ मतदाताओं के घर-घर जाकर सर्वेक्षण करेंगे। यह पूरा कार्यक्रम मई 2026 से शुरू होकर दिसम्बर 2026 तक चलेगा और अलग-अलग राज्यों में अंतिम मतदाता सूची सितम्बर से दिसम्बर 2026 के बीच प्रकाशित की जाएगी। आयोग ने बताया कि एसआईआर का तीसरा चरण पूरा होने के बाद हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर और लद्दाख को छोड़कर -शेष पृष्ठ दो पर




### सीईसी ने की एसआईआर के तीसरे चरण में पूरे उत्साह से भाग लेने की अपील

**नई दिल्ली।** मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने मतदाताओं से मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) में पूरे उत्साह से भाग लेने की अपील की है। श्री कुमार ने गुरुवार को 16 राज्यों और 3 केंद्र शासित प्रदेशों में एसआईआर के तीसरे चरण के शुभारंभ के कार्यक्रम की घोषणा पर कहा कि मैं सभी मतदाताओं से विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के तीसरे चरण में उत्साहपूर्वक भाग लेने और अपने मतदाता-गणना प्रपत्र भरने की अपील करता हूं। मुख्य चुनाव आयुक्त ने कहा कि एसआईआर का संचालन यह सुनिश्चित करने के उद्देश्य से किया जा रहा है कि मतदाता सूची में केवल पात्र मतदाताओं के नाम शामिल हों।

# सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति पर उठाए सवाल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग में नियुक्तियों को लेकर केंद्र सरकार से सवाल किया। कोर्ट ने कहा कि अगर सरकार को ही फैसला करना है, तो सिलेक्शन कमेटी में विपक्ष के नेता (एलओपी) को रखकर स्वतंत्रता का दिखावा करने की जरूरत क्या है।

जस्टिस दीपांकर दत्ता और जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा की बेंच ने कहा कि सीबीआई डायरेक्टर की सिलेक्शन कमेटी में भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) शामिल होते हैं, लेकिन चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति वाली

**■ कहा: सरकार को ही फैसला लेना है, तो कमेटी में नेता विपक्ष को रखने का दिखावा क्यों**

समिति में कोई स्वतंत्र सदस्य नहीं रखा गया है। मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) और अन्य चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति के लिए मौजूदा कमेटी में प्रधानमंत्री, विपक्ष के नेता और एक केंद्रीय कैबिनेट मंत्री शामिल हैं। इनमें बहुमत के आधार पर एक नाम का चयन होता है। अभी नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी हैं। पूरा मामला मुख्य चुनाव आयुक्त और दो चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति से जुड़े कानून को चुनौती देने वाली याचिकाओं से जुड़ा है। इस पर कोर्ट ने गुरुवार को सुनवाई की। याचिकाकर्ताओं का कहना है कि नई चयन प्रक्रिया में केंद्र को ज्यादा अधिकार दिए गए हैं, जिससे आयोग की स्वतंत्रता प्रभावित हो सकती है। यह चुनौती सुप्रीम कोर्ट की 2023 के फैसले 'अनूप बरनवाल बनाम भारत संघ' के बाद सामने आई है। उस फैसले में कहा गया था कि जब तक संसद कानून नहीं बनाती, तब तक चुनाव आयोग में नियुक्तियां प्रधानमंत्री, विपक्ष के नेता और सीजेआई वाली समिति के जरिए की जाएंगी।

# दिल्ली में चलती स्लीपर बस में गैंगरेप

**नई दिल्ली।** एक भयावह घटना ने राष्ट्रीय राजधानी को एक बार फिर झकझोर दिया है। सोमवार देर रात दिल्ली के रानी बाग इलाके में एक चलती स्लीपर बस के अंदर 30 वर्षीय महिला का अपहरण कर सामूहिक बलात्कार किया गया।

पुलिस ने अपराध में इस्तेमाल की गई बस को जब्त कर लिया है और पीड़िता के बयान के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। पीतमपुरा की एक झुग्गी बस्ती

**■ समय पूछने पर महिला को चलती बस में खींचा**

निवासी पीड़िता मंगोलपुरी की एक फैक्ट्री में काम करती है। रात की शिफ्ट खत्म करने के बाद वह घर जा रही थी, जब वह सरस्वती विहार के बी-ब्लॉक बस स्टैंड पर पहुंची। वहां एक स्लीपर बस खड़ी थी। जब उसने बस के दरवाजे पर खड़े एक युवक -शेष पृष्ठ दो पर

### वीडी सतीशन केरलम के सीएम होंगे

**तिरुवनंतपुरम।** कांग्रेस नेता वीडी सतीशन केरलम के नए सीएम होंगे। कांग्रेस ने राज्य के चुनाव नतीजे घोषित होने के 10 दिन बाद गुरुवार को इसका ऐलान किया। 61 साल के सतीशन पारावूर सीट से विधायक हैं। कांग्रेस नेता दीपा दासमुंशी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि पार्टी ने तिरुवनंतपुरम में 7 मई को मीटिंग की थी। पार्टी अध्यक्ष खड़गे, राहुल गांधी से चर्चा के बाद तय किया गया कि केरलम सीएम वीडी सतीशन होंगे। नाम का ऐलान होने के बाद सतीशन ने कहा कि मैं इस पद को निजी उपलब्धि नहीं बल्कि दैवीय कृपा मानता हूं।




## पश्चिम एशिया संकट का असर: कच्चे तेल की कीमतों में उछाल से दबाव

# अप्रैल में 8.30 % पर पहुंची थोक महंगाई

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर ऊर्जा संकट और भू-राजनीतिक तनाव का सीधा असर अब भारतीय अर्थव्यवस्था पर दिखाई देने लगा**

**नई दिल्ली।** अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर ऊर्जा संकट और भू-राजनीतिक तनाव का सीधा असर अब भारतीय अर्थव्यवस्था पर दिखाई देने लगा है।

वाणिज्य व उद्योग मंत्रालय की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार, अप्रैल महीने में थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) पर आधारित महंगाई दर में भारी उछाल दर्ज किया गया है। मार्च महीने में थोक महंगाई दर 3.88 प्रतिशत के स्तर पर थी, जो अप्रैल में तेजी से बढ़कर 8.30 प्रतिशत पर पहुंच गई है। इस जबरदस्त वृद्धि के पीछे मुख्य कारण ईंधन, बिजली और कच्चे पेट्रोलियम की कीमतों में आई बेतहाशा तेजी है। मंत्रालय के बयान के अनुसार, अप्रैल 2026 में महंगाई की दर मुख्य रूप से खनिज तेलों, कच्चे पेट्रोलियम, प्राकृतिक गैस, बुनियादी धातुओं, अन्य विनिर्माण और गैर-खाद्य वस्तुओं की कीमतों में वृद्धि के कारण है। थोक महंगाई में आया यह तेज उछाल सीधे तौर पर पश्चिम एशिया में चल रहे संकट को दर्शाता है। इसके साथ ही, होर्मुज स्ट्रेट की प्रभावी नाकेबंदी ने स्थिति को और गंभीर बना दिया है। यह जलमार्ग भारत के लिए रणनीतिक रूप से बेहद महत्वपूर्ण है, क्योंकि भारत अपने आयातित कच्चे तेल का अधिकांश हिस्सा इसी मार्ग से प्राप्त करता है।

CMYK

# ग्राम प्रधान को ही प्रशासक बनाने के संदर्भ में सकारात्मक वार्ता



**शाह टाइम्स ब्यूरो**
**बिजनौर।** राष्ट्रीय पंचायती राज ग्राम प्रधान संगठन के प्रदेश अध्यक्ष ललित शर्मा सहित एक प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री से ग्राम पंचायतों का कार्यकाल बढ़ने पर ग्राम प्रधान को ही प्रशासक बनाए जाने के लिए वार्ता की थी। इससे पूर्व भी विभागीय मंत्री, प्रमुख सचिव आदि से वार्ता के दौरान सकारात्मक आश्वासन मिलता आ रहा है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आगामी कार्यकाल बढ़ने पर ग्राम प्रधान को ही प्रशासक बनाए जाने का संकेत दिया है। 20 मई को लखनऊ में राष्ट्रीय पंचायती राज ग्राम प्रधान संगठन का कोई धरना, प्रदर्शन अथवा सम्मेलन नहीं है। यह जानकारी देते हुए जिलाध्यक्ष सोमदेव सिंह ने जनपद के सभी ग्राम प्रधानों से अपील करते हुए कहा कि ग्राम प्रधान भ्रमित न हों, कुछ लोग लखनऊ में धरना प्रदर्शन करने के नाम पर ग्राम प्रधानों को गुमराह करने का कार्य कर रहे हैं। ऐसा न हो कि आप किसी के बहकावे में आकर लखनऊ धरने में शामिल होकर शासन द्वारा दिए गए सकारात्मक आश्वासन पर पानी फेरने का काम कर बैठें। क्योंकि राष्ट्रीय पंचायत राज ग्राम प्रधान संगठन पिछले चार माह से ग्राम पंचायतों के चुनाव में विलंब होने की आशंका को लेकर कार्यकाल बढ़ाने पर ग्राम प्रधान को ही प्रशासक बनाए जाने के संदर्भ में शासन से कई बार वार्ता कर चुका है। हमें पूरी उम्मीद है कि सरकार हम लोगों को ही ग्राम पंचायत के शेष विकास कार्यों को पूरा कराने के लिए प्रशासक के रूप में बनाए रखेगी। इसलिए अपने संगठन की मेहनत और विश्वास को बनाए रखें और किसी के बहकावे में नहीं आएं।

20 मई को संगठन द्वारा लखनऊ किसी भी प्रकार का धरना/ प्रदर्शन नहीं किया जाएगा। 18 मई को लखनऊ में आयोजित प्रदेश इकाई की महत्वपूर्ण बैठक में ग्राम प्रधानों के हित में कई निर्णय लिए जाएंगे।

# कानून के रखवाले पर दबंगों का कहर

## मिस्त्री का काम रुकवाने का विरोध करने पर अधिवक्ता को बेरहमी से पीटा

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**नगीना।** थाना क्षेत्र में कानून व्यवस्था को ठेंगा दिखाते हुए दबंगों द्वारा एक अधिवक्ता पर जानलेवा हमला करने का सनसनीखेज मामला सामने आया है।

ग्राम तकीपुर नरोत्तम उर्फ धर्मपुरा में मामूली विवाद को लेकर पड़ोस के ही दो दबंगों ने मुंसफी नगीना के अधिवक्ता के साथ न केवल मारपीट की, बल्कि उन्हें सरेराह जान से मारने की धमकी भी दी। इस दुस्साहसिक वारदात से स्थानीय वकीलों और ग्रामीणों में भारी रोष व्याप्त है। पीड़ित की तहरीर पर स्थानीय पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए भारतीय न्याय संहिता 2023 की संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

प्राप्त विवरण के अनुसार ग्राम तकीपुर नरोत्तम उर्फ धर्मपुरा निवासी टिकेंद्र कुमार वर्ष 2019 से मुंसफी नगीना में वकालत का पेशा अपनाकर समाज को न्याय दिलाने का कार्य कर रहे हैं। पुलिस को दी गई आधिकारिक तहरीर में पीड़ित अधिवक्ता ने बताया कि उनके पड़ोस में रहने वाला मोनू उर्फ विशाल और उसका जीजा अजय कुमार ( निवासी नेजोवाली गांवड़ी) क्षेत्र के कुख्यात, दबंग और अत्यधिक नशेड़ी किस्म के व्यक्ति हैं। दोनों आरोपी अक्सर शराब के नशे में धुत्त होकर अधिवक्ता और उनके परिवार को मानसिक रूप से प्रताड़ित करने की नीयत से भद्दी-भद्दी गालियां देते रहते हैं।

घटनाक्रम की शुरुआत बीते 11 मई को हुई। पीड़ित अधिवक्ता टिकेंद्र कुमार के मकान में निर्माण कार्य चल रहा था और राजमिस्त्री काम कर रहे थे। इसी दौरान आरोपी मोनू उर्फ विशाल वहां पहुंचा और बिना किसी वैध कारण के काम रुकवाने के लिए मिस्त्रियों पर दबाव बनाने लगा। जब घर के भीतर से निकलकर अधिवक्ता टिकेंद्र कुमार ने इस अवैध दखल का विरोध किया और बीच-बचाव की कोशिश की, तो आरोपी आगबबूला हो गए। दबंगों ने कानून को हाथ में लेते हुए अधिवक्ता के साथ सरेआम धक्का-मुक्की शुरू कर दी और लात-घूसों से उनकी बेरहमी से पिटाई कर दी।

सुबह की घटना के बाद आरोपियों का हौसला इतना बढ़ गया कि उन्होंने शाम को एक और हिंसक वारदात को अंजाम दे डाला। पीड़ित के मुताबिक, शाम करीब 7:00 बजे जब वह रोजमर्रा के सामान के लिए दुकान पर गए थे और वहां से वापस अपने घर लौट रहे थे, तभी दोनों आरोपियों ने पहले से रची गई साजिश के तहत हाथों में लाठी-डंडे लेकर उनके घर के ठीक पास घात लगा रखी थी।

अधिवक्ता को अकेला देखते ही मोनू और अजय ने उन पर डंडों से हमला बोल दिया। पीड़ित ने खुद को बचाने के लिए शोर मचाया। चीख-पुकार सुनकर गांव के ही निवासी अश्वनी और अवनीश दौड़कर मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों को अपनी ओर आते देख दोनों आरोपी पीड़ित को सरेराह जान से मारने की धमकी देते हुए अपने घर के भीतर जाकर छिप गए।

घटना के तुरंत बाद पीड़ित पक्ष द्वारा आपातकालीन सेवा डायल 112 को सूचित किया गया। सूचना मिलते ही पुलिस की पीआरवी वैन मौके पर पहुंची, लेकिन पुलिस की भनक लगते ही दोनों आरोपी अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार होने में कामयाब रहे। इसके बाद पीड़ित ने थाने पहुंचकर नामजद तहरीर दी।

मामले की गंभीरता और पीड़ित के अधिवक्ता होने के मद्देनजर थाना नगीना पुलिस ने बिना किसी विलंब के दोनों नामजद आरोपियों मोनू उर्फ विशाल और अजय कुमार के खिलाफ बीएनएस 2023 की धारा 131 (हमले या आपराधिक बल का प्रयोग करने के लिए), धारा 115(2) (जानबूझकर/स्वेच्छा से किसी को चोट पहुंचाने के अपराध में), धारा 352 (शांति व्यवस्था भंग करने के इरादे से जानबूझकर अपमानित करना), धारा 351(3) (किसी को जान से मारने की गंभीर धमकी देना) के तहत मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

थाना प्रभारी अवनीत मान ने इस संबंध में बताया कि मामले की निष्पक्ष और त्वरित जांच के लिए उपनिरीक्षक सरवेज खान को विवेचना अधिकारी नियुक्त किया गया है। पुलिस ने पीड़ित का चिकित्सीय परीक्षण कराने के साथ ही आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर दबिश देना शुरू कर दिया है। थाना प्रभारी ने कड़े शब्दों में चेतावनी दी है कि क्षेत्र में किसी भी सूरत में कानून व्यवस्था को हाथ में लेने की इजाजत किसी को नहीं दी जाएगी। दबंगई करने वाले तत्वों को बख्शा नहीं जाएगा और उनके खिलाफ ऐसी सख्त दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी जो भविष्य के लिए नजीर बनेगी।

# एक नजर

## राजकीय आईटीआई में स्वगणना



**बिजनौर।** देशभर में जनगणना का कार्य प्रारंभ हो गया है। इसी क्रम में प्रथम चरण में मकान की गणना की जा रही है। जिसमें शासन के निर्देशानुसार पहले स्वगणना का प्रावधान किया गया है। यह निर्धारित पोर्टल पर की जानी है। आज शिक्षा दिवस मनाते हुए राजकीय आईटीआई में स्टाफ एवं छात्र-छात्राओं द्वारा स्वगणना की गई। इस अवसर पर फोरमैन दीपक कुमार गुप्ता, प्रधान सहायक राकेश शर्मा, अनुदेशक बृजेश कुमार यादव, नीरज कुमार शर्मा आदि मौजूद थे।

## चुनाव की तैयारी में जुटने का आह्वान



**चांदपुर।** बसपा जिला उपाध्यक्ष अकील अंसारी ने कहा कि बहुजन समाज सर्वसमाज के साथ मिलकर खड़ा है। हमें आने वाले विधानसभा एवं जिला पंचायत चुनाव की तैयारी में जुट जाना है और अपने बूथ, सेक्टर को मजबूत बनाना है। आज सेक्टर नंबर 30 के ग्राम ताहरपुर में बूथ संख्या 260 के गठन पश्चात बैठक का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता सेक्टर अध्यक्ष ने की। संचालन रोहतास प्रजापति ने किया। बैठक में जिला उपाध्यक्ष अकील अंसारी, चेतराम सिंह विधानसभा महासचिव, मौहम्मद मोनिस, श्रीराम सिंह, संजीव कुमार, प्रिंस, अमित कुमार, रामकुमार, हरपाल सिंह, हेतराम सिंह, करण सिंह, अतुल कुमार, आदित्य कुमार, हर्ष कुमार, श्रीया कुमार, राजकुमार, अंशु कुमार, आयरन कुमार, शीशपाल आदि ने अपने-अपने विचार व्यक्त किए। बैठक में सर्वसमाज से भाईचारा बनाकर 2027 में बसपा सुप्रीमो मायावती को पांचवीं बार उत्तर प्रदेश का मुख्यमंत्री बनाने की अपील की गई। इससे पहले गांव पहुंचने पर जिला उपाध्यक्ष अकील अंसारी का ग्रामीणों ने फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया।

## महिला से 29 हजार की ठगी

**हल्दौर।** थाना क्षेत्र में साइबर ठगों ने सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने का झांसा देकर एक गर्भवती महिला के बैंक खाते से करीब 29 हजार रुपये निकाल लिए। ग्राम जैनुलआबदीनपुर निवासी समीर ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी पत्नी के मोबाइल पर खुद को आंगनबाड़ी कार्यकत्री बताने वाली महिला का व्हाट्सएप कॉल और लिंक आया था। आरोप है कि महिला ने गर्भवती महिलाओं को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने का भरोसा देकर बातचीत के दौरान किसी कथित अधिकारी को कॉन्फ्रेंस कॉल पर जोड़ दिया। पीड़ित का आरोप है कि झांसे में लेकर मोबाइल पर आए ओटीपी समेत अन्य बैंक संबंधी जानकारी हासिल कर ली गई। इसके बाद खाते से कई बार में 29,276 रुपए निकाल लिए गए। मोबाइल पर खाते से रकम कटने के संदेश मिलने पर ठगी की जानकारी हुई। पीड़ित ने पुलिस से मामले की जांच कर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करने तथा निकाली गई धनराशि वापस दिलाने की मांग की है। थाना पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है।

## एटीएम से छेड़छाड़ का आरोप

**कोतवाली देहात।** पंजाब नेशनल बैंक के वरिष्ठ प्रबंधक ने थाने में तहरीर देकर दो अज्ञात लोगों पर एटीएम मशीन में गोंद डालकर क्षति पहचाने का आरोप लगाया है। पंजाब नेशनल बैंक मंडल कार्यालय बिजनौर के वरिष्ठ प्रबंधक संजीव कुमार ने थाने में तहरीर देकर बताया कि दो अज्ञात व्यक्तियों द्वारा एटीएम की मशीन से छेड़छाड़ कर क्षति पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। दोनों लोगों द्वारा लगातार एटीएम मशीन के कार्ड रीडर में गोंद डालकर मशीनों को क्षतिग्रस्त कर दिया गया है। इसके चलते मशीन काम करना बंद कर देती हैं। बुंदकी द्वारिकेश शुगर मिल मेदूपुरा सुल्तान स्थित एटीएम को भी शरारती तत्वों द्वारा क्षतिग्रस्त कर एटीएम की सेवाएं बाधित कर दी गई है। वरिष्ठ प्रबंधक की तहरीर के आधार पर पुलिस ने दो अज्ञात लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर ली है।

## पिंजरा लगाने की मांग

**कोतवाली देहात।** कस्बे में चहलकदमी करते हुए गुलदार सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया। कस्बे के मौहल्ला मोवीन नगर निवासी कामिल अहमद ने गाय पाल रखी है। सुबह के समय मौहल्ले में एक कुत्ता मृत अवस्था में मिला। ग्रामीणों को शक हुआ तो मोहल्ले में लगे सीसीटीवी कैमरे देखे। सीसीटीवी कैमरे में एक गुलदार मौहल्ले में चहलकदमी करते हुए देखा गया। गुलदार को देखकर मौहल्ले वालों के होश उड़ गए। ग्रामीणों ने गुलदार को पकड़ने के लिए वन विभाग से पिंजरा लगवाने की मांग की है।

# विवेक विश्वविद्यालय में कुष्ठ रोग जागरूकता कार्यक्रम



**शाह टाइम्स ब्यूरो**
**बिजनौर।** विवेक विश्वविद्यालय के मेडिकल लेबोरेटरी साइंस विभाग द्वारा सासाकावा-इंडिया लेप्रोसी फाउंडेशन के सहयोग से 'कुष्ठ रोग : भ्रांतियों को तोड़ें' विषय पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं उपस्थित प्रतिभागियों को कुष्ठ रोग के प्रति जागरूक करना, इससे जुड़ी भ्रांतियों को दूर करना तथा समाज में सकारात्मक संदेश फैलाना था।

कार्यक्रम में बीएमएलएस, बीपीटी एवं बीऑप्ट के विद्यार्थियों ने बड़ी संख्या में सहभागिता की। विद्यार्थियों ने कार्यक्रम के दौरान विषय से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त की तथा विशेषज्ञों से अपने प्रश्न भी पूछे। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता तनजील खान, क्षेत्रीय प्रबंधक, सासाकावा-इंडिया लेप्रोसी फाउंडेशन रहे। उन्होंने कुष्ठ रोग के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान करते हुए बताया कि यह एक पूर्णत: उपचार योग्य बीमारी है तथा समय पर पहचान एवं उचित उपचार द्वारा इसे आसानी से नियंत्रित किया जा सकता है।

उन्होंने कहा कि समाज में आज भी इस रोग को लेकर अनेक भ्रांतियां एवं डर मौजूद हैं, जिन्हें जागरूकता के माध्यम से दूर करना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने विद्यार्थियों को कुष्ठ रोग के प्रारंभिक लक्षणों, जांच की प्रक्रिया, उपचार की उपलब्ध सुविधाओं तथा रोगियों के प्रति संवेदनशील व्यवहार के महत्व के बारे में जानकारी दी। साथ ही उन्होंने यह संदेश भी दिया कि कुष्ठ रोग से पीड़ित व्यक्तियों के साथ किसी भी प्रकार का भेदभाव नहीं किया जाना चाहिए तथा उन्हें समाज में समान सम्मान मिलना चाहिए। वक्ताओं ने कहा कि चिकित्सा एवं पैरामेडिकल क्षेत्र के विद्यार्थियों की जिम्मेदारी केवल उपचार तक सीमित नहीं होती, बल्कि समाज में स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता फैलाना भी उनका महत्वपूर्ण कर्त्तव्य है।

विश्वविद्यालय के कुलपति एनके गुप्ता ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम विद्यार्थियों के ज्ञान एवं सामाजिक जिम्मेदारी को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि कुष्ठ रोग के प्रति जागरूकता फैलाना आज भी अत्यंत आवश्यक है, ताकि समाज में फैली गलत धारणाओं को समाप्त किया जा सके। उन्होंने आयोजकों एवं अतिथि वक्ता को सफल कार्यक्रम के लिए बधााई भी दी। विश्वविद्यालय के डीन डा. रंगनाथ एमजी ने अपने संबोधन में कहा कि यह कार्यक्रम विद्यार्थियों के लिए अत्यंत ज्ञानवर्धाक एवं प्रेरणादायक रहा। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के शैक्षणिक एवं सामाजिक कार्यक्रम विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास के साथ-साथ उनके व्यावसायिक ज्ञान को भी समृद्ध करते हैं।

# घोड़ा-बग्गी से जनता के बीच पहुंचे विधायक

## पेट्रोल बचाने का अनोखा संदेश

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**धामपुर।** पेट्रोल बचाने और वैकल्पिक साधनों के उपयोग को लेकर चल रही चर्चाओं के बीच धामपुर विधानसभा क्षेत्र से एक अलग तस्वीर सामने आई है। क्षेत्रीय विधायक अशोक राणा ने इस बार अपने पारंपरिक वाहन काफिले की बजाय घोड़ा-बग्गी से क्षेत्र भ्रमण कर लोगों का ध्यान आकर्षित किया। विधायक का यह अंदाज चर्चा का विषय बना रहा और रास्ते में लोगों ने इसे उत्सुकता के साथ देखा। विधायक अशोक राणा जब घोड़ा-बग्गी पर सवार होकर क्षेत्र में निकले तो राहगीर कुछ देर के लिए ठहर गए। आमतौर पर गाड़ियों के काफिले के साथ नजर आने वाले विधायक को इस अंदाज में देखकर लोगों में चर्चा शुरू हो गई। कई लोगों ने इसे सादगी और अलग संदेश के रूप में देखा। बताया जा रहा है कि विधायक का यह कदम ईंधन बचत और जनसंपर्क के प्रतीकात्मक संदेश के तौर पर देखा जा रहा है। क्षेत्रीय लोगों का कहना है कि जनप्रतिनिधि का इस तरह आम लोगों के बीच अलग अंदाज में पहुंचना अपने आप में खास रहा। इस दौरान विधायक के साथ उनके राजनीतिक सहयोगी नीरज प्रताप भी मौजूद रहे। रास्ते भर लोगों ने उनका अभिवादन किया और कई स्थानों पर इस अनोखे काफिले को देखने के लिए भीड़ भी नजर आई।



धामपुर क्षेत्र में विधायक का यह अंदाज दिनभर चर्चा का विषय बना रहा। सोशल मीडिया पर भी इस दृश्य की तस्वीरें और वीडियो तेजी से साझा किए जा रहे हैं, जहां लोग अपनी-अपनी प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं।

# गर्म हवा व लू से बचाव को एडवाइजरी जारी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**
**बिजनौर।** डीएम जसजीत कौर के निर्देशों के क्रम में एडीएम वित्त एवं राजस्व वान्या सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट में 'हीटवेव' लू प्रकोप से बचाव के संबंध में बैठक आयोजित हुई।

एडीएम (वि/रा)/प्रभारी/ नोडल अधिकारी आपदा ने बताया कि हीटवेब (लू) से बचाव के लिए संबंधित विभाग ससमय अपनी अपनी तैयारियां पूरी करना सुनिश्चित करें।

एडीएम ने उपस्थित अधिकारियों को समय-समय पर उनके द्वारा हीट वेव से बचाव हेतु विभागवार दायित्व जारी कर निर्देशन दिए गए हैं, जो जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा एडवाइजरी जारी कर लू से बचाव के उपाय, लक्षण एवं उपचार आदि के बारे में बताया गया है। एडीएम ने अपील करते हुए कहा है कि जन-सामान्य लू से बचाव को लेकर बताये उपायों को अमल में लायें और अपना बचाव करें।

बैठक के दौरान जिला आपदा विशेषज्ञ प्रशांत श्रीवास्तव ने बचाव के तरीके बताते हुए कहा कि गर्म हवाओं से बचने के लिए खिड़की को रिफ्लेक्टर जैसे एलुमिनियम पन्नी, गत्ते आदि से ढककर रखें', ताकि बाहर की गर्मी को अंदर आने से रोका जा सके। उन खिड़कियों व दरवाजों पर, जिनसे दोपहर के समय गर्म हवाएं आतीं हैं, काले परदे लगाकर रखना चाहिए। स्थानीय मौसम के पूर्वानुमान को रेडियो व अन्य संसाधनों के माध्यम से सुनें और आगामी तापमान में होने वाले परिवर्तन के प्रति सजग रहें। आपात स्थिति से निपटने के लिए प्राथमिक उपचार का प्रशिक्षण लें। बच्चों तथा पालतू जानवरों को कभी भी बन्द वाहन में अकेला न छोड़ें। जहां तक सम्भव हो घर में ही रहें तथा सूर्य के ताप से बचें। सूर्य के ताप से बचने के लिए जहां तक संभव हो घर की निचली मंजिल पर रहें। संतुलित, हल्का व नियमित भोजन करें। मादक पेय पदार्थों का सेवन न करें। घर से बाहर अपने शरीर व सिर को कपड़े या टोपी से ढककर रखें।

उन्होंने बचाव के बारे में बताते हुए कहा कि धूप में खड़े वाहनों में बच्चों या पालतू जानवरों को न छोड़ें। खाना बनाते समय घर के खिड़की दरवाजे आदि खुले रखें जिससे हवा का आना जाना बना रहे। नशीले पदार्थों, शराब अथवा अल्कोहल से बचें। उच्च प्रोटीनयुक्त खाद्य पदार्थों का अधिक से अधिक सेवन करें तथा बासी भोजन कतई न इस्तेमाल करें इसके साथ ही संतुलित व हल्का आहार लें।

दोपहर के समय यदि बहुत आवश्यक हो तभी घर से धूप में बाहर निकलें अन्यथा धूप में जाने से बचें और यदि जाना ही पड़े तो सिर को जरूर ढकें। घर में पेय पदार्थ जैसे लस्सी, छांछ, मट्ठा, बेल का शर्बत, नमक चीनी का घोल, नीबू पानी या आम का पना आदि का प्रयोग करें। उन्होंने बताया कि अभी आगे गर्मी का प्रकोप और बढ़ेगा इसलिए गर्मी से बचाव के लिए विभिन्न उपायों को अपनाना चाहिए।

**'कब लगती है लू'**

गर्मी में शरीर के द्रव्य बॉडी फ्लूड सूखने लगते हैं। शरीर में पानी, नमक की कमी होने पर लू लगने का खतरा ज्यादा रहता है। शराब की लत, हृदय रोग, पुरानी बीमारी, मोटापा, पार्किंसंस रोग, अधिक उम्र, अनियंत्रित मधुमेह वाले व्यक्तियों को लू से विशेष बचाव करने की जरूरत है' इसके अलावा डॉययूरेटिक, एंटीस्टिमिनक, मानसिक रोग की औषधि का उपयोग करने वाले व्यक्ति भी लू से सावधान रहें।

**'लू के लक्षण'**

गर्म, लाल, शुष्क त्वचा का होना, पसीना न आना, तेज पल्स होना, उल्टे श्वास गति में तेजी, व्यवहार में परिवर्तन, भ्रम की स्थिति, सिरदर्द, मिचली, थकान और कमजोरी का होना या चक्कर आना, मूत्र न होना अथवा इसमें कमी आदि मुख्य लक्षण हैं।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**16 राज्यों...** पूरा देश इसमें कवर हो जाएगा। आयोग के मुताबिक, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में मतदाता सूची के कार्यक्रम की घोषणा बाद में की जाएगी, जिसमें बर्फ से ढके क्षेत्रों में मौसम की स्थिति को ध्यान में रखा जाएगा। चुनाव आयोग ने कहा कि मतदाता सूची के तीसरे चरण में दिल्ली को शामिल किया जाएगा, जहां 7 अक्टूबर को अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित की जाएगी। विशेष गहन पुनरीक्षण के तीसरे चरण में 16 राज्य आंध्र प्रदेश, अरुणाचल प्रदेश, ओडिशा, हरियाणा, पंजाब, उत्तराखंड, झारखंड, महाराष्ट्र, मिजोरम, मणिपुर, मेघालय, कर्नाटक, तेलंगाना, सिक्किम, नागालैंड और त्रिपुरा और तीन केंद्र शासित प्रदेश दिल्ली, चंडीगढ़, दादर नगर हवेली और दमन-दीव शामिल होंगे। मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण- एसआईआर का दूसरा चरण नौ राज्यों और तीन केंद्र शासित प्रदेशों में 4 नवम्बर 2025 से किया गया था। इस चरण में छत्तीसगढ़, गोवा, गुजरात, केरल, मध्य प्रदेश, राजस्थान, तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, पुडुचेरी, लक्षद्वीप, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में एसआईआर किया गया। इनमें से चुनावी राज्य तमिलनाडु, पुडुचेरी, केरल और पश्चिम बंगाल शामिल थे। जबकि एसआईआर के पहले चरण में सिर्फ बिहार में मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण किया गया था।

**दिल्ली में...** से समय पूछा, तो आरोपियों ने जवाब देने के बजाय उसे जबरदस्ती बस के अंदर खींच लिया। पीड़िता के अनुसार, जैसे ही उसे बस में घसीटा गया, आरोपियों ने दरवाजा बंद कर दिया और चालक को बस चलाने का निर्देश दिया। चलती बस के अंदर, दो लोगों ने उसके साथ बार-बार बलात्कार किया। यह त्रासद घटना लगभग 7 किलोमीटर तक नांगलोई मेट्रो स्टेशन तक जारी रही। लगभग दो घंटे तक यौन उत्पीड़न करने के बाद, आरोपियों ने उसे खून से लथपथ हालत में रात करीब 2 बजे सड़क पर फेंक दिया और फरार हो गए। हमले के तुरंत बाद पीड़िता ने पुलिस को फोन किया। पहली कॉल नांगलोई पुलिस स्टेशन को गई, लेकिन चूंकि अपराध स्थल रानी बाग पुलिस स्टेशन के अंतर्गत आता था, इसलिए मामला स्थानांतरित कर दिया गया। एक महिला सब-इंस्पेक्टर पीड़िता को बाबासाहेब अंबेडकर अस्पताल ले गईं, जहां चिकित्सा जांच में सामूहिक बलात्कार की पुष्टि हुई। डाक्टरों ने पीड़िता की गंभीर हालत को देखते हुए उसे अस्पताल में भर्ती होने की सलाह दी, लेकिन उसने इन्कार कर दिया। उसने बताया कि उसके पति को टीबी है और वे घर पर ही रहते हैं। दंपति की तीन बेटियां हैं, जिनकी उम्र 8, 6 और 4 साल है। अस्पताल में भर्ती होने पर बच्चों का पेट कौन भरेगा, इस चिंता में उसने गंभीर चोटों के बावजूद घर पर ही इलाज कराने का विकल्प चुना। पुलिस ने बिहार रजिस्ट्रेशन नंबर वाली बस को जब्त कर लिया है। बस मालिक से संपर्क कर लिया गया है और चालक के साथ-साथ दो मुख्य आरोपियों की पहचान कर ली गई है। बस के रूट और आरोपियों की गतिविधियों का पता लगाने के लिए इलाके के सीसीटीवी फुटेज की भी समीक्षा की जा रही है। पुलिस अधिकारी ने पुष्टि की कि बस के अंदर पर्दे लगे हुए थे, जिससे बाहर से कुछ भी दिखाई नहीं दे रहा था। बस के अंदर से सबूत इकट्ठा करने के लिए एक फॉरेंसिक टीम को बुलाया गया है। बस को जब्त कर लिया गया है और आरोपियों की तलाश जारी है।

# होसबले के पाक से बातचीत संबंधी बयान का किया स्वागत

**श्रीनगर, वार्ता**



■ नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला बोले- युद्ध कोई विकल्प नहीं है

जम्मू-कश्मीर नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला ने गुरुवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबले के पाकिस्तान के साथ बातचीत करने वाले बयान का स्वागत किया है।

अब्दुल्ला ने कहा कि यह इस बढ़ती हुई समझ को दर्शाता है कि अब युद्ध कोई विकल्प नहीं रहा। गौरतलब है कि होसबले ने हाल ही में कहा था कि भारत को सीमा पार आतंकवाद का कड़ाई से जवाब देना चाहिए, लेकिन साथ ही पाकिस्तान के साथ बातचीत के दरवाजे भी खुले रखने चाहिए। अब्दुल्ला ने यहां संवाददाताओं से बातचीत करते हुए कहा कि यह एक बहुत बड़ा कदम है। होसबले ने कहा है कि पाकिस्तान के साथ बातचीत होनी चाहिए और आज पूर्व सेना प्रमुख ने भी उनके बयान का समर्थन किया है। उन्होंने कहा कि मुझे खुशी है कि अब कोई यह सोच रहा है कि युद्ध कोई विकल्प नहीं है। यह बातचीत का मामला है और बातचीत के जरिए ही हमें अपनी समस्याओं का हल निकालना चाहिए। अब्दुल्ला जम्मू-कश्मीर के दूसरे ऐसे बड़े राजनीतिक नेता बन गए हैं, जिन्होंने पाकिस्तान के साथ बातचीत की वकालत करने वाले होसबले के बयान का स्वागत किया है। इससे पहले पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी की अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने बुधवार को कहा था कि भारत और पाकिस्तान के बीच बातचीत का कोई विकल्प नहीं है। उन्होंने कहा था कि जम्मू-कश्मीर में स्थाई शांति के लिए दोनों देशों के बीच लगातार संपर्क जरूरी है। होसबले की इस टिप्पणी ने वर्षों से चले आ रहे तनावपूर्ण संबंधों, सीमा पर तनाव और औपचारिक द्विपक्षीय बातचीत के निलंबन के बाद भारत-पाकिस्तान संबंधों को लेकर राजनीतिक और रणनीतिक हलकों में एक नई बहस छेड़ दी है। पूर्व केंद्रीय मंत्री अब्दुल्ला ने उम्मीद जताई है कि आज दिल्ली में शुरू हो रही ब्रिक्स की बैठक पश्चिम एशिया में शांति को बढ़ावा देने में अहम भूमिका निभाएगी। उन्होंने कहा कि मुझे बहुत खुशी है कि ब्रिक्स की बैठक हो रही है और हमें उम्मीद है कि पश्चिम एशिया में शांति होगी। मुझे उम्मीद है कि ब्रिक्स भी इस पर दबाव डालेगा।ष बड़ी ताकतों से जुड़े चल रहे कूटनीतिक प्रयासों का जक्रि करते हुए उन्होंने कहा कि मुझे खुशी है कि अमेरिकी राष्ट्रपति चीन में हैं। मुझे यकीन है कि चीन भी अपनी भूमिका निभाएगा, ताकि शांति बनी रहे। जब उनसे प्रधानमंत्री और अन्य मंत्रियों के काफिले के आकार में की गई कटौती के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने कहा कि यह एक अच्छा कदम है। उन्होंने कहा, ष्मुझे लगता है कि यह बहुत अच्छा है और इससे पता चलता है कि हमारे पास ईंधन की कमी है और जाहिर है, जब कमी है तो हमें उसे पूरा करना होगा। मुझे यकीन है कि हर कोई अपने काफिले का आकार कम करेगा।

## बाइस साल में 54 बार विदेश यात्रा पर गए राहुल: भाजपा

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी ने लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी पर सुरक्षा नियमों की अनदेखी करने और वित्तीय अनियमितता का आरोप लगाया है तथा सवाल किया है कि उनके विदेश दौरे का खर्च कौन उठाता है। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं लोकसभा सांसद संबित पात्रा ने गुरुवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए गांधी के विदेश दौरे का ब्योरा दिया और कहा कि सार्वजनिक जीवन में रहते हुए गांधी पिछले 22 वर्ष में 54 बार विदेश यात्रा पर गए और इन दौर पर 64 करोड़ रुपये से अधिक खर्च आया, जो एक बड़ी जांच का विषय है। उन्होंने बताया कि गांधी ने जिन देशों के दौरे किए, उनमें इटली, ब्रिटेन, अमेरिका, जर्मनी, वियतनाम, कंबोडिया, सिगापुर, बहरीन, मालदीव, कतर, संयुक्त अरब अमीरात जैसे देश शामिल है।

# बार-बार बारिश से भट्टों का बैठ रहा भट्टा

## ईंट भट्टा संचालकों को उठाना पड़ रहा नुकसान, मजदूरों के सामने भी रोजी-रोटी का संकट

**समीउल्लाह**

**बिजनौर।** अप्रैल और मई माह को भीषण गर्मी के लिए जाना जाता है। लेकिन जिस तरह से बार-बार मौसम का मिजाज बदल रहा है और बारिश पड़ रही है, उससे गर्मी का अहसास पहले की तरह नहीं हो पा रहा है।

इस बारिश से सबसे ज्यादा नुकसान ईंट भट्टा संचालकों को हो रहा है। मजदूर मिट्टी तैयार कर ईंट बनाते है। लाखों की संख्या में कच्ची ईंटें तैयार की जा रही हैं। लेकिन पकाने के लिए आग तक पहुंचने से पहले यह ईंटें बारिश की वजह से खराब हो रही हैं। बीती रात एवं इससे पूर्व हुई बारिश की वजह से जनपद के भट्टों पर रखी कच्ची ईंटें करोड़ों की संख्या में खराब हो चुकी हैं। जिससे ईंट भट्टा संचालकों को नुकसान हुआ है। जिन ईंट भट्टा संचालकों ने ईंट तैयार करने वाले मजदूरों को भुगतान कर दिया था, उन्हें सबसे ज्यादा नुकसान पहुंचा है। जहां पर मजदूरों ने काम पूरा नहीं किया था, वहां पर उन्हें नुकसान पहुंचा है। जिन ईंटों पर बारिश का असर पहुंच जाता है, उसकी क्वालिटी भी घट जाती है और ग्राहक इन ईंटों को खरीदने से बचते हैं। ईंट भट्टा संचालकों को बारिश से प्रभावित ईंटें कम दामों पर बेचनी पड़ती हैं। अगर इसी तरह कुछ दिनों के अंतराल में बारिश होती रही, तो भट्टा संचालकों को काफी नुकसान पहुंचेगा और इसका असर यह होगा कि वह ईंट के दामों में इजाफा कर देंगे। जिसकी सीधी मार ग्राहकों पर पड़ेगी। कई भट्टा संचालकों ने तो ईंट के दामों में इजाफा कर भी दिया है। वह अपनी ईंटों को अच्छी बता कर नुकसान का हवाला दे रहे है।

दूसरी तरफ जनपद में प्रशासन ईंट भट्टा संचालकों पर नियंत्रण नहीं कर पा रहा है। न तो खनन विभाग और न ही प्रदूषण नियंत्रण विभाग ईंट भट्टों पर नियमों का पालन करा पा रहे हैं। इन विभागों के अधिकारी न तो ईंट भट्टों पर जाकर मौके की जांच करते है और न ही रिकार्ड देखा जाता है। सूत्रों के मुताबिक अधिकारियों को ईंट भट्टों से मोटा फीलगुड होता है।





# मोदी गुमराह न कर, अपने विदेश दौरे करें बंद : काजी



**पूर्व सांसदों व विधायकों की बंद की जाए पेंशन**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** सामाजिक चिंतक काजी जियाउर्रहमान ने कहा कि अगर खर्चों में कटौती करनी है, तो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को अपने बेतहाशा विदेश के दौरे बंद कर मंत्रियों के वेतन, भत्ते व अन्य सुविधाओं में कटौती करनी चाहिए।

उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की देश की जनता से अपील, जिसमें उन्होंने कहा था कि एक साल तक कोई भी ब्याह शादी या खुशी के मौके पर सोना न खरीदें और कहीं आने जाने में पेट्रोल व डीजल की बचत करें, साथ ही अपने खाने पीने में भी कटौती करें, उस को लेकर सवाल खड़े किए है। उन्होंने सवाल करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आखिरकार इससे क्या संदेश देना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि अगर कटौती करनी है, तो वह अपने विदेश भ्रमण में कटौती करें अपने मंत्री, सांसदों एवं विधायकों को आह्वान करें कि रिक्शा में विधान सभा और संसद जाएं। सांसदों व विधायकों का वेतन व अन्य भत्तें कम किए जाए। पूर्व सांसदों व पूर्व विधायकों की पेंशन बंद की जाए। फिर देखेंगे कि इस संकट काल का पता भी नहीं चलेगा। उन्होंने सवाल करते हुए कहा कि बेचारी गरीब जनता को क्यों हर संकट झेलना पड़े। देश को अगर पटरी पर रखना है, तो काला बाजारी पर नकेल कसनी पड़ेगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी देश को गुमराह कर रहे है। उन्हें सबसे पहले अपनी पार्टी के मंत्रियों व अन्य जनप्रतिनिधियों को नसीहत देनी चाहिए। अपने पूंजीपति मित्रों को नसीहत देनी चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सबसे पहले खुद साबित करके दिखाए कि वह राष्ट्र के लिए क्या योगदान दे रहे हैं।

# ओवरटेक करने के चक्कर में कार गहरी खाई में पलटी



**क्षेत्र की उपेक्षा कर रहे जनप्रतिनिधि**

**फरीद खान एड.**

**बढ़ापुर।** नगीना मार्ग पर बस को ओवरटेक करने के चक्कर में एक कार सड़क किनारे गहरी खाई में पलट गई। हादसे में कार चालक घायल हो गया।

प्राप्त समाचार के अनुसार स्थानीय मौहल्ला सत्तियान निवासी वंश प्रजापति पुत्र महेंद्र सिंह आज सुबह अपनी कार से सिलाई मशीन ठीक कराने के लिए नगीना जा रहा था। नगीना मार्ग पर खो नदी के पुल से पहले चालक ने कार को आगे चल रही बस को ओवरटेक करने के चक्कर में तेजी से दौड़ा दिया। इस बीच असंतुलित होते हुए कार कई पलटी खाती हुई सड़क किनारे खाई में जा गिरी। हादसे में चालक को मामूली चोटें आई और कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई।

उधर से गुजर रहे राहगीरों ने चालक को कार से बाहर निकाला और बढ़ापुर में एक निजी चिकित्सक से उपचार दिलाया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घटना के बारे में जानकारी कर क्षतिग्रस्त कार को थाने ले आई। सौभाग्य से चालक की जान बच गई।

गौरतलब है कि भाजपा सरकार में बढ़ापुर के विकास की तरफ बिल्कुल भी ध्यान नहीं दिया जा रहा है। एक तरफ कस्बे के बीचोबीच काफी पतली सड़क है। एक साथ दो वाहन नहीं गुजर पाते हैं। जब आमने-सामने से वाहन आ जाते है, तो वह फंस जाते है और जाम लग जाता है। आज तक बढ़ापुर की इस प्रमुख समस्या के समाधान के लिए जनप्रतिनिधियों व सरकार के द्वारा कोई प्रयास नहीं किया गया। इसके साथ ही बढ़ापुर-नगीना मार्ग भी काफी सकरा है। दो वाहनों को एक साथ गुजरने में दिक्कत होती है। सरकार के द्वारा मार्ग का चौड़ीकरण नहीं कराया जा रहा है। जनप्रतिनिधियों के द्वारा क्षेत्र की उपेक्षा की जा रही है। जिसकी वजह से आएदिन हादसे होते रहते हैं।

# मंत्री पद की घोषणा से भाजपा खेमे में जश्न

**मिठाईयों के साथ नगर में गूंजे नारे**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** मंत्रिमंडल विस्तार के तहत जनपद के एक नेता को राज्यमंत्री बनाए जाने की खबर सामने आते ही भाजपा कार्यकर्ताओं में उत्साह की लहर दौड़ गई। जैसे ही यह सूचना पहुंची, पार्टी कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया और जोरदार जश्न मनाया। कार्यकर्ताओं का कहना है कि यह उपलब्धि पूरे जिले के लिए सम्मान की बात है।

भाजपा कार्यकर्ताओं ने कहा कि राज्यमंत्री बनने से जिले में संगठन को नई मजबूती मिलेगी। नेताओं का मानना है कि इस निर्णय से स्थानीय स्तर पर विकास कार्यों को और गति मिलेगी और कार्यकर्ताओं का मनोबल भी बढ़ेगा। कई कार्यकर्ताओं ने इसे पार्टी के लिए बड़ा राजनीतिक संदेश बताया। कार्यकर्ताओं ने जानकारी दी कि नवनियुक्त राज्यमंत्री जल्द ही जनपद बिजनौर का दौरा करेंगे। उनके आगमन को लेकर भव्य स्वागत समारोह की तैयारी शुरू कर दी गई है। पार्टी कार्यकर्ताओं का कहना है कि यह कार्यक्रम बड़े स्तर पर आयोजित किया जाएगा, जिसमें क्षेत्रीय जनता और समर्थक भी शामिल होंगे।

कार्यकर्ताओं ने यह भी कहा कि नवनियुक्त मंत्री ने कठिन परिस्थितियों में भी संगठन और कार्यकर्ताओं के साथ खड़े रहकर मदद की है। इसी वजह से उन्हें यह जिम्मेदारी मिलने पर क्षेत्र में खुशी का माहौल है। लोगों का मानना है कि उनका अनुभव और नेतृत्व क्षमता जनपद के विकास में अहम भूमिका निभाएगा।

इस मौके पर जिला अध्यक्ष अनुसूचित जाति मोर्चा सुधीर कुमार भुईयार ने कहा कि मंत्रिमंडल में शामिल होने से पार्टी और अधिक मजबूत होगी। उन्होंने कहा कि यह निर्णय संगठन के लिए सकारात्मक दिशा तय करेगा और सभी कार्यकर्ताओं को नई ऊर्जा देगा।

जश्न के दौरान जिला महामंत्री बलराज त्यागी, मंडल अध्यक्ष वरुण आत्रेय, आशीष सिंघल, चौ. योगेंद्र सिंह, कोमल, अरविंद धीमान, ऋतिक, तनिष्क कुमार, कोमल कुमार हल्दिया, दीपक वाल्मीकि और शोभित चौधरी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

कार्यकर्ताओं का कहना है कि यह केवल जश्न का अवसर नहीं, बल्कि जनपद के विकास की नई शुरुआत भी है। अब सभी की निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि नवनियुक्त राज्यमंत्री अपने क्षेत्र के लिए क्या नई योजनाएं लेकर आते हैं और विकास की गति को कैसे आगे बढ़ाते हैं।

# एक नजर

## संविदाकर्मियों ने मांगा मानदेय



**बिजनौर।** उ.प्र. राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन संविदा कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष डॉ. विशाल कुमार एवं जिला मंत्री गगन कुमार शर्मा के नेतृत्व में कर्मचारियों ने आज मुख्य चिकित्सा अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि एनएचएम संविदा कर्मचारियों को मार्च 2026 से मानदेय का भुगतान नहीं किया गया है। जिसकी वजह से कर्मचारियों एवं उनके आश्रित परिजनों को गंभीर आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है। विद्यालयों में नया शैक्षणिक सत्र शुरू हो चुका है। लेकिन कर्मचारी अपने बच्चों को कोर्स व ड्रेस नहीं दिला पा रहे है। साथ ही स्कूल की फीस भी जमा नहीं हो पा रही है। जिसकी वजह से बच्चे तनाव में है। ज्ञापन में कहा गया कि अगर बीस मई तक कर्मचारियों को दो माह का लम्बित मानदेय भुगतान नहीं किया जाता है, तो 21 मई से कार्य बहिष्कार किया जाएगा।

## पुलिस व्यवस्था में बदलाव

**बिजनौर।** एसपी अभिषेक ने छह उपनिरीक्षकों को पुलिस लाइन से विभिन्न थानों में तैनात किया है। कुलवीर सिंह को नजीबाबाद की साहनपुर चौकी का प्रभारी बनाया गया है। सुभाष चंद्र शहर कोतवाली की सिविल लाइन चौकी का प्रभारी बनाया गया है। विनोद कुमार को थाना हीमपुर भेजा गया है। जबकि महेश कुमार, अरविंद भट्ट एवं कमल सिंह को थाना अफजलगढ़ भेजा गया है।

## आज बाबा टिकैत की पुण्य तिथि

**बिजनौर।** भारतीय किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष सुनील प्रधान एवं मुख्य जिला महासचिव मुकेश जंघाला ने बताया कि कल (आज) बाबा महेन्द्र सिंह टिकैत की 15वीं पुण्य तिथि को जल, जंगल, जमीन व पर्यावरण बचायो संकल्प दिवस के रूप में मनाया जाएगा। इस मौके पर बिजनौर स्थित गन्ना समिति कार्यालय परिसर में कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। उन्होंने सभी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं से निर्धारित समय पर कार्यक्रम में पहुंचने का आह्वान किया है।

## नहटौर में बदमाश लवकुश गिरफ्तार

**बिजनौर।** नहटौर पुलिस ने बदमाश लवकुश पुत्र वीर सिंह निवासी ग्राम करीमपुर मुबारक को हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। लवकुश के खिलाफ नहटौर थाने में छह मुकदमे पंजीकृत है। उसके खिलाफ गैंगस्टर एक्ट में भी कार्यवाही हो चुकी है।

## जंदरपुर के रमजानी को दबोचा

**बिजनौर।** शहर कोतवाली थाने में 14 अप्रैल को वादिनी ने तहरीर दी थी कि ग्राम जंदरपुर निवासी रमजानी पुत्र शौकीन शाह ने उसके व उसकी मां के ऊपर जान से मारने की नीयत से लोहे की रॉड से हमला किया। पुलिस ने रमजानी को गिरफ्तार कर लिया है।

## टिक्कोपुर का बदमाश जावेद अरेस्ट

**बिजनौर।** शहर कोतवाली पुलिस ने ग्राम तरीकमपुर रूपचंद उर्फ टिक्कोपुर के बदमाश जावेद पुत्र जाहिद को हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। जावेद के खिलाफ विभिन्न धाराओं में 19 मुकदमे पंजीकृत है। जिसमें आर्म्स एक्ट व एनडीपीएस एक्ट के मुकदमे भी है।

## चांदपुर में फैजान गिरफ्तार

**बिजनौर।** चांदपुर पुलिस ने मौहल्ला काजी सराय निवासी फैजान उर्फ फैजा पुत्र बुन्दुवा को हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। चांदपुर के मौहल्ला शाहचंदन निवासी शाहवेज पुत्र यूनुस ने फैजान सहित तीन के खिलाफ मुकदमे में गवाही न देने के लिए धमकाने एवं फैसले के लिए दबाव बनवाने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

# पूर्व सांसद रोडवेज बस से पहुंचे नजीबाबाद

## बोले- जनप्रतिनिधि खुद सादगी दिखाएं, तभी लोग करेंगे पालन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** पूर्व सांसद भारतेन्द्र सिंह ने सार्वजनिक परिवहन को बढ़ावा देने और ईंधन बचत का संदेश देने के लिए रोडवेज बस से नजीबाबाद तक यात्रा की। उनकी यह पहल दिनभर लोगों के बीच चर्चा का विषय बनी रही।

पूर्व सांसद भारतेन्द्र सिंह डीएम कार्यालय से ई-रिक्शा के जरिए बस अड्डे पहुंचे। यहां से उन्होंने नजीबाबाद जाने वाली रोडवेज बस में सामान्य यात्रियों की तरह टिकट लेकर सफर किया। उन्होंने कहा कि उनका उद्देश्य आम जनता को सार्वजनिक परिवहन के उपयोग के लिए प्रेरित करना है। जनप्रति. निधियों को खुद सादगी और जिम्मेदारी का उदाहरण पेश करना चाहिए।

भारतेन्द्र सिंह ने कहा कि खाड़ी देशों में युद्ध जैसे हालात बनने से वैश्विक स्तर पर तेल संकट गहराने की आशंका है। ऐसे समय में ईंधन बचत बेहद जरूरी हो गई है। उन्होंने कहा कि आम जनता अपने जनप्रतिनिधियों से सादगी की अपेक्षा करती है। जब नेता खुद सार्वजनिक वाहनों का इस्तेमाल करेंगे, तभी लोग भी उससे प्रेरित होंगे।

पूर्व सांसद ने कहा कि प्रधानमंत्री छंतमदकत डवकप भी जनप्रतिनिधियों और मंत्रियों से अपने काफिले सीमित रखने और अनावश्यक वाहनों के प्रयोग से बचने की अपील कर चुके हैं। उन्होंने लोगों से रसोई गैस और अन्य ईंधनों के इस्तेमाल में भी किफायत बरतने की अपील की। भारतेन्द्र सिंह ने कहा कि उनका मकसद सिर्फ जनता को जागरूक करना है, लेकिन विपक्षी दल इस मुद्दे पर भी दुष्प्रचार की राजनीति कर रहे हैं। उन्होंने इसे दुर्भाग्यपूर्ण बताया।

# एक नजर

## किरतपुर में लक्की गिरफ्तार

**बिजनौर।** किरतपुर पुलिस ने थाना कोतवाली देहात के ग्राम बेगमपुर शादी उर्फ रामपुर निवासी लक्की पुत्र आशाराम को हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। ग्राम बुढ़पुर नैन सिंह निवासी नीतीश कुमार पुत्र भोपाल ने अभियुक्तों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

## युवक की सऊदी अरब में मौत


**मंडावर।** सऊदी अरब में नौकरी कर रहे युवक की हार्ट अटैक से मौत हो गई। जिसके बाद उसके परिवार पर गमों का पहाड़ टूट पड़ा। मौहल्ला फराशटोली निवासी जावेद अहमद (30 वर्ष) पुत्र रईस अहमद करीब चार वर्षों से सऊदी अरब के रियाद में नौकरी करता था। बताते हैं कि बुधवार देर शाम वह ड्यूटी से अपने रूम पर पहुंचा और नहाने के लिए बाथरूम में गया। इस दौरान उसको हार्ट अटैक पड़ गया और वह बाथरूम में ही गिर गया। उसके गिरने की आवाज सुनकर पास के रूम वाले उसके साथी दौड़ आए और उन्होंने जावेद की हालत देख कर उसे तत्काल नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों ने जावेद को मृतक घोषित कर दिया। मृतक की भी शादी नहीं हुई थी। वह अपने घर में एक भाई से छोटा था। कई वर्षों पूर्व माता-पिता का भी देहांत हो गया था। उसकी मौत की खबर सुनकर परिवार में कोहराम मच गया और कस्बे में शोक की लहर दौड़ गई। मृतक जावेद कुशल व्यवहार का युवक था। जिसकी वजह से शोक संवेदना देने वालों का उसके घर पर तांता लग गया। बताते हैं कि जावेद को वहीं सऊदी अरब में सुपुर्द ए खाक किया गया है।

## पुलिस सेवा के साथ समाज सेवा

**नजीबाबाद।** जीआरपी थानाध्यक्ष कमल किशोर पुलिस सेवा के साथ-साथ समाज सेवा में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। वे अपराधियों पर नकेल कसने और अपराध नियंत्रण में अहम योगदान देने के साथ-साथ मानवीय संवेदना भी दिखाते हैं। कमल किशोर समय-समय पर गरीब, बेसहारा और मजबूर लोगों की मदद करते रहते हैं। उनका मानना है कि पुलिस केवल कानून व्यवस्था बनाए रखने तक ही सीमित नहीं है, बल्कि समाज की सेवा में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। इस तरह के कार्य आमजन में पुलिस के प्रति विश्वास बढ़ाते हैं। थानाध्यक्ष कमल किशोर उच्चाधिकारियों द्वारा चलाए जा रहे अपराध उन्मूलन अभियानों में भी सक्रिय भूमिका निभाते हैं। उल्लेखनीय है कि उन्होंने कई बार अपनी जान जोखिम में डालकर लोगों की जान बचाई है, जिससे समाज में एक अलग मिसाल कायम हुई है। कमल किशोर के अनुसार, पुलिस समाज का एक अभिन्न अंग है। ऐसे सामाजिक कार्यों से जनता और पुलिस के बीच विश्वास और सहयोग की भावना मजबूत होती है।

# पाधोई नदी से मैली हो रही राम गंगा

**डाला जा रहा फैक्ट्रियों का कैमिकल युक्त गंदा पानी**



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** नगीना व धामपुर तहसील क्षेत्र में बहने वाली पाधोई नदी में फैक्ट्रियों का कैमिकल युक्त गंदा पानी डाला जा रहा है। जिससे इस नदी में मौजूद सभी मछलियां व अन्य जीव मर चुके हैं।

प्राप्त समाचार के अनुसार पाधोई नदी नगीना व धामपुर तहसील क्षेत्र में बहती है। यह नदी, शेरकोट से पहले खो नदी में जा कर मिलती है। इसके बाद खो नदी, आगे चल कर राम गंगा नदी में मिल जाती है। राम गंगा नदी का मिलन गंगा नदी में होता है। पूर्व में पाधोई नदी का पानी बेहद साफ और पीने योग्य था। इसके पानी में धोबी कपड़े धोते थे और शिकारी मछली पकड़ते थे। पशुओं को भी जंगल में इसी नदी का पानी पिलाया जाता था। लेकिन आज इस नदी का पानी बेहद प्रदूषित हो गया है। जगह-जगह झाग देखे जा सकते है। पानी में से कैमिकल की तेज दुर्गंध आती है। इस नदी का पानी पी कर कई पशु मर चुके है। जिसके बाद ग्रामीणों ने अपने पशुओं को पाधोई नदी की तरफ ले जाना बंद कर दिया है। नदी में अब मछलियां दिखाई नहीं देती है। न ही अन्य जीव मौजूद हैं। जिस तरह से छोईया नदी का पानी पूरी तरह से प्रदूषित हो चुका है, उसी तरह से पाधोई का पानी भी अब जहरीला हो गया है। इसका सीधा असर रामगंगा नदी और गंगा नदी पर पड़ रहा है। लेकिन प्रदूषण नियंत्रण विभाग के अधिकारी न तो पाधोई नदी में अपनी फैक्ट्रियों का कैमिकल युक्त पानी डालने वाले इनके मालिकों व प्रबंध तंत्र के खिलाफ ठोस कार्यवाही कर रहे है और न ही नदी को प्रदूषण से बचाने के लिए कोई कार्य योजना बनाई गई है। भाजपा सरकार गंगा नदी को गंदगी मुक्त एवं स्वच्छ व निर्मल बनाने का दावा करती है, लेकिन वह इस दिशा में ठोस कदम नहीं उठा रही है। दावें सिर्फ हवाई हैं।

इस संबंध में ग्रामीण पूर्व में कई बार आवाज उठा चुके हैं। लेकिन उनकी आवाज को अनसुना कर दिया गया है। ग्रामीण इससे बेहद परेशान है। बताया जाता है कि पाधोई नदी के आसपास के ग्रामों में कैंसर सहित कई तरह की गंभीर बीमारियां फैल रही हैं। जनप्रतिनिधि भी संसद व विधानसभा में इस मुद्दे को नहीं उठाते हैं। जिसका खामियाजा ग्रामीण भुगत रहे हैं।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
'शाह टाइम्स'
की शत-प्रतिशत गारंटी
खबरें छुपाता नहीं, छापता है
मोबाइल नम्बरः- 9927777377
samiullah.bijnor@gmail.com

# सेंटमैरी स्कूल का छात्र संदिग्ध अवस्था में लापता



## पुलिस को दी गुमशुदगी की सूचना परिजनों में हड़कंप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** नगर के प्रतिष्ठित सेंट मैरी स्कूल के एक छात्र के लापता होने की सूचना से परिवार, स्कूल प्रशासन और क्षेत्र में चिंता का माहौल है। लापता छात्र की पहचान एकाग्र राज सिंह के रूप में हुई है। छात्र के अचानक गायब होने के बाद परिजनों ने पुलिस को गुमशुदगी की सूचना देकर तलाश शुरू कराई है।

बताया जाता है कि छात्र के लापता होने के बाद सेंट मैरी स्कूल की शिक्षिकाओं ने भी अपने सोशल मीडिया स्टेटस के माध्यम से छात्र की फोटो और जानकारी साझा करते हुए लोगों से उसे खोजने में सहयोग की अपील की है। जारी संदेश में छात्र के संबंध में कोई भी जानकारी मिलने पर तुरंत परिवार या स्कूल प्रशासन से संपर्क करने का अनुरोध किया गया है।

परिजनों के अनुसार छात्र के अचानक लापता होने से वह बेहद परेशान हैं और लगातार उसकी तलाश की जा रही है। सूचना मिलने पर पुलिस ने भी मामले को गंभीरता से लेते हुए छात्र की खोजबीन शुरू कर दी है। परिवार और स्कूल प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि यदि किसी को छात्र के संबंध में कोई जानकारी मिले तो तत्काल पुलिस या परिजनों को सूचित करें।

# हादसे के बाद प्रशासनिक अमले की कुंभकर्णी नींद टूटी

## गंभीर लापरवाही पर बिजली विभाग और स्कूल प्रशासन में भीषण तकरार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** ग्राम हरवंशपुर धारम स्थित संविलियन पूर्व माध्यमिक विद्यालय में सुबह एक बेहद दर्दनाक और रोंगटे खड़े कर देने वाला हादसा सामने आया है। स्कूल परिसर के भीतर बने शौचालय की छत के ठीक ऊपर से गुजर रही 11,000 वोल्ट की हाईटेंशन विद्युत लाइन की रेंज में आने से कक्षा सात का छात्र हरीश बुरी तरह झुलस गया। मासूम छात्र को मौत के मुंह से खींचने की कोशिश में स्कूल के जांबाज अनुदेशक (शिक्षक) राहुल त्यागी भी करंट का जोरदार झटका लगने से घायल हो गए। इस गंभीर हादसे के बाद पूरे क्षेत्र में हड़कंप मच गया और स्थानीय ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा।

घटना के बाद पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड और बेसिक शिक्षा विभाग के बीच जिम्मेदारी को लेकर तीखी तकरार शुरू हो गई है। जहां स्कूल प्रशासन बिजली विभाग पर बरसों की उदासीनता का आरोप लगा रहा है, वहीं बिजली विभाग ने आधिकारिक पत्र जारी कर सीधे स्कूल के प्रधानाध्यापक पर काम रोकने, टीम को बंधक बनाने की कोशिश करने और अपनी गलती छिपाने के लिए बच्चों की जान जोखिम में डालने के बेहद संगीन आरोप लगाए हैं।

चश्मदीदों और स्कूल के मुख्य अध्यापक सलाउद्दीन के अनुसार, बुधवार सुबह करीब 10:30 बजे स्कूल में इंटरवल के दौरान कई बच्चे स्कूल परिसर में खेल रहे थे। इसी दौरान ग्राम खानपुर निवासी कक्षा सात का छात्र हरीश छत पर चढ़ गया और अचानक छत के ऊपर से अत्यधिक नीचे लटक रही 11 केवी लाइन की चपेट में आ गया। बिजली का करंट लगते ही बच्चा चीखते हुए तारों में उलझ गया।

बच्चों के रोने और चिल्लाने की आवाज सुनकर स्कूल के अनुदेशक राहुल त्यागी बिना एक पल गंवाए दौड़ते हुए छत पर पहुंचे। उन्होंने अपनी जान की परवाह न करते हुए छात्र हरीश को तारों के चंगुल से छुड़ाने का प्रयास किया। बिजली के जोरदार झटके ने राहुल त्यागी को भी दूर ले जाकर फेंक दिया, जिससे वे गंभीर रूप से चोटिल हो गए। इसके बावजूद उन्होंने हिम्मत नहीं हारी और दूसरे प्रयास में छात्र को सुरक्षित नीचे उतारा।

हादसे के तुरंत बाद स्कूल स्टाफ और शिक्षक घायल छात्र को लेकर आनन-फानन में नगीना के एक निजी अस्पताल पहुंचे, जहां डॉक्टरों की टीम उसका इलाज कर रही है। डॉक्टरों के अनुसार, छात्र को अगले कुछ घंटे की निगरानी के बाद डिस्चार्ज किए जाने की संभावना है। वहीं, जांबाज शिक्षक राहुल त्यागी का इलाज स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कराया गया।

हादसे के बाद विद्युत वितरण खंड नगीना के अधिशासी अभियंता पुष्पेश कुमार गिरी ने अधीक्षण अभियंता धामपुर को एक बेहद विस्तृत और कड़ा आधिकारिक आख्या पत्र भेजा है। इस रिपोर्ट में बिजली विभाग ने स्कूल प्रशासन को ही इस पूरे हादसे का मुख्य कसूरवार ठहराया है। उनके अनुसार 03 दिसंबर 2025 को विभाग की तकनीकी टीम जब सुरक्षा की दृष्टि से हाईटेंशन लाइन को स्कूल परिसर से हटाने गई थी, तब विद्यालय के प्रधानाध्यापक व अध्यापकों ने सरकारी कार्य का पुरजोर विरोध किया। इतना ही नहीं, उन्होंने स्कूल का मुख्य गेट बंद कर दिया और टीम को अंदर नहीं जाने दिया, जिसके कारण काम अधूरा रह गया। 28 फरवरी 2026 को लाइन हटाने का दोबारा प्रयास किए जाने पर प्रधानाध्यापक ने नया अड़ंगा लगाते हुए दावा किया कि स्कूल की बाउंड्री के बाहर की जमीन भी स्कूल की ही है। उन्होंने क्षेत्रीय लेखपाल द्वारा जमीन के सीमांकन (पैमाइश) होने तक काम शुरू करने से साफ इनकार कर दिया। विभाग के अवर अभियंता (JE) द्वारा 28 फरवरी, 7 अप्रैल और 13 अप्रैल 2026 को लगातार प्रधानाध्यापक से फोन पर संपर्क किया गया, लेकिन उन्होंने हर बार काम कराने से दो टूक मना कर दिया। मौके पर पहुंचे उपखंड अधिकारी (SDO) को स्थानीय ग्रामीणों ने लिखित और मौखिक तौर पर सूचित किया कि स्कूल के प्रधानाध्यापक ने खुद शौचालय का ताला उतारने के लिए छात्र हरीश को जबरन छत पर चढ़ाया था, जिसके कारण यह अघातक दुर्घटना घटी।

अधिशासी अभियंता की रिपोर्ट के मुताबिक, भविष्य में किसी भी हादसे की पूर्ण जिम्मेदारी प्रधानाध्यापक की तय करते हुए विभाग ने पत्रांक 788 (दिनांक 11.02.2026) और पत्रांक 1874 (दिनांक 16.04.2026) के माध्यम से जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, डीएम बिजनौर और खंड शिक्षा अधिकारी कोतवाली को लगातार सूचित किया था। इन सभी चेतावनियों के बावजूद बेसिक शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने अपने स्तर पर प्रधानाध्यापक को काम सुचारू रूप से करने के निर्देश जारी नहीं किए।

बुधवार को हुए इस हादसे के बाद शिक्षा विभाग और प्रशासनिक अमले की कुंभकर्णी नींद टूटी। खंड शिक्षा अधिकारी ने हादसे के बाद मामले को गंभीरता से लेते हुए तुरंत प्रधानाध्यापक को निर्देशित किया। इसके तुरंत बाद, 14 मई 2026 गुरुवार को बिजली विभाग की भारी-भरकम टीम ने स्थानीय पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में ग्रामीणों और स्कूल स्टाफ के कड़े विरोध के बीच आखिरकार उस जानलेवा 11 केवी हाईटेंशन लाइन को स्कूल की छत से हमेशा के लिए स्थानांतरित कर दिया। विभाग की ओर से विद्युत सुरक्षा निदेशालय को नियमानुसार धारा 44-ए के तहत रिपोर्ट भी प्रेषित कर दी गई है। कोतवाली ब्लॉक के खंड शिक्षा अधिकारी इंद्रजीत की अनुपस्थिति में कार्यभार संभाल रहे नजीबाबाद के खंड शिक्षा अधिकारी राजमोहन ने बताया कि संबंधित मामले की जांच रिपोर्ट जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को भेज दी गई है। उन्होंने बताया कि मौके पर पहुंचकर उस चबूतरे को ध्वस्त कर दिया गया है, जिसके सहारे बच्चे स्कूल की छत पर चढ़ते थे। हालांकि, विद्यालय के प्रधानाचार्य सलाउद्दीन अहमद का कहना है कि विद्युत विभाग द्वारा डाली गई हाईटेंशन लाइन अभी भी स्कूल की बाउंड्री वॉल से बिल्कुल सटकर गुजर रही है, जिससे बच्चों पर मंडरा रहा खतरा अभी टला नहीं है। उनके अनुसार, लंबे समय से इस लाइन को स्कूल परिसर से दूर सड़क के किनारे से ले जाने की मांग की जा रही थी, लेकिन विद्युत विभाग ने मनमानी करते हुए इसे स्कूल की बाउंड्री से ही गुजारा। यह पूरी स्थिति दो गंभीर सवाल खड़े करती है, पहला यह कि शिक्षकों की मौजूदगी के बावजूद छात्र बार-बार स्कूल की असुरक्षित छत पर कैसे चले जाते थे, और दूसरा यह कि यदि प्रशासन ने समय रहते इस हाईटेंशन लाइन को स्कूल की छत से हटवाकर सड़क के किनारे शिफ्ट कराने का प्रयास किया होता, या बच्चों की पहुंच से दूर रखने की व्यवस्था होती तो बच्चों की सुरक्षा से जुड़ा यह बड़ा खतरा पैदा ही नहीं होता।

# युवाओं को नशे से दूर रहने की नसीहत

## नशा मुक्ति अभियान के तहत बैठक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** ग्राम भवानीपुर उर्फ जिकरीवाला में बीती रात नशा मुक्ति अभियान को लेकर पुलिस चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक मनवीर के नेतृत्व में ग्राम प्रधान पति वहीदुर्रहमान की अध्यक्षता में ग्रामीणों के साथ एक बैठक आयोजित की गई। युवा वर्ग में बढ़ती नशे की आदतों को लेकर एक शासनादेश पर पुलिस ने जागरूक अभियान चलाया।

क्षेत्र में बढ़ते नशे के मामलों को लेकर पुलिस प्रशासन ने जागरूकता अभियान शुरू किया है। इसी क्रम में गांव भानीपुर उर्फ जिकरीवाला में कासमपुर गढ़ी विवेकानंद पुलिस चौकी प्रभारी मनवीर सिंह ने ग्रामीणों के बीच बैठक आयोजित कर युवाओं को नशे की लत से बचाने और नशा करने वालों पर रोकथाम को लेकर चर्चा कर लोगों को बताया कि आजकल नवयुवक नशे की ओर आकर्षित हो रहे हैं, जिससे उनका भविष्य प्रभावित हो रहा है।

उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि वह अपने बच्चों पर निगरानी करते हुए नशीले पदार्थों से दूर रखें। तथा नशीले पदार्थों का कारोबार करने वालो के बारे में तत्काल पुलिस को सूचित करें। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।

उपनिरीक्षक मनवीर सिंह ने बताया कि नशे के खिलाफ अभियान लगातार चलाया जा रहा है और ऐसे लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। बैठक में मौजूद ग्रामीणों ने भी पुलिस को सहयोग देने का भरोसा दिलाया और गांवों में जागरूकता बढ़ाने की बात कही।

इस मौके पर ग्राम प्रधान पति वहीदुर्रहमान, पूर्व प्रधान सईदुर्रहमान, राशिद होटल वाले, लव कुश चौहान, विशाल अंसारी मौहम्मद उमर उस्मानी, मौहम्मद उस्मान उस्मानी, साबिर खान, जाकिर अंसारी, शफीक अहमद सलमानी आदि काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# दहेज व मारपीट का आरोप

**अफजलगढ़।** ग्राम पर्वतपुर नाबका निवासी विवाहित ने पति सहित ससुराल पक्ष पर और दहेज मांगने और मारपीट करने का आरोप लगाते हुए पुलिस को प्रार्थना पत्र दिया। गौरतलब है कि पारिवारिक हिंसा में आई अचानक वृद्धि के चलते लगातार समाज का स्तर गिरता जा रहा है। शादी के कुछ माह या कुछ वर्ष बाद ही छोटी-छोटी बातों को लेकर घरेलू हिंसा के चलते परिवार बिखर रहे हैं ऐसा ही एक मामला थाना क्षेत्र के ग्राम पर्वतपुर नाबका में एक विवाहित महिला के साथ पेश आया। विवाहिता पूजा पत्नी अमित कुमार ने थाने में दर्ज कराए मुकदमे में बताया कि उसका विवाह 02 अक्टूबर 2025 को अमित कुमार पुत्र सोमपाल सिंह निवासी पर्वतपुर नाबका के साथ हुआ था। बीते एक माह से अमित कुमार उसका भाई सुमित कुमार, नवनीत कुमार और बहन सीमा देवी उसके साथ घरेलू कामकाज को लेकर मारपीट कर प्रताड़ित करते हैं तथा उसका पति अमित कुमार शराब पीकर मारपीट करता है और खर्च के लिए पैसे नहीं देता। महिला ने बताया कि वह पांच माह की गर्भवती है। उसके बावजूद उसका पति उसके साथ मारपीट करता है। कुछ दिन पूर्व बहाने से अमित उसे हरिद्वार ले गया वहां भी उसने उसके साथ मारपीट की। ससुराल पक्ष पीड़िता से दहेज में कार की मांग करते हैं। जबकि उसके गरीब मायके वालों ने शादी के समय अपनी हैसियत के अनुसार काफी दहेज दिया था। गौरतलब है कि समाज में आए तेजी से बदलाव के कारण घरेलू हिंसा के चलते, लगातार परिवार बिखेर रहे हैं। पुलिस ने पीड़िता पूजा की तहरीर के आधार पर अमित कुमार, सुमित कुमार, नवनीत कुमार, व सीमा देवी के विरुद्ध बीएनएस की धारा 85 व 115 (2) और दहेज प्रतिषेध अधिनियम की धारा 3 व 4 के अंतर्गत मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# दबंगों ने सरकारी सड़क तोड़ी, कब्जे का प्रयास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**राजा का ताजपुर।** ग्राम रवाना शिकारपुर में बीती रात दबंगों ने सरकारी सड़क तोड़कर उस पर अवैध कब्जा करने का प्रयास किया। रात करीब 10:30 बजे हुई इस घटना का ग्रामीणों ने विरोध किया, जिसके बाद दबंगों ने उनके साथ मारपीट करने की कोशिश की।

ग्रामीणों की चीख-पुकार सुनकर गांव में हड़कंप मच गया। स्थिति बिगड़ती देख ग्रामीणों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही सब इंस्पेक्टर दीपक कुमार भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और मामले को शांत कराया।

पुलिस के अनुसार, अरशद अली, आसिफ अली, मौहम्मद जुबेर और दिलशाद नामक व्यक्तियों ने सरकारी सड़क को तोड़कर अवैध कब्जा करने का प्रयास किया था। ग्रामीणों ने बताया कि ये लोग रात के अंधेरे में सड़क तोड़कर अवैध निर्माण करने की कोशिश कर रहे थे।

दबंगों को रोकने की कोशिश करने पर उन्होंने ग्रामीणों से मारपीट पर उतारू हो गए थे। पुलिस ने मौके से इन दबंगों को हिरासत में लेकर थाने भेज दिया है। गांव में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल तैनात किया गया है, हालांकि ग्रामीणों में अभी भी डर और दहशत का माहौल है। थाना निरीक्षक संजय कुमार ने बताया कि सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी को भी कानून अपने हाथ में लेने की इजाजत नहीं दी जाएगी।

# जन चौपाल में सुनीं समस्याएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** मौहल्ला मझौली में आज पुलिस प्रशासन ने जन समस्याओं के निस्तारण के लिए जन चौपाल का आयोजन किया। कस्बा इंचार्ज मनीष कुमार अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और लोगों की पुरानी व मौजूदा समस्याओं को गंभीरता से सुना। इस जन चौपाल में सभासद पुत्र मौहम्मद इरफान, मौहम्मद अशफाक मास्टर, मौहम्मद असद, इश्तियाक सैफी, मौहम्मद इशहाक, शरीफ अहमद, हसन नंबरदार, मौहम्मद नौशाद और मौहम्मद मुस्तकीम सहित बड़ी संख्या में मौहल्लेवासी मौजूद रहे। पुलिस स्टाफ से कांस्टेबल विशाल मलिक और कांस्टेबल रजनीश कुमार भी बैठक में शामिल थे। कस्बा इंचार्ज मनीष कुमार ने लोगों को भरोसा दिलाया कि सभी समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यदि कोई व्यक्ति थाने नहीं पहुंच पाता है, तो वह जन चौपाल में अपनी समस्या बता सकता है, जिसका निस्तारण किया जाएगा। उन्होंने पुराने लड़ाई-झगड़ों को आपसी सहमति से सुलझाने की सलाह दी और कहा कि यदि समाधान न हो पाए तो पुलिस को सूचित करें। पुलिस दोनों पक्षों को बैठाकर विवाद सुलझाने का प्रयास करेगी। कस्बा इंचार्ज ने सभी मौहल्लेवासियों और नगरवासियों से प्रेम के साथ रहने, पुलिस का सहयोग करने और क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील भी की।

# ईद-उल-अजहा को लेकर नगर पंचायत में बैठक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** आगामी ईद-उल-अजहा पर्व को शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए बढ़ापुर नगर पंचायत में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में साफ-सफाई, पेयजल व्यवस्था, प्रकाश व्यवस्था और त्यौहार के दौरान की जाने वाली विशेष व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक में नगर पंचायत अध्यक्ष डॉक्टर दिलशाद अंसारी, लिपिक सुनील कुमार और थाना बढ़ापुर से उपनिरीक्षक अजय कुमार उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त नामित सदस्य एवं जनप्रतिनिधियों में अधिवक्ता अजय राज, राजू पाल, वीरेंद्र सिंह, सभासद अकील, सभासद दानिश, सभासद श्याम सिंह, सभासद नीलम देवी और सभासद फहीम सहित अन्य लोग शामिल हुए। विद्युत विभाग की ओर से अवर अभियंता साजिम हसन के प्रतिनिधि भी मौजूद थे।

चर्चा के दौरान ईद के अवसर पर नगर में साफ-सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाए रखने, पेयजल आपूर्ति सुचारु रखने और बिजली व्यवस्था में कोई बाधा न आने देने पर जोर दिया गया। कुर्बानी के बाद निकलने वाले अवशेषों और कचरे के निस्तारण के लिए निर्धारित स्थानों पर गड्ढे बनाने की योजना भी बनाई गई। ताकि स्वच्छता प्रभावित न हो। पुलिस प्रशासन की मौजूदगी में त्यौहार को आपसी भाईचारे और शांतिपूर्ण वातावरण में मनाने की अपील की गई। विद्युत विभाग की ओर से कमल सैनी पीजी-2 और लाइनमैन धर्मेंद्र सिंह राठी भी बैठक में शामिल हुए। उन्होंने तैयबपुर विद्युत उपकेंद्र के अवर अभियंता साजिम हसन की ओर से विद्युत व्यवस्था संबंधी जानकारी साझा की। अवर अभियंता साजिम हसन ने बताया कि त्यौहार को देखते हुए विद्युत विभाग पूरी तरह सतर्क है और क्षेत्र में बिजली व्यवस्था को लगातार बेहतर बनाया जा रहा है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि ईद-उल-अजहा के अवसर पर निर्बाध विद्युत आपूर्ति बनाए रखने के लिए विभाग की टीमें सक्रिय रूप से कार्य कर रही हैं। साथ ही, यदि पर्व के दौरान कहीं किसी प्रकार की समस्या उत्पन्न होती है, तो विभागीय टीम तत्काल मौके पर पहुंचकर उसका समाधान करेगी।

**न्यायालय सिविल जज**
**( जू.डि. ) नगीना**

मूल प्रकीर्ण वाद सं. 32/2026

विकास चन्द पुत्र स्व. जगदेव सिंह निवासी ग्राम महमूदपुर तगा, पोस्ट खास, तहसील धामपुर, जिला बिजनौर

**बनाम**

1. अनीता देवी पत्नी सत्यपाल शर्मा पुत्री जगदेव सिंह ग्राम भदौला, तह. नजीबाबाद, 2. पम्मी रानी पत्नी राजीव कुमार पुत्री स्व. जगदेव सिंह, ग्राम करीम नगर, जनपद बिजनौर, 3. मधु पत्नी सुशील कुमार पुत्री स्व. जगदेव सिंह ग्राम लतिफपुर दूर, जिला अमरोहा, 4. ज्योति पत्नी अनिल कुमार पुत्री स्व. जगदेव सिंह ग्राम लतिफपुर दूर, जिला अमरोहा, 5. वन्दना पत्नी सुरेन्द्र कुमार पुत्री स्व. जगदेव सिंह, ग्राम सेड्डी, तह. धामपुर, जिला बिजनौर, 6. रिंकी पत्नी मनोज कुमार पुत्री स्व. जगदेव सिंह निवासी मौ. काजीबाग, काशीपुर

दरख्वास्त मुसम्मा प्रार्थी वास्ते हुसूल सार्टिफिकेट वसूल कर कर्जा व किफायत हाय यापतानी मुसम्मा विकास चन्द मुसबफा अनीता देवी आदि अपने मूजिव एक्ट 7 सन् 1878 ई. वक्त हरगाह मुसम्मा आदेश/नियम 8सीपीसी ने दरख्वास्त हुसूल सार्टीफिकेट गुजरानी है ई. तारीख 23 मास 5 सन 2026 वास्ते समाअत दरख्वास्त के मुकर्रर हुई है कि लिहाजा यह इश्तहार जारी किया कि जिस किसी को निस्वत दरख्वास्त के उज्र हो, तो या असालत या वकालतन वक्त 10 बजे सुबह अदालत सिविल जज जू.डि. मुकाम नगीना में तारीख मुकर्रह हाजिर होकर उज्र अपना पेश करें। दर सूरत इनकजाय तारीख के मजकूर के फिर उन मिसी का सुना न और हुक्म मुनासिब निस्वत मजकूर दरख्वास्त के सादिर होगा।

**नियत दिनांकः- 23-05-2026**

**न्यायालय सिविल जज**
**जू.डि. नगीना ( बिजनौर )**

## संबंध विच्छेद सूचना

मेरा लड़का मौ. दिलशाद व उसकी पत्नी अफशा गलत संगत में पड़ गये है। गलत कार्य करते है। मेरे कहने व सुनने में नहीं है और समझाने पर भी नहीं मानते है। इनकी आये दिन की इन्हीं गलत हरकतों से तंग व परेशान होकर मैंने मौ. दिलशाद व उसकी पत्नी अफशा को अपनी चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल करते हुए अपने सम्बन्ध विच्छेद कर लिए है। अब इनका मुझसे और मेरे परिवार से कोई मतलब वास्ता नहीं रहा है। इनके द्वारा किए गये किसी भी कृत्य व लेनदेन के यह स्वयं जिम्मेदार होंगे, मैं और मेरा परिवार जिम्मेदार नहीं होगा।

**-भूरा पुत्र मुख्तार अहमद निवासी- मौहल्ला कटारमल, थाना व तहसील चांदपुर ( बिजनौर )**

## संबंध विच्छेद सूचना

मेरा पुत्र रजत गलत सगंति में उठता बैठता है। वह शराबी व जुआरी तथा नशेड़ी हो गया है। उसका आचरण गलत हो गया है। हमने उसे बहुत समझाया, परन्तु वह नहीं माना। उससे तंग आकर हमने उससे अपने संबंध समाप्त कर लिए है तथा उसे अपनी चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में रजत कुमार कोई गलत कृत्य करता है, तो उसका वह स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। **-सुरेन्द्र सिंह पुत्र जुम्मनलाल, रीना देवी पत्नी सुरेन्द्र सिंह निवासी ग्राम मेवा जट, पोस्ट सहसपुर, परगना स्योहारा, तहसील धामपुर, जिला बिजनौर, हाल निवासी ग्राम श्यामाबाद, पर. स्योहारा, तह. धामपुर, जिला बिजनौर।**

# एनसीसी जूनियर डिवीजन की भर्ती

## आरजेपी में प्रतिभागियों ने शारीरिक दक्षता का किया प्रदर्शन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** राजा ज्वाला प्रसाद आर्य इंटर कॉलेज की एनसीसी 30 यूपी बटालियन जूनियर डिवीजन की भर्ती सीओ कर्नल रोहिताश शर्मा के आदेश अनुसार नायब सूबेदार मौहम्मद मुमताज एवं बीएचएम गरिष्ठ कोठारी की देखरेख में हुई।

भर्ती की विभिन्न गतिविधियों का आरंभ प्रधानाचार्य गय्यूर आसिफ द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया। भर्ती प्रक्रिया में प्रतिभागियों द्वारा दौड़ शारीरिक माप-तोल पुश-अप एवं लिखित परीक्षा हुई। इस मौके पर प्रधानाचार्य गय्यूर आसिफ ने कहा कि एनसीसी युवाओं में अनुशासन, आत्मविश्वास, शारीरिक फिटनेस और नेतृत्व क्षमता विकसित करता है, साथ ही साथ विभिन्न शिविरों में भाग लेने का अवसर प्रदान करता है।

नायब सूबेदार मौहम्मद मुमताज ने कहा एनसीसी द्वारा रक्षा बलों (सेना, नौसेना, वायु सेना) में सीधी भर्ती, सरकारी नौकरियों में प्राथमिकता/आरक्षण, और ३सीश सर्टिफिकेट धारकों को सीडीएस परीक्षा में लिखित परीक्षा से छूट शामिल है। भर्ती प्रक्रिया में उप प्रधानाचार्य बालेश कुमार, लेफ्टिनेंट तेजपाल सिंह, सीटीओ भूपेंद्र पाल सिंह, डीओसी चंद्रहास, द्वितीय ऑफिसर योगेश कुमार आदि विशेष सहयोग दिया।

**न्यायालय न्यायाधिकारी ग्राम न्यायालय, धामपुर**

वाद सं.-115/25

**श्रीमती महजबी आदि बनाम मौहम्मद मुन्नान**

धारा 144 बीएनएसएस

थाना अफजलगढ़

बहक मौहम्मद मुन्नान पुत्र मौहम्मद हसन निवासी ग्राम शरीफनगर थाना ठाकुरद्वारा, जिला मुरादाबाद **-प्रतिवादी**

चूंकि उपरिनामांकित से इस बअदालत से यह आवेदन किया है कि अतः एवं आपको एतद्द्वारा-चेतावनी दी जाती है कि आपको आवेदन के खिलाफ हेतु संदर्षित करने के लिए 26.05.2026 को 10 बजे पूर्वान्ह स्वयं या सम्पर्क रूपेण अनुष्टि अपने अधिवक्ता द्वारा उपजात हो और ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन/दाबा एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा।

**नियत दिनांक :-26-05-2026**

**न्यायाधिकारी**
**ग्राम न्यायालय धामपुर**
**जिला-बिजनौर**

## सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पिता स्व. पं. रघुनाथ प्रसाद ने अपनी सम्पत्ति मकान नं. 315 स्थित मौहल्ला कटारमल, कस्बा चांदपुर, जिला बिजनौर (उ.प्र.) को एक मूल वसीयत दिनांक 05.09.1979 द्वारा अपने पुत्र अमरनाथ के हक में कर दिया था। मूल वसीयत को दिनांक 06.09.1979 को सब रजिस्ट्रार कार्यालय बिजनौर में रजिस्टर्ड किया गया था। सब रजिस्ट्रार द्वारा जारी मूल वसीयत की सर्टिफाईड कॉपी उपरोक्त मकान के मुकदमे में सिविल न्यायालय बिजनौर में दाखिल है। मूल वसीयत एक ब्रीफकेस में रखी थी। दिनांक 18.04.2026 में रोडवेज की बस से चांदपुर जाते समय ब्रीफकेस कहीं रास्ते में गुम हो गया। ब्रीफकेस के साथ मूल वसीयत भी गुम हो गयी। बहुत तलाश करने पर भी ब्रीफकेस नहीं मिला। मूल वसीयत का किसी अन्य व्यक्ति द्वारा दुरुपयोग रोकने के लिए इसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट थाना चांदपुर में जीडी नं. 079/समय 17:25 पर दिनांक 18.04.2026 में दर्ज की गयी। मकान नं. 315 की बैठक के स्व. सत्यवती द्वारा अनाधिकृत विक्रेता मोहित वशिष्ठ से कराये गये फर्जी बैनामे के निरस्तीकरण का वाद सिविल न्यायालय बिजनौर में विचाराधीन है। किसी व्यक्ति द्वारा उक्त मकान की खरीद-फरोख्त करने पर वह अपने नुकसान का स्वयं जिम्मेदार होगा।

**अमरनाथ पुत्र स्व. पं. रघुनाथ प्रसाद, मौहल्ला कटारमल, कस्बा चांदपुर, जिला बिजनौर ( उ.प्र. )**

# युवक का शव पेड़ से लटका मिला

## प्रेम विवाह के बाद गांव लौटा था, पुलिस जांच में जुटी




**शाह टाइम्स संवाददाता**
**नहटौर।** प्रेम और सामाजिक प्रतिष्ठा की जंग में अक्सर रिश्तों की बलि चढ़ जाती है। ग्राम सादात नगर उर्फ डूंडाखेड़ी में आज एक ऐसी ही हृदयविदारक घटना सामने आई। एक युवक, जिसने समाज और परिवार की परवाह किए बिना प्रेम को चुना, तो परिवार ने भी उसकी ओर से मुंह मोड़ लिया। आज युवक शव पेड़ पर लटका मिलने पर उसकी प्रेम कहानी का अंत हो गया।

प्राप्त समाचार के अनुसार ग्राम सादात नगर उर्फ डूंडाखेड़ी निवासी अंकुल सैनी का गांव की ही एक विवाहित महिला से प्रेम प्रसंग था। गांव से दोनों हरिद्वार चले गए और दोनों ने हरिद्वार जाकर विवाह कर लिया, तो परिवार ने इसे अपनी मर्यादा के खिलाफ माना।

लोक-लाज के डर और भारी नाराजगी के चलते परिजनों ने 15 दिन पूर्व अंकुल से नाता तोड़ लिया था। बुधवार को अंकुल अपनी पत्नी के साथ गांव लौटा था।

आज सुबह उसका शव गांव के पास ही संदिग्ध परिस्थितियों में पेड़ से लटका मिला। अंकुल का शव फांसी के फंदे पर लटका मिलने पर सनसनी फैल गई। पुलिस ने शव को नीचे उतारा। फोरसिंक टीम ने भी मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की। कोतवाल रविंद्र प्रताप सिंह का कहना है कि शव पोस्टमार्टम को भेजकर हर पहलू पर जांच की जा रही है।

# स्मार्ट मीटर समस्याओं के समाधान को विशेष कैंप आज



**शाह टाइम्स संवाददाता**
**स्योहारा।** विद्युत उपभोक्ताओं की समस्याओं के त्वरित समाधान के उद्देश्य से बिजली विभाग द्वारा स्मार्ट मीटर से संबंधित शिकायतों के निस्तारण के लिए विशेष कैंप का आयोजन किया जा रहा है। यह कैंप कल (आज) बिजली घर परिसर में लगाया जाएगा।

उपखंड अधिकारी ईजीडी प्रजापति ने बताया कि स्मार्ट मीटर से जुड़ी किसी भी प्रकार की समस्या जैसे गलत बिलिंग, रीडिंग संबंधी त्रुटि, रिचार्ज समस्या, बिजली आपूर्ति या तकनीकी शिकायत का मौके पर ही समाधान किया जाएगा। उन्होंने विद्युत उपभोक्ताओं से अपील की कि जिन लोगों को स्मार्ट मीटर से संबंधित कोई भी परेशानी है, वे कैंप में पहुंचकर समस्या का निराकरण अवश्य कराएं। एसडीओ ईजीडी प्रजापति ने कहा कि बिजली विभाग उपभोक्ताओं को बेहतर और पारदर्शी सेवाएं देने के लिए लगातार प्रयासरत है। स्मार्ट मीटर व्यवस्था उपभोक्ताओं की सुविधा और बिजली व्यवस्था को आधुनिक बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने उपभोक्ताओं से सहयोग करने, समय पर बिल भुगतान करने तथा किसी भी समस्या को सीधे विभाग तक पहुंचाने का संदेश दिया।

# दिव्यांग चिन्हांकन एवं सहायक उपकरण वितरण के लिए शिविर



**शाह टाइम्स संवाददाता**
**अफजलगढ़।** ब्लॉक में का आयोजन किया गया। शिविर में सहायक उपकरणों के लिए 58 आवेदन प्राप्त हुए, जबकि 12 नए दिव्यांग प्रमाण पत्र मौके पर ही बनाए गए।

सहायक विकास अधिकारी समाज कल्याण, आशीष कुमार ने बताया कि शिविर में दिव्यांगजनों को आवश्यक सहायक उपकरण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आवेदन लिए गए। इनमें व्हीलचेयर, बैसाखी, कान की मशीन, ट्राईसाइकिल, कुष्ठ रोगियों के लिए लेप्रोसी किट, मानसिक रूप से दिव्यांग बच्चों के लिए एमआर किट तथा दृष्टिबाधित व्यक्तियों के लिए स्मार्ट केन आदि शामिल हैं।

सीएमओ कार्यालय से पहुंचे चिकित्सकों की टीम ने दिव्यांगजनों की जांच कर 12 नए दिव्यांग प्रमाणपत्र भी जारी किए। शिविर में बीडीओ मनवीर सिंह, कोऑर्डिनेटर गजेंद्र सिंह, जिला दिव्यांगजन कार्यालय के वरिष्ठ सहायक गोविंद दास, डा. संजय कुमार, डा. अमित कुमार, डा. मनीष पांडे सहित अन्य विभागीय कर्मचारी एवं चिकित्सक मौजूद रहे।

# भारी मात्रा में प्रतिबंधित लकड़ी बरामद

## वन विभाग के उड़न दस्ते की कार्रवाई से लकड़ी कारोबारी में खलबली



**शाह टाइम्स संवाददाता**
**अफजलगढ़।** ग्राम रसूलपुर आबाद में नवनिर्मित ओवरहेड टैंक के बोरिंग परिसर से वन विभाग टीम ने लगभग सौ कुंतल प्रतिबंधित व कीमती लकड़ी बरामद की। विभाग की कार्यवाही लकड़ी का अवैध कारोबार करने वालों में हड़कंप मच गया।

प्राप्त समाचार के अनुसार मुरादाबाद से पहुंची वन विभाग की उड़न दस्ता टीम ने ग्राम रसूलपुर आबाद में छापेमारी की। इस दौरान बोरिंग परिसर में खैर, शीशम, सागौन तथा कुकाट समेत विभिन्न प्रजातियों की लकड़ियों का बड़ा जखीरा मिला। वन विभाग कर्मियों ने बरामद लकड़ियों को ट्रैक्टर-ट्रॉलियों में भरवाकर अपने कब्जे में ले लिया।

बताया जा रहा है कि चार दिन पूर्व जिला अधिकारी जसजीत कौर ने क्षेत्र में निर्माणाधीन ओवरहेड टैंकों व उनसे संबंधित कार्यों का निरीक्षण किया था। निरीक्षण के दौरान संबंधित अधिकारियों को ओवरहेड टैंक और बोरिंग स्थलों पर व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने के निर्देश भी दिए गए थे। इसके बावजूद संबंधित विभागीय अधिकारियों द्वारा परिसर में जमा लकड़ियों को हटाने की दिशा में कोई कार्रवाई नहीं की गई। इस संबंध में वन दरा. ेगा सत्यवीर ने बताया कि बरामद लकड़ियों को कब्जे में ले लिया गया है तथा मामले में अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

उधर सूत्रों का कहना है कि क्षेत्र में वन विभाग के कुछ उच्चाधिकारियों की मिलीभगत सेरातों-रात शीशम, सागौन समेत अन्य कीमती पेड़ों का कटान कर लकड़ी दूसरे शहरों में भेज दी जाती है। आरोप है कि मामला खुलने पर केवल जुर्माना लगाकर प्रकरण को रफा-दफा कर दिया जाता है, जिससे लकड़ी माफियाओं के हौसले लगातार बुलंद हो रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि यदि ईमानदारी से कार्रवाई की जाए तो सरकारी पेड़ों के अवैध कटान पर प्रभावी रोक लगाई जा सकती है। ग्रामीणों के अनुसार बोरिंग परिसर में प्रतिबंधित लकड़ियों के लट्ठे ग्राम प्रधान के घर से लगभग 200 मीटर की दूरी पर खुलेआम पड़े हुए थे। हालांकि ग्राम प्रधान पति ने पूरे मामले से अनभिज्ञता जताई है।

### बाइकों से लाई जाती लकड़ी

ग्रामीणों का आरोप है कि क्षेत्र में प्रतिदिन सौ से अधिक बाइकों के माध्यम से जंगलों से अवैध रूप से कीमती लकड़ी काटकर लाई जाती है, लेकिन जिम्मेदार विभाग इससे अनजान बने हुए हैं। कुछ ग्रामीणों ने पुलिस व वन विभाग के निजी कर्मियों पर मिलीभगत के आरोप लगाते हुए कहा कि क्षेत्र में दिन-रात अवैध कटान का कार्य जारी रहता है।

# नहर की पुलिया में मिला अज्ञात शव

## पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा, क्षेत्र में फैली सनसनी




**शाह टाइम्स संवाददाता**
**नहटौर।** ग्राम बालापुर अखेड़ा में एक नहर की पुलिया में अज्ञात व्यक्ति का शव फंसा मिला। आज सुबह हुई इस घटना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की।

प्राप्त समाचार के अनुसार ग्राम बालपुर अखेड़ा के पास आज सुबह करीब नौ बजे कुछ ग्रामीण नहर के किनारे से गुजर रहे थे। उन्होंने पुलिया के पास पानी में एक शव अटका हुआ देखा। देखते ही देखते मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई, जिसके बाद नहटौर पुलिस को सूचना दी गई।

सूचना मिलने पर नहटौर थाना प्रभारी रविंद्र प्रताप सिंह पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस ने गोताखोरों की मदद से कड़ी मशक्कत के बाद शव को नहर से बाहर निकलवाया। पुलिस के अनुसार मृतक की उम्र लगभग 30 से 35 वर्ष प्रतीत होती है। शव कई दिन पुराना लग रहा है और ऐसा अनुमान है कि यह कहीं दूर से पानी के बहाव में बहकर आया और पुलिया में फंस गया। पुलिस ने पंचनामा भरकर शव को सील किया और पोस्टमार्टम के लिए बिजनौर जिला अस्पताल भेज दिया है।

थाना प्रभारी रविंद्र प्रताप सिंह ने बताया शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। अभी तक मृतक की पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस आसपास के थानों और सोशल मीडिया के माध्यम से शिनाख्त के प्रयास कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा।

पुलिस फिलहाल इस मामले को संदिग्ध मानकर हर पहलू से जांच कर रही है। आसपास के क्षेत्रों में हाल ही में लापता हुए व्यक्तियों का रिकॉर्ड भी खंगाला जा रहा है ताकि शव की पहचान की जा सके।

# सिमराह इंटरनेशनल का शानदार परीक्षा परिणाम

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**धामपुर।** सिमराह इंटरनेशनल स्कूल ने 12वीं के सीबीएसई बोर्ड परिणाम में शानदार सफलता हासिल की है। विद्यालय के विद्यार्थियों ने अपने कठिन परिश्रम और समर्पण से उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है, जिसके परिणामस्वरूप इस वर्ष के परिणाम अत्यधिक सराहनीय रहे। विद्यालय के शिक्षकों, प्रधानाचार्य और प्रबंधन टीम ने विद्यार्थियों की सफलता में अहम भूमिका निभाई है।

इस वर्ष के परिणाम में कई विद्यार्थियों ने टॉप किया है। 12वीं कक्षा में आलिया अंसारी ने 93%, मौहम्मद वरशान ने 88%, सिमराह कमाल ने 85%, जुहेब विसाल ने 82% तथा मौहम्मद इबाद ने 81% अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। सिमराह कमाल, आर्यन गहलोत ने पेंटिंग में 100 तथा मौहम्मद खिजर ने कंप्युटर साइंस में 100 अंक प्राप्त किए। अयमन ने अंग्रेजी में 90, कंप्युटर साइंस में 91 तथा फिजिकल एजुकेशन में 85, रुहाना ने हिंदी में 90, मौहम्मद इबाद ने फिजिक्स में 80, साइम ने फिजिकल एजुक. ेशन में 84, सिमराह ने फिजिकल एजुकेशन में 86, आलिया अंसारी ने इकनॉमिक में 95, बिजनेस स्टडीज में 86, फिजिकल एजुक. ेशन में 90, पेंटिंग में 99 अंक प्राप्त किए। विद्यालय के प्रबंधक मौहम्मद कमाल, हिना कमाल एवं प्रधानाचार्य मंसूर खान ने सभी विद्यार्थियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन पर बधाई दी और कहा कि यह सफलता विद्यालय के शिक्षकों और छात्रों की मेहनत का परिणाम है। विद्यालय हमेशा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है।

विद्यालय ने इस अवसर पर सभी छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

# बीपीएस में रुश्दा असलूब ने प्रथम स्थान प्राप्त किया



**शाह टाइम्स संवाददाता**
**चांदपुर।** भगवंत पब्लिक स्कूल का सीबीएसई कक्षा 12 के परीक्षा परिणाम में रुश्दा असलूब ने स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त करते हुए माता-पिता व स्कूल का नाम रोशन किया है।

परीक्षा परिणाम आते ही विद्यार्थियों में खुशी की लहर दौड़ गई। रूश्दा असलूब ने 89 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय टॉप किया। रुश्दा असलूब कक्षा एक से भगवंत स्कूल की छात्रा है और हर वर्ष हर कक्षा में टॉपर रही है। इस बार रुश्दा की शिक्षा कक्षा अध्यापक अश्विनी कुमार, गौरव कुमार, हृदेश कुमार की देखरेख में रही है। रुश्दा असलूब के पिता असलूब अंसारी डॉक्टर है और उनकी माता आबिदा असलूब घरेलू महिला है व भाई मौहम्मद अदनान दिल्ली में पढ़ाई के साथ जॉब भी करते हैं। रुश्दा असलूब के नाना हाफिज फारूक अंसारी चांदपुर के प्रमुख व्यवसाई व सामाजिक कार्यकर्ता है। रुश्दा असलूब के ताया मरहूम शेर मौहम्मद नूरपुर के अशरफ जकरिया इंटर कॉलेज में प्रधानाचार्य रहे हैं। वहीं दूसरे ताया मौहम्मद जाहिद अपर सांख्यिक अधिकारी हैं। बधाई देने वालों में आफाक अंसारी, मौहम्मद आरिफ, मौहम्मद राशिद, मौहम्मद आदिल, मौहम्मद सादिक, साजिद अंसारी, मौहम्मद अदनान, गुल नवाज, उवैस अंसारी, अरशद अंसारी आदि ने बधाई दी।

# स्योहारा में विकास की रफ्तार तेज




**शाह टाइम्स संवाददाता**
**स्योहारा।** नगर पालिका चेयरमैन शेख फैसल वारसी के नेतृत्व में नगर निरंतर विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है।

नगर के समग्र विकास एवं युवाओं को खेल सुविधाएं उपलब्ध कराने तथा नागरिकों को बेहतर वातावरण देने के उद्देश्य से चेयरमैन द्वारा कई महत्वपूर्ण कार्य एक साथ तेजी से संचालित किए जा रहे हैं। नगर के युवाओं और खिलाड़ियों को आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए चेयरमैन शेख फैसल वारसी द्वारा एमक्यू इंटर कॉलेज मैदान को विकसित कर आधुनिक स्टेडियम व स्पोर्ट्स एकेडमी का स्वरूप दिया जा रहा है। इस मैदान को खेल गतिविधियों का केंद्र बनाने के लिए समतलीकरण सौंदर्यीकरण और खेल अनुकूल वातावरण तैयार किया जा रहा है, जिससे स्थानीय प्रतिभाओं को अभ्यास और प्रशिक्षण के लिए बेहतर मंच मिल सके।

मैदान में क्रिकेट सहित अन्य खेलों के आयोजन को ध्यान में रखते हुए दर्शकों के बैठने के लिए 50 से अधिक कुर्सियों एवं विस्तृत बैठने की व्यवस्था तैयार की जा रही है। साथ ही बच्चों के शारी. रिक व मानसिक विकास के लिए आकर्षक झूले लगाए जा रहे हैं, जिससे यह स्थान परिवारों और बच्चों के लिए भी आकर्षण का केंद्र बनेगा

नागरिकों के स्वास्थ्य को प्राथमिकता देते हुए यहां आधुनिक ओपन जिम का निर्माण कराया जा रहा है, जहां युवा बुजुर्ग और महिलाएं नियमित व्यायाम कर सकेंगी। चेयरमैन का उद्देश्य है कि स्योहारा में फिटनेस को बढ़ावा मिले और नागरिक स्वस्थ जीवन शैली अपनाएं। इसी क्रम में पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए उनके द्वारा 2000 से अधिक पौधे लगाने का व्यापक हरियाली अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान से नगर में स्वच्छ वातावरण छाया और प्रदूषण नियंत्रण में मदद मिलेगी तथा नागरिकों को स्वस्थ जीवन का लाभ मिलेगा। इसके अलावा नगर में सड़क मरम्मत, नाली निर्माण सफाई व्यवस्था को मजबूत करने, स्ट्रीट लाइट व्यवस्था सुधारने, सार्वजनिक स्थलों के सौंदर्यीकरण, पार्कों के विकास तथा नागरिक सुविधाओं को बेहतर बनाने के कार्य भी निरंतर कराए जा रहे हैं।

चेयरमैन शेख फैसल वारसी ने कहा कि स्योहारा को विकास स्वच्छता खेल और हरियाली के मॉडल नगर के रूप में विकसित करना उनका लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि युवाओं को बेहतर मैदान और स्पोर्ट्स एकेडमी तथा नागरिकों को स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना नगर के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है नागरिकों ने चेयरमैन के इन प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि स्योहारा में पहली बार खेल, पर्यावरण और बुनियादी सुविधाओं को एक साथ प्राथमिकता देकर योजनाबद्ध विकास कराया जा रहा है, जिससे नगर की पहचान बदलती दिखाई दे रही है।

## एक नजर

### महिला से अभद्रता में दरोगा निलंबित

**धामपुर।** महिला से अभद्र व्यवहार और छेड़छाड़ के आरोपों के बाद धामपुर कोतवाली में तैनात एक दरोगा के खिलाफ पुलिस विभाग ने सख्त कार्रवाई करते हुए निलंबन की कार्रवाई की है। एसपी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए विभागीय जांच के आदेश दिए हैं। पांच मई की देर रात क्षत्रिय नगर नगर स्थित बाबा पानपदास समाधि स्थल परिसर में रहने वाली महिला ने आरोप लगाया था कि वहां रह रहे और धामपुर कोतवाली में तैनात शहर क्षेत्र के एक दरोगा ने उसके साथ अनुचित व्यवहार किया। महिला के आरोप सामने आने के बाद मामला बढ़ गया और आश्रम परिसर में विवाद की स्थिति बन गई। देखते ही देखते दोनों पक्षों के बीच कहासुनी मारपीट में बदल गई। घटना के दौरान संबंधित दरोगा घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज जारी है। इस प्रकरण में पुलिस पहले ही मारपीट के आरोप में दो लोगों के खिलाफ कार्रवाई कर चुकी है। सीओ अभय पांडे ने बताया कि पूरे घटनाक्रम की जांच रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को भेज दी गई थी। रिपोर्ट के आधार पर एसपी ने आरोपी दरोगा के खिलाफ निलंबन की कार्रवाई करते हुए विभागीय जांच शुरू करा दी है। मामला सामने आने के बाद क्षेत्र में चर्चा का माहौल है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उसी आधार पर आगे की विधिक एवं विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

### भागवत कथा में उमड़े श्रद्धालु



**धामपुर।** दुर्गा विहार कॉलोनी स्थित सिद्ध पीठ श्री नवदुर्गा बाबा खाटू श्याम मंदिर में चल रहे आठ दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ महोत्सव के दूसरे दिन श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। कथा के दौरान धुंधकारी के जन्म से स्वर्गारोहण तथा भगवान के 24 अवतारों का प्रसंग सुनाया गया। भजनों और जयकारों से पूरा कथा स्थल भक्तिमय बना रहा। मंदिर के पीठाधीश्वर एवं कथा वाचक आचार्य पंडित राजेंद्र प्रसाद वशिष्ठ जी महाराज ने कहा कि मानव जीवन में प्रदर्शन नहीं, बल्कि दर्शन को प्राथमिकता देनी चाहिए। उन्होंने भगवान के स्मरण और कथा श्रवण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि प्रभु का सहारा ही जीवन की कठिनाइयों से मुक्ति दिलाने वाला सच्चा सहारा है। कथा में मुख्य यजमान अनिल कुमार वर्मा, दुलारी देवी वर्मा, अखिलेश कुमार वर्मा, भारती रानी वर्मा, अभिनव वर्मा, सचिन कुमार वर्मा, आरती रानी वर्मा, अभिषेक कुमार वर्मा एवं मीनू रानी वर्मा सहित अन्य श्रद्धालु शामिल रहे। पूजन कार्यक्रम पंडित सुमित कुमार वशिष्ठ एवं पंडित अमित कुमार वशिष्ठ ने संपन्न कराया। आयोजन में श्रद्धालुओं के लिए पंखे, जनरेटर और जल सेवा की विशेष व्यवस्था की गई। कथा के अंत में सामूहिक आरती और प्रसाद वितरण किया गया। मुख्य व्यवस्थापक कुंवर आशीष कुमार सिंह राजपूत ने सभी सनातन परिवारों से प्रतिदिन कथा में शामिल होने का आह्वान किया।

### ई-रिक्शा खड़ा करने को लेकर विवाद

**नहटौर।** क्षेत्र के करीमपुर मुबारक गांव में ई-रिक्शा खड़ा करने को लेकर हुए मामूली विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। आरोप है कि एक पक्ष ने दूसरे पक्ष के घर में घुसकर परिवार के सदस्यों, जिनमें महिलाएं भी शामिल थीं, के साथ लाठी-डंडों से मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित सुभाष पुत्र रतन सिंह ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि वे अपने घर के सामने अपनी ई-मेट्रो रिक्शा खड़ी कर रहे थे। इसी दौरान, उनके पड़ोसी धर्मपाल ने रास्ते में रिक्शा खड़ा करने को लेकर गाली-गलौज शुरू कर दी। सुभाष द्वारा विरोध करने पर विवाद बढ़ गया। धर्मपाल ने अपने पुत्र सुमित, भतीजे लवकुश और सुरेंद्र को बुला लिया। आरोप है कि हमलावरों ने पीड़ित के परिवार पर पथराव किया, जिसमें आरोपियों के ही परिवार के एक सदस्य अरुण को भी चोट लगी। इसके बाद, हमलावर सुभाष के घर में घुस गए और सुभाष, उनके बेटे दीपक, और बेटियों रूपा व नीतू पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। इस मारपीट में सुभाष के हाथ और पसलियों में गंभीर चोटें आईं, जबकि उनके बेटे दीपक के कंधे पर भी चोट लगी। ग्रामीणों को शोर सुनकर इकट्ठा होते देख आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। पीड़ित सुभाष ने थाना नहटौर में धर्मपाल, सुमित, लवकुश और सुरेंद्र के खिलाफ नामजद तहरीर दी है और कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मामले की जानकारी लेकर तहरीर के आधार पर जांच शुरू कर दी है।

### सांई गंगा धाम में विशाल भंडारा



**धामपुर।** नगीना मार्ग स्थित श्री सांई गंगा धाम में आयोजित सामूहिक पूजन कार्यक्रम एवं विशाल भंडारे में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर सांई नाथ महाराज के चरणों में श्रद्धा अर्पित की। पारंपरिक भजनों और जयकारों से पूरा धाम परिसर भक्तिमय माहौल में डूबा रहा। कार्यक्रम का आयोजन स्व.कामता प्रसाद शर्मा हलवाई एवं स्व.माता सरोज देवी शर्मा के परिवार द्वारा किया गया। सामूहिक पूजन का शुभारंभ सांई नाथ महाराज की विशाल प्रतिमा के समक्ष हुआ। मुख्य यजमान के रूप में संदीप शर्मा, मधु शर्मा, दीपांशु शर्मा, कनुप्रिया शर्मा, शुभम कौशिक एडवोकेट, तूलिका शर्मा सहित अनेक श्रद्धालु परिवार शामिल रहे। पूजन कार्यक्रम आचार्य पंडित अनिल कुमार शास्त्री जी महाराज ने मंत्रोच्चारण के साथ संपन्न कराया। इसके बाद बाबा को भोग लगाकर विशाल भंडारे की शुरुआत की गई, जिसमें जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से आए श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में नगर के धार्मिक एवं सामाजिक क्षेत्र के कई प्रतिष्ठित लोग भी शामिल हुए। श्रद्धालुओं ने आयोजन की व्यवस्थाओं की सराहना करते हुए इसे सफल धार्मिक आयोजन बताया।

### दुकान में हजारों की चोरी

**नजीबाबाद।** नगर के डबल फाटक पुल के नीचे स्थित प्रसिद्ध हनीफ पान वाले की दुकान के बीती रात चोरों ने ताले तोड़कर वहां से हजारों रूपए का सामान व नकदी चोरी कर ली। बीती रात करीब साढ़े 12 बजे हनीफ पान वाले का छोटा पुत्र दुकान बंद कर घर गया था आज सुबह करीब साढ़े छह बजे जब उसने दुकान पर पहुंचकर देखा तो शटर के दोनों ताले वहां टूटे पड़े मिले। अंदर देखने पर पान, बीड़ी, सिंगरेट, चिप्स के पैकिट आदि सभी सामान दुकान में बिखरा पड़ा मिला। चोरों ने वहां से हजारों रूपए के सिगरेट, गुटखा, बीड़ी के पैकिट के साथ कैश चोरी कर लिया। पीड़ित व्यापारी ने घटना की सूचना पुलिस को दी है।



सम्भल। सपा सांसद आजेन्द्र सिंह के खिलाफ धरने पर बैठे भाजपाइयों को सम्बोधित करती मंजू दिलेर।

# सांसद आजेन्द्र सिंह के खिलाफ भाजपाई धरने पर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ सांसद आजेंद्र सिंह द्वारा की गई अभद्र टिप्पणी और अपशब्दों के विरोध में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने विशाल धरना प्रदर्शन किया। धरने में सांसद के कृत्य की कड़ी निंदा की ओर सार्वजनिक रूप से माफी मांगे जाने की मांग की।

बहजोई स्थित कलक्टेट पर भाजपा जिला अध्यक्ष चौधरी हरेंद्र सिंह के नेतृत्व में आयोजित प्रदर्शन में हजारों कार्यकर्ताओं ने सांसद आजेन्द्र सिंह के कृत्य की कड़ी निंदा की। धरने में मौजूद कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों को सम्बोधित करते हुए चौधरी हरेंद्र सिंह ने कहा कि लोकतंत्र की मर्यादा का उल्लंघन किया गया है। प्रधानमंत्री पद की एक गरिमा होती है। आजेंद्र सिंह ने अमर्यादित भाषा का प्रयोग कर न केवल पद का अपमान किया है, बल्कि देश की 140 करोड़ जनता की भावनाओं को ठेस पहुँचाई है। इसे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कार्यकर्ताओं ने सांसद आजेंद्र सिंह के खिलाफ जमकर नारेबाजी की भाजपा कार्यकर्ताओं ने मांग की कि सांसद अपने शर्मनाक बयान के लिए सार्वजनिक रूप से माफी मांगें। परमेश्वर लाल सैनी ने कहा कि विपक्ष के पास विकास के मुद्दों पर बोलने के लिए कुछ नहीं बचता, तो वे इस तरह की ओछी राजनीति और व्यक्तिगत हमलों पर उतर आते हैं। क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राजेश सिंघल ने कार्यकर्ताओं के जोश की सराहना करते हुए कहा कि भाजपा का एक-एक कार्यकर्ता अपने नेता और देश के प्रधानसेवक के सम्मान की रक्षा के लिए संकल्पित है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि इस तरह की बयानबाजी नहीं रुकी, तो इसका पुरजोर विरोध किया जाएगा अजीत उर्फ राजू ने कहा कि विपक्षियों मैं सदैव ऐसी मानसिकता का परिचय दिया है जिसे हम समाज के प्रति ओक राजनीति का नाम दे सकते हैं उनके द्वारा अपने कार्यकाल में विकास का नाम पर कुछ ना करके केवल गुंडागर्दी को बढ़ावा दिया गया। समाजवादी पार्टी द्वारा हमेशा तुष्टिकरण की राजनीति को बढ़ावा दिया गया। मंजू दिलेर ने सपा सांसद के विरोध में जमकर नारेबाजी की और कहा समाजवादी पार्टी ने सदैव महिलाओं का अपमान किया है और प्रधानमंत्री के खिलाफ बोलकर पूरे देश की जनता को शर्मसार किया है इससे इनकी मानसिकता का पता चलता है। धरने में हृदेश यादव, मनोज कठेरिया, विकास वार्ष्णेय, सौरभ गुप्ता, चरण सिंह भारती, सोनू चाहल, जयप्रकाश गुप्ता, मुकुल रस्तोगी, अंकुर अग्रवाल, अवधेश प्रताप, भवनेश राघव, मोक्षिका शर्मा, ,नकुल सिंह, सजन श्री माली सभा मोर्चों के अधयक्ष, पूर्व विधाायक, और बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक शामिल हुए आदि शामिल रहे।

# तय धनराशि से अधिक वसूली में मैक्स अस्पताल पर पांच लाख का जुर्माना

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** तय धनराशि से अधिक वसूली और इलाज के पर्चे न देने तथा उपचार को भेती एवं लापरवाही पर जिला उपभोक्ता आयोग ने दिल्ली के मैक्स सुपर हॉस्पिटल पर 5 लाख का जुर्माना लगाया।

खंड विकास असमोली के ग्राम नगला खोकर निवासी नेमपाल सिंह ने अपनी पत्नी भाग्यवती के हृदय रोग के लिए देवकी देवी फाउंडेशन द्वारा चलाये जा रहे मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल साकेत में इलाज के लिए ले जाया गया। जहां उनके हृदय के राइट एंट्रीयम में स्थित मांस को सर्जरी द्वारा दिनांक 31.8.2021 को निकालने के पश्चात उसके राइट वेनिट्रिकिल को अक्रियशील हो जाने के कारण मरीज की रिकवरी धीमी हो गई। उक्त इलाज करने के लिए अस्पताल ने 300000 का पैकेज बताया। परंतु धीरे-धीरे करके उनसे 11 लाख 80 हजार 795 ले लिए तथा 14-15 दिन रखने के बाद भी जब कोई सुधार नहीं हुआ तो घर ले जाने के लिए कहा। जहां अगले दिन दिनांक 21.9.2021 को अस्पताल से छुट्टी होने के उपरांत उनकी मृत्यु हो गई। तथा बिना इलाज के कागज दिए उनको हॉस्पिटल से छुट्टी दी गई। जिसके लिए नेमपाल सिंह ने अस्पताल द्वारा तय धनराशि से अधिक धनराशि वसूली तथा इलाज के पर्चे न देने के संबंध में एवं इलाज में भर्ती के लापरवाही के लिए जिला उपभाक्ता आयोग सम्भल में

## उपभोक्ता आयोग ने दिए आदेश


उपभोक्ता मामलों के विशेषज्ञ अधिवक्ता लवमोहन वार्ष्णेय द्वारा एक वाद प्रस्तुत किया गया। आयोग ने दोनों पक्षों को तलब किया तो उन्होंने आयोग को बताया कि उनके द्वारा आपरेशन पूर्ण रूप से सही किया गया है। आयोग ने ऑपरेशन से संबंधित पूर्व तथा बाद की रिपोर्ट पेश करने के लिए कहा गया। जिस पर पहले तो अस्पताल द्वारा कोई भी प्रपत्र अथवा रिपोर्ट होने से मना किया। वादी के अधिवक्ता लवमोहन वार्ष्णेय द्वारा आयोग से परिवादी की पत्नी को डिस्चार्ज करने पर कोई भी इलाज के पेपर उपलब्ध नहीं कराए गए जिस पर आयोग के आदेश देने पर अस्पताल की ओर से आपरेशन से पूर्व की गई। जांच रिपोर्ट आयोग में दाखिल की तथा बार-बार आदेश दिए जाने के बावजूद भी विपक्षी द्वारा ऑपरेशन के बाद की रिपोर्ट दाखिल नहीं की गई। जिस पर आयोग ने दोनों पक्षों की बहस सुनी और विपक्षीगण देवकी देवी फाउंडेशन व मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल के प्रबंधक निदेशक/अध्यक्ष को परिवादी नेमपाल सिंह को उसकी पत्नी की सर्जरी व इलाज में बरती गई चिकित्सकीय उपेक्षा को क्षतिपूर्ति के रूप में 5 लाख रुपए उस पर परिवाद संस्थान की तिथि से 7 प्रतिशत वार्षिक ब्याज सहित दो माह के अंदर अदाकरने का आदेश दिया। इसके अलावा विपक्षीगण को परिवादी को मुबलिग 50000 मानसिक कष्ट व आर्थिक हानि की मद में तथा 5000 बाद व्यय के मद में भी अदा करने के साथ नियत अवधि में धनराशि अदा न किए जाने ब्याज 9 प्रतिशत वार्षिक देय होने के निर्देश दिए।

# जेकेईटी के बच्चों ने किया शानदार प्रदर्शन

**शाह टाइम्स,संवाददाता**

**बबराला।** सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन किया। स्कूल डायरेक्टर उमेश यादव ने बताया कि जे के ई टी कॉन्वेंट स्कूल जुनावई के कक्षा 12 वी मैं 93 बच्चों मैं से 78 बच्चे पास हुए। निकिता वार्ष्णेय 89.4 प्रतिशत अंक पाकर प्रथम स्थान, आयुष वार्ष्णेय 89 प्रतिशत अंक पाकर दूसरे स्थान पर रहे और स्वंम वार्ष्णेय 88.4 प्रतिशत अंक पाकर तीसरे स्थान पर रहे। उन्होंने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। जबकि शिक्षक व शिक्षिकाओं को बधाई दी।







# वर्चुअल बैठक में डीएम ने की समीक्षा

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** प्रधानमंत्री के तेल बचत के आहवान का असर सरकारी कार्यालयों में भी होने लगा है। जिला मुख्यालय पर आईजीआरएस एवं हेल्पलाइन शिकायतों को लेकर आयोजित बैठक में वीडियो कान्फ्रेंसिंग से समीक्षा कर शिकायतों के समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण पर विशेष जोर दिया।

जिलाधिकारी अंकित खंडेलवाल की अध्यक्षता में आयोजित बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व प्रदीप वर्मा ने 50 प्रतिशत से अधिक असंतुष्ट फीडबैक वाले विभागों की स्थिति से जिलाधिकारी को अवगत कराया। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी संदर्भों का निस्तारण निर्धारित समय से तीन दिवस पूर्व सुनिश्चित किया जाए। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि मुख्यमंत्री, उप मुख्यमंत्री एवं मंत्री स्तर से प्राप्त संदर्भों को गंभीरता से पढ़ते हुए उनका गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाए। उन्होंने कहा कि कोई भी आख्या अपलोड करने से पूर्व अधिकारी स्वयं उसका परीक्षण करें तथा शिकायतकर्ता से वार्ता करने के उपरांत ही रिपोर्ट प्रेषित करें। अपर जिलाधिकारी ने बैठक में अवगत कराया कि कुछ विभागों द्वारा पूर्ववत एवं असंतोषजनक आख्या पुनः प्रेषित की जा रही हैं। इस पर जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि शिकायतों का निस्तारण पूर्ण गुणवत्ता एवं संवेदनशीलता के साथ किया जाए। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि कोई भी संदर्भ लंबित न रखा जाए तथा जनसुनवाई से संबंधित संदर्भों की आख्या सात दिवस के भीतर उपलब्ध कराई जाए। निधरित समयावधि में आख्या प्रस्तुत न होने की स्थिति में संबंधित अधिकारी स्वयं आख्या लेकर जनसुनवाई में उपस्थित होंगे।। बैठक में ब्लॉक एवं नगर पालिका स्तर पर प्राप्त संतोषजनक एवं असंतोषजनक फीडबैक की भी समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि वे अपने स्तर पर ब्लॉक स्तरीय संबंधित अधिकारियों की बैठक आयोजित कर शिकायतों के निस्तारण की नियमित समीक्षा करें। उन्होंने कहा कि शिकायतकर्ताओं से शत-प्रतिशत संपर्क स्थापित किया जाए तथा यह सुनिश्चित किया जाए कि कोई भी अधिकारी डिफाल्टर श्रेणी में न आए। विभागीय स्तर पर टीम गठित कर शिकायतों के निस्तारण की मॉनिटरिंग करने तथा शिकायतकर्ता की संतुष्टि सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए। बैठक के दौरान ज्ञान भारतम मिशन के अंतर्गत दुर्लभ पाण्डुलिपियों के डिजिटल संरक्षण एवं स्व-गणना अभियान के संबंध में भी चर्चा की गई तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए।

## दिन भर गर्मी ने सताया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** एक दिन पूर्व सुबह और देर शाम आंधी व तूफान और बारिश से जहां गर्मी में बड़ी राहत मिली लेकिन दूसरे दिन सुबह से ही निकली तेज व चटक धूप ने गर्मी में दिन भर सताया। धूप की चमक और सूरज की तपिश से घरों से बाहर निकलने वालों को पसीने से तरबतर कर दिया।

# नाबालिग छात्रा को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने का आरोप

**बबराला( शाह टाइम्स, संवाददाता )।** गुन्नौर से बीएससी प्रथम वर्ष की एक नाबालिग छात्रा संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई है। छात्रा अपने घर से लाखों रुपये के जेवर और नकदी लेकर निकली थी। परिजनों ने आरोप लगाया है कि कोई अज्ञात व्यक्ति उनकी बेटी को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया है। इस संबंध में थाना पुलिस को तहरीर दी गई है और मामले में कार्रवाई की मांग की। राजकीय महाविद्यालय जुनावई की छात्रा कस्बा गुन्नौर निवासी पीड़ित पिता ने पुलिस को बताया कि उनकी 17 वर्षीय बेटी सुबह करीब 11 बजे राजकीय महाविद्यालय जुनावई में बीएससी प्रथम वर्ष की प्रैक्टिकल फाइल जमा करने की बात कहकर घर से निकली थी काफी देर तक वापस न लौटने पर परिजनों को चिंता हुई दोपहर करीब दो बजे जब परिजन कॉलेज पहुंचे तो क्लास टीचर ने बताया कि छात्रा उस दिन कॉलेज आई ही नहीं थी दुकान से नया सिम कार्ड खरीदा था। इसके बाद परिजनों ने छात्रा की सहेली से संपर्क किया सहेली ने जानकारी दी कि करीब एक सप्ताह पहले छात्र ने अपने आधार कार्ड का उपयोग करके कस्बा जुलेपुरा स्थित एक दुकान से एक नया सिम कार्ड खरीदा था करीब दो लाख रुपये नकद भी गायब परिजनों ने घर में रखे सामान की जांच की तो बक्से से करीब चार तोला सोने के जेवरात जिनमें झुमकी अंगूठियां और नथ शामिल थे गायब मिले। इसके अलावा लगभग 250 ग्राम चांदी की पाजेब और करीब दो लाख रुपये नकद भी गायब पाए गए इस घटना से परिवार में हड़कंप मच गया है तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज पीड़ित पिता ने आशंका जताई है कि कोई अज्ञात व्यक्ति उनकी नाबालिग बेटी को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया है थानाध्यक्ष संजय कुमार ने बताया कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है और युवती की तलाश के लिए पुलिस टीम जुट गई है।

## बीएससी फाइल जमा करने निकली थी छात्रा

# बार और बैंच में सामंजस्य ज़रूरी: सिविल जज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बबराला।** सिविल बार एसोसिएशन गुन्नौर ने तहसील सभागार में सिविल जज जूनियर डिवीजन गुन्नौर के नवागत सिविल जज अभिषेक सिंह, उपजिलाधिकारी विकास चंद,तहसीलदार रवि सोनकर का अधिवक्ताओं ने फूलमाला पहनाकर व स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया। गुरुवार को सिविल बार एसोसिएशन की ओर से आयोजित इस स्वागत समारोह में सिविल बार अध्यक्ष शैलेन्द्र यादव ने कहा कि बार और बेंच सिक्के के दो पहलू की तरह काम करते हैं। तालमेल के साथ काम किया जाता है। सिविल जज अभिषेक सिंह ने कहा कि बार- बेंच में जब सामंजस्य होता है। तभी न्याय सुलभ होता है। क्योंकि बार और बेंच दोनों ही न्याय के पूरक है। सभी वादकारियों को समुचित न्याय मिलेगा। अधिवक्ता निश्चिंत रहें। गुन्नौर उपजिलाधिकारी विकास चंद ने कहा कि अधिवक्ताओं की प्रत्येक समस्या के समाधान को हम तत्पर हैं। इस मौके पर सभी अधिवक्ता मोजूद रहे।

## टीम की महिला पुलिस कर्मियों ने किया जगह-जगह जागरूक

## एक नज़र इधर भी



सिरसी-सीबीएसई परीक्षा में सफल छात्रा को मिष्ठान खिलाते।

# बहमन पब्लिक स्कूल का परिणाम रहा 97 प्रतिशत

**सिरसी ( शाह टाइम्स,संवाददाता )।** बहमन पब्लिक स्कूल सिरसी का सीबीएसई बोर्ड द्वारा जारी कक्षा 12 का रिजल्ट 97 प्रतिशत रहा। परीक्षाफल में प्रथम स्थान माही अक्सा ने, द्वितीय स्थान तथीर जहरा जाफरी और तीसरा स्थान जसिया जैदी ने हासिल किया इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक अली अकबर रतनसी ने फोन से तथा प्रधानाचार्य शोभित कुमार रस्तोगी ने बच्चों को मिठाई खिला कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर प्रशासक अजगर अली शाह, डायरेक्टर ताहिर उज्जमा, उप प्रधानाचार्य मौ औन नकवी, कोआर्डिनेटर शबाना नाज एनसीसी अधिकारी दिनेश कुमार सिंह, अध्यापक एहसान अली, आफरीन कुरैशी, फरमान कुरैशी, फरमान अहमद साहिब अली लॉजी ने भी कक्षा 12 की उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को मिठाई खिलाकर उन्हें मुबारकबाद दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामनाएं की। इस दौरान शिफा फतेह, कुलसुम जाफरी, सानिया जहरा, आकांशु मोहन, मोहम्मद जैद, राहिला जैदी, मासूम जहरा आदि छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।



बबराला- होम कम्पोस्टिंग कर रही महिला से संवाद करते।

# स्वच्छता में महिलाओं की भागीदारी

**बबराला ( शाह टाइम्स,संवाददाता )।** नगर पंचायत बबराला एवं आईटीसी मिशन सुनहरा कल के संयुक्त तत्वावधान में वार्ड नंबर 12 लेखपाल कालोनी में होम कंपोस्टिंग कर रही महिलाओं से संवाद किया गया। आईटीसी मिशन सुनहरा कल के कोर्डिनेटर करन सिंह ने कम्युनिटी व होम कंपोस्टिंग प्रोसेसिंग के विषय में समझाया। इसके साथ ही उन्होंने स्वच्छ और स्वस्थ नगर के निर्माण के लिए घर स्तर पर ही गीले, सूखे, सैनिटरी एवं घरेलू खतरनाक कचरे का पृथक्करण करें। स्रोत पर कचरा पृथक्करण न केवल स्वच्छता को बढ़ावा देता है, बल्कि बेहतर अपशिष्ट प्रबंधन एवं स्वच्छ पर्यावरण सुनिश्चित करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। जिम्मेदार नागरिक बनें और स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 में अधिाक से अधिाक स्वछता फीडबैक दें और अपने नगर बबराला को नंबर 1 बनाने में योगदान दें। इस दौरान वार्ड की महिलाएँ व सफाई कर्मी मौजूद रहे।

# बिजली दफ्तरों में एसी और उपभोक्ताओं से कटौती

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** एक तरफ बढ़ती गर्मी के साथ बिजली की बार-बार ट्रिपिंग और कटौती भी बढ़ती जा रही है। भयंकर गर्मी में समय असयम कटौती कर लोगों को बिजली आपूर्ति न देकर तरसाया जा रहा है। दूसरी तरफ एयरकंडिशन में बैठक दफ्तरों में मौज ले रहे विद्युत वितरण स्टेशन पर दिन में भी लाईटें जलने से बेखबर हैं।

शहर में बिजली की कटौती का कोई समय नहीं हैं। दिन हो या रात बिजली का आना और जाना लगा रहता है। दिन भर में भी काफी बार ट्रिपिंग और कटौती होती रहती है। बार-बार होती कटौती से लोग अब विचलित हो जाते हैं। रोज़ाना ही किसी न किसी

## भयंकर गर्मी में बिजली का आने-जाने का नहीं कोई समय

समय बिजली गायब रहने से लोगों कष्ट में समय गुज़ारना पड़ता है। लोग गर्मी का सामना करते हें,लेकिन विद्युत विभाग पर इसका कोई असर नही है। शरीर को बुरी तरह जलाने वाली गर्मी में जीने का सहारा बिजली उपभोक्ताओं के लिए कटौती की जा रही है। जबकि विद्युत वितरण केन्द्र पर दिन में भी पोल पर लाईटें जलाकर खपत और अधिक बढ़ाई जा रही है।,जबकि कार्यालयों में बिना ए सी के अधिकारी बैठना पसंद भी नहीं करते हैं।

## खोए मोबाइल पाकर खिल उठे चेहरे

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** विभिन्न कम्पनियों के खोए मोबाइल सर्विलांस की मदद से बरामद कर लिए। खोए मोबाइल पाकर मोबाइल स्वामियों के चेहरे खुशी से खिल गए।

पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार बिश्नोई व अपर पुलिस अधीक्षक (दक्षिणी) मनोज कुमार रावत के निर्देशन में आम जनमानस के गुमशुदा/खोये हुए बरामद करने को अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के दौरान विभिन्न कम्पनियों के मोबाइल फोन को सर्विलांस की मदद से बरामद कर लिए। पुलिस ने खोए 261 मोबाइल फोन जिनकी अनुमानित कीमत लगभग 55 लाख रुपये है। मोबाइल स्वामियों के सुपुर्द किये गये। खोए कीमती मोबाईल पाकर मोबाइल स्वामियों के चेहरे खुशी से खिल उठे।

# एंटी रोमियो टीम बालिकाओं को दे रही सशक्त व सुरक्षित वातावरण

## टीम की महिला पुलिस कर्मियों ने किया जगह-जगह जागरूक

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** पुलिस की एण्टी रोमियों टीमों द्वारा चलाया गया शमिशन शक्ति फेज-05 अभियान।' 'महिलाओं एवं बलिकाओं को वितरित किये गये पम्पलेट व विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों से अवगत कराया गया।'

उत्तर प्रदेश शासन द्वारा महिलाओं/बालिकाओं के सुरक्षार्थ व स्वालंबन हेतु चलाये जा रहे मिशन शक्ति अभियान (फेज-5.0) के तहत पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार के निर्देशन एवं नोडल अधिकारी अपर पुलिस अधीक्षक (उत्तरी) कुलदीप सिंह, क्षेत्राधिकारी चन्दौसी सहायक नोडल मिशन शक्ति अभियान दीपक कुमार के नेतृत्व में महिला पुलिस कर्मियों ने थाना क्षेत्रन्तर्गत आयोजित कार्यक्रम में बालिकाओं को जागरुक करने के साथ ही महिला संबंधित समस्याओं के निस्तारण कराने को चौपाल का आयोजन कर जागरुक किया। महिलाओं एवं बालिकाओं के साथ जुड़ कर उन्हें सशक्त एवं सुरक्षित वातावरण देने का प्रयास किया जा रहा है। साथ ही मिशन शक्ति 5.0 द्वितीय चरण अभियान के अन्तर्गत जनपद की एंटी रोमियो टीम द्वारा प्रमुख बाजारों, कस्बा,चौराहों, स्कूलों/कालेजों, धार्मिक स्थलों तथा अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर महिला पुलिस कर्मियों द्वारा शासन व पुलिस विभाग द्वारा महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण स्वावलंबन हेतु चलाई जा रही विभिन्न विभागों की योजनाओं तथा की जानकारी दी।



सम्भल- महिलाओं को जागरूक करती एंटी रोमियो टीम।

# कैमिस्ट एसोसिएशन के शाहनवाज कोषाध्यक्ष

## संगठन को तनमन धन से मजबूत करने का संकल्प

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** केमिस्ट एसोसिएशन की बैठक में एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष का चुनाव किया गया।

तहसील रोड स्थित मेडिकल स्टोर पर आयोजित बैठक में मोहम्मद शाहनवाज आलम का नाम कोषाधयक्ष पद के लिए प्रस्तावित किया। जिसका अनुमोदन सागर मेडिकल स्टोर के स्वामी अनिल कुमार अग्रवाल ने किया। जिसमें मो. शाहनवाज आलम को संगठन के कोषाध्यक्ष के रूप में मनोनीत किया। अतुल त्यागी, श्यामशरण शर्मा, प्रियरत्न आर्य, अभिजीत पॉल आदि ने करतल ध्वनि से स्वागत किया। केमिस्ट एसोसिएशन के सभी पदाधिकाकारियो ने मो. शाहनवाज आलम को माल्यार्पण करके प्रसन्नता व्यक्त की।

अजय कुमार शर्मा, दुर्वेश सैनी, सुबोध पाल, मो. नसीम, सत्यवीर सिंह, नीरज सैनी आदि शाहनवाज आलम को माल्यार्पण करके मिष्ठान खिलाया। नव मनोनीत कोषाधयक्ष मौ. शाहनवाज आलम ने तन मन धन और हर प्रकार की ऊर्जा लगाकर एसोसिएशन को मजबत करने का संकल्प लिया।



सम्भल- नव निर्वाचित कोषाध्यक्ष का स्वागत करते कैमिस्ट एसोसिएशन के पदाधिकारी।

## जो चाहे अस्पताल के रिकार्ड की फोटो कॉपी करा ले

# महत्वपूर्ण दस्तावेज असुरक्षित

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** रख-रखाव और व्यवस्था तथा ज़िला अस्पताल में कोई अंकुश नही होने से यहां के महत्वपूर्ण दस्तावेज़ असुरक्षित हैं कई बार हाजिरी रजिस्टर समेत कई अन्य अभिलेख गायब होने के बाद भी रिकार्ड की सुरक्षा के कंदोबस्त नही किये गए हैं।

ज़िला संयुक्त चिकित्सालय में वह सबकुछ है जिसका ढंग से इस्तेमाल किया जाये तो हर चीज़ का रख-रखाव एवं व्यवस्था आसानी से की जा सकेगी,लेकिन बे लगामी और प्रशासनिक व्यवस्थायें क्षीण होने के कारण महत्वपूर्ण दस्तावेज़ समेत हर चीज़ असुरक्षित बनी हुई है। दस्तोवज़ों को ही लिया जाये तो मेडिकोलीगल के रजिस्टर हों या फिर उपस्थिति पंजिका या फिर आपातकालीन इंट्री रजिस्टर का कोई रख-रखाव नही है। सर्वाधिक महत्वपूर्ण माने जाने वाले यह दस्तावेज़ किसी भी बाहरी व्यक्ति के हाथों में जब चाहें देखे जा सकते हैं। जबकि किसी भी समय मामला तय करों और इन दस्तावेज़ों की फोटो कॉपी आसानी से हासिल कर लो। ऐंसा नही कि इसकी जानकारी अस्पताल के अफसर को नही है,लेकिन बेलगामी और कोई अंकुश नही होने के कारण रोक-टोक नही की जाती। इसी का नतीजा रही कि पिछले दिनों अति महत्वपूर्ण उपस्थिति पंजिका ही अस्पताल से गायब कर दी गई थी। इतना सबकुछ होने के बाद भी दस्तावेज़ों की सुरक्षा के कोई व्यापक प्रबंध नही किये गए है।

## खुले में रखे जाने वाले दस्तावेज की कभी भी फोटो ले लो।

**सम्बंध-विच्छेद**

मेरा पुत्र आसिफ व उसकी पत्नी मन्तशा झगड़ालु किस्म के हैं। मेरे व मेरे परिवार के साथ गाली-गलौंच करते है। उक्त आसिफ गलत संगत में पड़ गया है व नशे के लिए घर से पैसा न मिलने पर परिवार के साथ लड़ता झगड़ता है। उसकी पत्नी भी अभद्र व्यवहार करती है। इसलिए मैने व मेरे चार बेटों ने आसिफ व मन्तशा से सम्बंध विच्छेद कर लिए है। अब आसिफ व मन्तशा किसी लेन-देन व कृत्यों के स्वयं जिम्मेदार होंगे। मैं व मेरे बेटों की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

**किश्वरी पत्नी लईक अहमद**
नि. मौहल्ला बरखेरियान सराय तरीन थाना हयात नगर जिला सम्भल।



सम्भल।- प्रतीक यादव के निधन पर शोकसभा में बोलते सईद इसराइली।

# प्रतीक यादव व जिलाध्यक्ष के पिता के निधन पर शोक

**सम्भल ( शाह टाइम्स,ब्यूरो )।** समाजवादी पार्टी की बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष मुलायम सिंह यादव के पुत्र प्रतीक यादव के निध पर शोक व्यक्त किया गया। बैठक में सपा कार्यकर्ताओं ने कहा कि दुख की इस घड़ी में सभी सपा कार्यकर्ताओं ने उनके परिवार के साथ खड़े हैं। बैठक में दिवंगत प्रतीक यादव को श्रृद्धांजलि अर्पित की और दो मिनट का मौन धारण कर आत्मा की शांति को प्रार्थना की। साथ जिलाध्यक्ष असगर अली अंसारी के पिता के इंतेकापल पर भी अफसासे जाहिर किया और मगफिरत की दुआ की। इस मौके पर डा. मुस्तफा, सुहैल चमन, डा. कासिम, मा. वकार, वाहिद, रमेज राजा, मौ. बिलाल, नदीम अहमद,नबील अहमद, वसीम खां आदि मौजद रेह।

## जिला टग ऑफ वॉर चैंपियनशिप का आयोजन सम्पन्न

**कांठ( शाह टाइम्स )** एस एस चिल्ड्रन एकेडमी में जिला टग ऑफ वार चैंपियनशिप का शुभारम्भ मुख्य अतिथि एडिशनल जिला विद्यालय निरीक्षक सतेन्द्र शर्मा,विद्यालय डायरेक्टर डॉ. अनिल अग्रवाल द्वारा फीता काटकर किया गया। प्रतियोगिता में जनपद के करीब 20 विद्यालयों के खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। अंडर-12 बॉयज प्रथम स्थान ख्र ग्रीन मीडोज स्कूल द्वितीय स्थान ख्र सेंट पॉल स्कूल तृतीय स्थान ख्र जीके पब्लिक स्कूल अंडर-12 गर्ल्स प्रथम स्थान-सेंट मैरी स्कूल, द्वितीय स्थान- आरआरके स्कूल तृतीय स्थान ख्र सेंट मैरी स्कूल अंडर-14 बॉयज प्रथम स्थान - एस एस चिल्ड्रन एकेडमी द्वितीय स्थान-आरके स्कूल तृतीय स्थान-जीएम पब्लिक स्कूल अंडर-14 गर्ल्स प्रथम स्थान- सेंट मैरी स्कूल द्वितीय स्थान गोया वर्ल्ड स्कूल तृतीय स्थान जीके स्कूल अंडर-17 बॉयज प्रथम स्थान एस एस चिल्ड्रन एकेडमी द्वितीय स्थान पीएमएस स्कूल तृतीय स्थान गोया वर्ल्ड स्कूल अंडर-17 गर्ल्स प्रथम स्थान एस एस चिल्ड्रन एकेडमी द्वितीय स्थान ख्र सेंट मैरी स्कूल तृतीय स्थान ख्र सेंट मैरी स्कूल को मिला। सफल आयोजन पर आयोजकों ने सभी विद्यालयों, खिलाड़ियों एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने खेल भावना, अनुशासन एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन का परिचय दिया।कार्यक्रम का समापन डॉ. विशेष गुप्ता, प्रधानाचार्य द्वारा विजेता खिलाड़ियों को मेडल एवं ट्रॉफी प्रदान कर किया गया। कार्यक्रम में एकेडमिक डायरेक्टर अपूर्व अग्रवाल, प्रिंसिपल डॉ. बबीता अग्रवाल, वाइस प्रिंसिपल सुप्रिया अग्रवाल, संस्था के अध्यक्ष चंद्रकांत सरन एवं सचिव एडवोकेट महेंद्र सिंह विश्नोई ,अमित भंडारी, डॉ अनूप कुमार,रत्नेश मिश्रा,सुभम विश्नोई विशेष रूप से उपस्थित रहे।



## प्रतीक यादव के निधन पर शोक सभा कर दी पुष्पांजलि

**कांठ( शाह टाइम्स )** मुलायम सिंह यादव के पुत्र प्रतीक यादव के निधन से शोक की लहर फैल गई। आज समाजवादी पार्टी कार्यालय पर शोकसभा का आयोजन किया गया एवं उनके चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की गई। इस मौके पर उपाध्यक्ष विक्रम सिंह यादव,विधानसभा अध्यक्ष नाजिम अली सैफी, जिला उपाध्यक्ष अतिकुररहमान, युवा नेता अरशद फुरकान खा, सगीर नेता, रईस सिद्दीकी, जैनुल आबेदिन,डॉ. दानिश, मुजीब राणा, आरिफ मलिक,जैनुल एडवोकेट, जुनैद चौधरी, भूरे खान, रिजवान अल्वी, सेहल दिलशाद अमजद अली, फहीम उद्दीन, दानिश चौधरी आदि मौजूद रहे।



## गन्ने के साथ सर्वे में सहफसली खेती को भी जोड़ा

**कांठ ( शाह टाइम्स )** उत्तर प्रदेश गन्ना सर्वेक्षण नीति-2026-27 के तहत मंडल में करीब पांच हजार से अधिक गांवों में गन्ना सर्वे के लिए 814 टीमें लगाई गई हैं। गन्ना आयुक्त ने सर्वेक्षण में अंत:फसली खेती, एग्रो-फॉरेस्ट्री और फार्म फॉरेस्ट्री के तहत बोई गई फसलों की बुवाई का विवरण भी अनिवार्य रूप से शामिल करने के निर्देश दिए हैं।उप गन्ना आयुक्त हरपाल सिंह के मुताबिक प्रदेश के गन्ना एवं चीनी आयुक्त की ओर से पेराई सत्र 2026-27 के लिए गन्ना सर्वेक्षण नीति जारी की जा चुकी है, मुरादाबाद परिक्षेत्र में गन्ना सर्वेक्षण चल रहा है, जो 30 जून तक चलेगा। गन्ना सर्वेक्षण कार्य को अधिक पारदर्शी, वैज्ञानिक एवं तकनीकी रूप से बनाने के उद्देश्य से अधिकारियों को निर्देशित किया गया है, कि सर्वेक्षण के दौरान खेत में मौजूद वास्तविक गन्ना किस्म का ही अंकन कराना सुनिश्चित कराएं। बताया कि मुरादाबाद परिक्षेत्र में बिजनौर जिले की दस चीनी मिलों के क्षेत्र में 377 टीमें, मुरादाबाद के चार चीनी मिल क्षेत्र में 128 टीमें, रामपुर की तीन चीनी मिल क्षेत्र में 74 टीमें, अमरोहा की तीन चीनी मिल क्षेत्र में 143 टीमें तथा संभल की तीन चीनी मिल क्षेत्र में 92 टीमों सहित कुल 814 टीमें लगाई गई हैं, जो करीब पांच हजार से अधिक गांवों में सात लाख से अधिक किसानों के गन्ने का सर्वे करेंगी।

## सुप्रीम कोर्ट में लंबित मामलों के निपटारे का सुनहरा मौका, 31 मई तक करें आवेदन

**मुरादाबाद ( शाह टाइम्स ब्यूरो )।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव श्रीमती तपस्या त्रिपाठी ने बताया कि माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने न्याय प्रणाली को सरल और सुलभ बनाने के उद्देश्य से ष्समाधान समारोह (विशेष लोक अदालत) 2026 की शुरुआत 21 अप्रैल 2026 से की है। इस अभियान का समापन 21, 22 एवं 23 अगस्त 2026 को सुप्रीम कोर्ट परिसर में विशेष लोक अदालत के साथ होगा। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य सुप्रीम कोर्ट में लंबित मामलों का निपटारा आपसी सहमति और सुलह के माध्यम से करना है। इसके लिए मध्यस्थता केंद्र में पूर्व-सुलह बैठकों का आयोजन किया जा रहा है। पक्षकार व्यक्तिगत रूप से या वर्चुअल माध्यम से भी सुलह-वार्ता में शामिल हो सकते हैं। वर्चुअल माध्यम से दूरस्थ क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को विशेष लाभ मिलेगा। इच्छुक पक्षकार अपने मामलों को इस विशेष लोक अदालत में शामिल कराने के लिए गूगल फॉर्म के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। आवेदन की अंतिम तिथि 31 मई 2026 निर्धारित की गई है। किसी भी जानकारी के लिए सुप्रीम कोर्ट द्वारा स्थापित वन स्टॉप सेंटर से संपर्क किया जा सकता है। प्राधिकरण की सचिव ने अधिवक्ताओं, वादकारियों एवं सभी संबंधित पक्षों से इस जनहितकारी अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की है। उन्होंने कहा कि यह पहल न केवल समय एवं धन की बचत करेगी, बल्कि आपसी संबंधों को भी बेहतर बनाए रखने में सहायक होगी। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, मुरादाबाद द्वारा इस अभियान के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, ताकि अधिक से अधिक लोग त्वरित, सस्ता एवं सुलभ न्याय प्राप्त कर सकें।

## महानगर में दोना और पॉपकॉर्न मेकिंग मशीन नि:शुल्क मिलेंगी, दस जून तक करें ऑनलाइन आवेदन

**मुरादाबाद।** उत्तर प्रदेश खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा वर्ष 2026-27 में जनपद मुरादाबाद के कारीगरों को स्वरोजगार से जोड़ने के लिए 08 दोना मेकिंग मशीन और 08 पॉपकॉर्न मेकिंग मशीन नि:शुल्क वितरित की जाएंगी। जिला ग्रामोद्योग अधिकारी श्री सत्यवीर सिंह ने यह जानकारी दी।किसे मिलेगा लाभ उन्होंने बताया कि दोना मेकिंग मशीन के वितरण के लिए दोना बनाने के कार्य में लगे परंपरागत कारीगरों और इस उद्योग में रुचि रखने वाले अन्य व्यक्तियों का चयन किया जाएगा। वहीं पॉपकॉर्न मेकिंग मशीन भुर्जी समाज के परंपरागत कारीगरों एवं इस उद्योग में रुचि रखने वाले अन्य व्यक्तियों को चयन के बाद नि:शुल्क दी जाएगी। लाभार्थियों के पंजीकरण की प्रक्रिया पूरी तरह ऑनलाइन है। इच्छुक आवेदक वेबसाइट की ऑनलाइन सेवाओं के अंतर्गत ष्ऑनलाइन टूलकिट्स पंजीकरण एवं आवंटनष् लिंक पर जाकर आवेदन कर सकते हैं। आवेदन की अंतिम तिथि 10 जून 2026 निर्धारित की गई है।

आवेदक की आयु 18 वर्ष से 50 वर्ष के बीच होनी चाहिए।आवेदन के साथ फोटो, आधार कार्ड, जाति/निवास प्रमाण पत्र, शैक्षिक योग्यता और राशन कार्ड की कॉपी अपलोड करनी होगी। प्राप्त आवेदन पत्रों का चयन निर्धारित चयन समिति द्वारा किया जाएगा। मुख्यालय स्तर से मशीनों की आपूर्ति प्राप्त होने पर चयनित लाभार्थियों को नि:शुल्क मशीन उपलब्ध कराई जाएगी।जिला ग्रामोद्योग अधिकारी ने बताया कि इस योजना का उद्देश्य परंपरागत कारीगरों को आधुनिक उपकरण देकर उनकी आय बढ़ाना और स्वरोजगार को प्रोत्साहन देना है।

# नागफनी क्षेत्र अकबर कंपाउंड में हुई डकैती की घटना का पुलिस ने किया खुलासा

## ● प्रेम-प्रसंग और लालच बना डकैती की वजह, कारोबारी की बेटी समेत 5 गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** शहर के थाना नागफनी क्षेत्र में पीतल कारोबारी के घर हुई सनसनीखेज डकैती की घटना का पुलिस ने महज तीन दिनों में खुलासा कर दिया है। थाना नागफनी पुलिस और एसओजी/सर्विलांस की संयुक्त टीम ने इस दुस्साहसिक वारदात को अंजाम देने वाले पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से लूटी गई 47.24 लाख रुपये की नकदी, अवैध हथियार, मोबाइल फोन और घटना में प्रयुक्त दो कारें भी बरामद की हैं।घटना 11 मई की रात थाना नागफनी क्षेत्र के अकबर कंपाउंड निवासी पीतल कारोबारी इमरान के घर हुई थी। बदमाशों ने घर में घुसकर परिवार को तमंचों के बल पर आतंकित किया और नगदी व आभूषण लूटकर फरार हो गए थे। घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल बन गया था। पीड़ित की तहरीर पर थाना नागफनी में मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू की थी।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर गठित पुलिस टीमों ने इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस, सीसीटीवी फुटेज और मुखबिर की सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपियों में अरशद वारसी, कुलदीप, रवि कुमार, निक्की और कारोबारी की बेटी अरीबा शामिल हैं। मुख्य आरोपी अरशद वारसी ने पुलिस को बताया कि उसका इमरान की बेटी अरीबा से पिछले आठ-नौ वर्षों से प्रेम संबंध था। परिवार द्वारा शादी से इनकार किए जाने के बाद दोनों ने मिलकर डकैती की योजना बनाई। अरीबा ने अपने पिता के घर में रखी बड़ी रकम की जानकारी अरशद को दी थी। इतना ही नहीं, उसने घटना से पहले घर की चाबियां भी आरोपी को उपलब्ध करा दी थीं और वारदात वाली रात मुख्य गेट खोलने का आश्वासन दिया था।इसके बाद अरशद ने अपने साथियों कुलदीप, रवि और निक्की को योजना में शामिल किया। निक्की ने अपने दोस्त आदित्य और अन्य साथियों को जोड़ा। सभी ने मिलकर योजनाबद्ध तरीके से कारोबारी के घर में घुसकर डकैती को अंजाम दिया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 47 लाख 24 हजार रुपये नकद, दो हुंडई एक्सेंट कारें, पांच मोबाइल फोन, तीन अवैध तमंचे 315 बोर, एक तमंचा 32 बोर और जिंदा कारतूस बरामद किए हैं।

पुलिस ने मामले में आर्म्स एक्ट समेत अन्य धाराओं की बढ़ोतरी कर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।





# रात को आए आंधी और तूफान से सैकड़ो पेड़ धराशाई, मकान और गोदाम भी हुए क्षतिग्रस्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांठ ( शाह टाइम्स )** रात को आए आंधी और तूफान से क्षेत्र में सैकड़ो पेड़ धराशाई हो गए पेड़ गिरने से मकान और गोदाम भी क्षतिग्रस्त हुए आम की फसल को भी भारी नुकसान बताया जा रहा है। शाम को मौसम ठीक था लेकिन रात में अचानक तेज हवाओं के साथ बारिश शुरू हो गई जिसमें उमरी कला चौराहा स्थित गुफरान अहमद पुत्र हाफिज ताहिर मकान पर लिप्टिस का पेड़ गिर गया जिससे छत पर लगा सोलर प्लांट पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया मकान की रेलिंग टूट गई लेकिन गनीमत रही कि इससे कोई जनहानि नहीं हो पाई उमरी कला के लोगों का कहना था कि चौराहे पर ऐसी कई घटना हो चुकी हैं हाईवे किनारे बड़े-बड़े लिप्टिस के पेड़ खड़े हैं जो आंधी और तूफान में मकान के ऊपर गिरकर लोगों को नुकसान पहुंचा रहे हैं।

इसके अलावा भी एक गैस के गोदाम पर पेड़ गिरने से उसकी छत टूट गई सुबह को ट्रैफिक पुलिस के टीएसआई रामकुमार सिंह कांठ के लिए निकले तो उन्हें भी रास्ते में कई जगह पेड़ टूटे हुए मिले एक जगह तो रास्ता मिलने पर वह आगे बढ़ गए लेकिन नहर की सड़क पर एक शीशम का पेड़ गिर गया जिसने यातायात पूरी तरह से बंद कर दिया वन विभाग से संपर्क किया तो उन्होंने सिंचाई विभाग का मामला बताया फिर उन्होंने सिंचाई विभाग से संपर्क कर टीम को बुलाकर पेड़ को कटवा कर रास्ता सुचारु कराया। इसके अलावा भी माननगर में दशहरा मेला स्थल से आगे एक मकान के ऊपर पड़ा टीन सेड हवा में उड़ गया जिसके नीचे बंधे पशुओं को भी चोट पहुंची और परिवार भी चोटिल हो गया।

सुबह को लोगों ने इकट्ठा होकर टीन सेड को लाकर अपनी जगह रखा कुल मिलाकर अचानक आई और आंधी तूफान ने लोगों को हिला कर रख दिया।

आम के बागों में पेड़ों पर लगे आम टूट कर गिर गए जिससे बागों में काफी नुकसान भी बताया गया है और सबसे बड़ी बात तो यह हुई के रसूलपुर बिजली घर को सप्लाई करने वाली 33 हजार और फीडर को सप्लाई होने वाली 11हजार की लाइन भी कई जगह से क्षतिग्रस्त होने के कारण बिजली घर से जुड़े क्षेत्र की बिजली गुल हो गई बिजली विभाग के लाइनमैन का कहना था कि उनके द्वारा लाइन ठीक करने के प्रयास किया जा रहे हैं लेकिन इसमें काफी वक्त भी लग सकता है।



# अपर निदेशक स्वास्थ्य ने सीएचसी का किया निरीक्षण



**बिलारी।** गुरुवार को अपर निद.ेशक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण आशु अग्रवाल ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिलारी का निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं एवं व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अस्पताल के विभिन्न विभागों का दौरा कर वहां उपलब्ध सुविधाओं, उपकरणों और मरीजों को दी जा रही सेवाओं की जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के दौरान अपर निदेशक ने इमरजेंसी वार्ड में रखे उपकरणों एवं आवश्यक सामान की गहनता से जांच की। इसके साथ ही डेंटल विभाग में पहुंचकर वहां उपलब्ध संसाधनों और उपकरणों को चेक किया। उन्होंने डिजिटल एक्सरे मशीन एवं डेंटल एक्सरे मशीन को जल्द इंस्टॉल करने के निर्देश भी संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने कमरा नंबर 8 स्थित फार्मेसी का निरीक्षण कर दवाओं की उपलब्धता एवं वितरण व्यवस्था की जानकारी प्राप्त की। वहीं एक्सरे मशीन की कार्यप्रणाली को भी गंभीरता से देखा और संबंधित कर्मचारियों से आवश्यक जानकारी ली। इसके अलावा कमरा नंबर 12 में स्थित नेत्र रोग विभाग का निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अस्पताल में पर्चा बनाने वाले कर्मचारी से भी बातचीत की और मरीजों की संख्या व पंजीकरण व्यवस्था के संबंध में जानकारी प्राप्त की। साथ ही अस्पताल की साफ-सफाई, व्यवस्थाओं और मरीजों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

## फरार वारंटी यामीन उस्ताद गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** थाना पुलिस ने न्यायालय से जारी गिरफ्तारी अधिपत्र में फरार चल रहे अभियुक्त 45 वर्षीय यामीन उर्फ यामीन उस्ताद पुत्र अहमदनूर उर्फ मुल्ला निवासी मोहल्ला अन्सारियान, थाना बिलारी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार अभियुक्त मुकदमा संख्या 2621/09, अपराध संख्या 311/08, धारा 323/504 भादवि से संबंधित मामले में वांछित चल रहा था।

गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक अमित कुमार, कांस्टेबल अरविन्द कुमार तथा रिक्रूट कांस्टेबल आशु तोमर शामिल रहे।

# बेसिक शिक्षा टास्क फोर्स बैठक: डीएम सख्त, बोले-शिक्षकों से अभद्रता बर्दाश्त नहीं

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** जिलाधिकारी डॉ. राजेन्द्र पैंसिया की अध्यक्षता में बेसिक शिक्षा की डिस्ट्रिक्ट टास्क फोर्स की बैठक संपन्न हुई। बैठक में कई अहम निर्देश दिए गए और लाप.रवाही पर नाराजगी जताई गई। डीएम ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी से जिले में कुल विद्यालय, अध्यापक और बच्चों की संख्या की जानकारी ली।

निर्देश के बावजूद बैठक में एआरपी की उपस्थिति सुनिश्चित न कराने पर डीएम ने नाराजगी जताई और बीएसए को चेतावनी नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि परिषदीय विद्यालयों में अध्यापक औपचारिक वेशभूषा में ही पहुंचें और बच्चे भी निर्धारित ड्रेस में आएं। प्रार्थना, समय और मिड डे मील का शेड्यूल तय है, इसका सख्ती से पालन हो। डीएम ने कहा कि विद्यालयों के बाहर डीएम, एसएसपी, सीडीओ सहित अधिकारियों के नंबर लिखवाए जाएंगे। शिक्षकों से किसी भी प्रकार की अभद्रता या वसूली की शिकायत बर्दाश्त नहीं होगी। सामग्री की सेंट्रलाइज आपूर्ति नहीं होगी, गुणवत्ता प्रभावित होने पर एफआईआर दर्ज होगी। कंपोजिट ग्रांट का उपयोग विद्यालय की जरूरतों के अनुसार हो। शिक्षा मित्रों और अनुदेशकों की उपस्थिति को लेकर मिल रही शिकायतों पर डीएम ने 15 दिन में सत्यापन के निर्देश दिए। कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों में कम उपस्थिति पर डीएम ने नाराजगी जताई। भगतपुर, मुरादाबाद, ठाकुरद्वारा, डिलारी और छजलैट की वार्डन को स्पष्टीकरण नोटिस और संबंधित खंड शिक्षा अधिकारी को चेता.वनी नोटिस के निर्देश दिए।

वार्डन अब नाश्ते-भोजन की फोटो व्हाट्सऐप ग्रुप पर भेजेंगी। बालिकाओं को अहिल्याबाई होल्कर पर आधारित सीरियल दिखाया जाएगा। डीएम ने कहा कि निरीक्षण के लिए नामित अधिकारी हेडमास्टर की कुर्सी पर नहीं बैठेंगे और शिक्षकों से शिष्टाचार का पालन करते हुए जांच करेंगे।

उन्होंने शिक्षकों से बच्चों के भविष्य को लेकर संवेदनशील रहने को कहा।बैठक में सीडीओ सुश्री मृणाली अविनाश जोशी, जॉइंट मजिस्ट्रेट सुश्री शक्ति दुबे, डीआईओएस देवेन्द्र पाण्डे, बीएसए विमलेश कुमार, डीपीआरओ आलोक शर्मा मौजूद रहे।



**न्यायालय सिविल जज ( सी0 डि0 ) महोदय, जनपद-मुरादाबाद।**
**मूलवाद संख्या:** 42 सन् 2026
**तारीख पेशी:** 13.07.2026
**आदित्य प्रजापति आदि प्रति श्रीमति अन्जु वर्मा आदि।**
**बनाम**

1. श्रीमति अन्जु वर्मा आयु लगभग 58 वर्ष पत्नी श्री दलीप कुमार वर्मा पुत्री स्व० श्री रमेश चन्द्र निवासनी 2135 ऐटेरनिया टावर माहगुन मस्कट तहसील व जिला गाजियाबाद, 2. श्री भगवानदास आयु लगभग 54 वर्ष पुत्र स्व० श्री बदलू राम निवासी मौहल्ला लाल बाग गली नं0 2 मुरादाबाद वर्तमान नि.मौहल्ला नवाबपुरा कहारो का मन्दिर तह. व जिला मुरादाबाद। उपरोक्त **वादीगण** ने आपके विरूद्ध उपरोक्त वाद बाबत घोषणा इस आशय के साथ संस्थित किया है कि वादीगण ने उपरोक्त वाद घोषणात्मक अनुतोष की प्राप्ति हेतु आपको इस न्यायालय की तारीख दिनाँक 13.07.2026 को दिन के 11 बजे दावे का उत्तर देने के लिये हाजिर होने के लिये सम्मन किया जाता है आप न्यायालय में उपरोक्त तिथि पर स्वंय या किसी प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते है जिसे सम्यंक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद से सम्बन्धित सभी सारवान प्रश्नो का उत्तर दे सके या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो जो ऐसे सब प्रश्नो का उत्तर दे सके आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि आप उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन दाखिल करे और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे व शक्ति में हो उन्हे पेश करे जिन पर आपकी प्रतिरक्षा आधारित है, आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपरोक्त तिथि पर इस न्यायालय में हाजिर नही हुये तो वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा।

आज दिनाँक 14.05.2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।

**( वाद लिपिक )**
**न्यायालय सिविल जज**
**( सी०डि० ) मुरादाबाद।**

**न्यायालय श्रीमान सिविल जज ( जू0 डि0 ) महोदय, मुरादाबाद।**
**मूलवाद संख्या**-62/2026
**तारीख पेशी:** 29.05.2026
**फैसल एजुकेशनल सोसाइटी बनाम उत्तर प्रदेश राज्य आदि।**

1. फैसल एजूकेशनल सोसाइटी ग्राम शाहपुर डसर तहसील व जिला सम्भल द्वारा व्यवस्थापक जुल्फिकार अली, 2. एन.एम. इण्टर कालिज कोहिनूर तिराहा करूला वाईपास धीमरी मुरादाबाद द्वारा प्रबन्धक जुल्फिकार अली, 3. जुल्फिकार अली आयु 60 वर्ष पुत्र स्व० अब्दुल रज्जाक निवासी ग्राम शाहपुर डसर तहसील व जिला सम्भल, 4. एन.एम. इण्टर कालिज कोहिनूर तिराहा करूला वाईपास धीमरी मुरादाबाद द्वारा प्रधानाचार्य नीलम यादव नीलम यादव आयु 35 वर्ष पत्नी श्री मोहित यादव पुत्री स्व० रमेश चन्द्र यादव निवासी मानपुर नारायणपुर नियर श्री श्याम कैफे जयन्तीपुर लाइनपार मुरादाबाद-**वादीगण।**

**बनाम**

**प्रतिवादी संख्या-3.** डा० अभिषेक मिश्रा प्रधानाचार्य राजकीय हाईस्कूल बेगमपुर मुरादाबाद। चूंकि उपरिनामांकित वादीगण के इस न्यायालय में यह आवेदन किया जाता है कि अतएव आपको एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उसे खिलाफ करने के लिये 2026 के माह 05 के दिवस 29 को 10 बजे पूर्वान्ह अथवा बंधक रूपये अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपरनाम हो यदि ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा। मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज सन् 2026 के माह 05 के दिवस 12 को निकाली गयी है।

**मुंसरिम**
**न्यायालय सिविल जज**
**( जू.डि. ) महोदय मुरादाबाद।**

## कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी, भगतपुर टाण्डा (मुरादाबाद)

पत्रांक: 370/आंकिक/क्षेत्र पंचायत/निविदा/2026-27 दिनाँक: 14.05.2026

**::-अल्पकालीन निविदा सूचना-::**

क्षेत्र पंचायत भगतपुर टांडा, जनपद मुरादाबाद की आयोजित बैठक दिनांक 13.10.2026 में पारित अनुपूरक कार्ययोजना के सापेक्ष क्षेत्र पंचायत/पंचम राज्य वित्त एवं केन्द्रीय वित्त (अनटाइड) मद में निम्नलिखित कार्य इस विकास खण्ड में जनहित में कराये जाने हैं। इच्छुक ठेकेदार दिनांक 15.05.2026 से 29.05.2026 को अपराह्न 12:30 बजे तक अपनी-अपनी निविदायें अधोहस्ताक्षरी कार्यालय से क्रय कर दिनांक 29.05.2026 को अपराह्न 03:00 बजे तक कार्यालय में आवश्यक प्रपत्रों सहित एवं जमानत राशि ( बैंक एफ.डी.आर. ) संलग्न करते हुए अपनी-अपनी निविदायें अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में जमा कर सकते हैं। निविदा प्रपत्र एवं शर्तें कार्यालय अवधि में कार्यालय से प्राप्त होंगी। निविदा स्वीकृत/अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा। निविदा विकास खण्ड कार्यालय पर दिनांक 30.05.2026 को अपराह्न 12:00 बजे खोली जायेगी। उक्त दिनांक को राजकीय अवकाश होने की दशा में निविदा अगले दिन खोली जायेगी।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | योजना का नाम | प्रस्ताव संख्या | लम्बाई ( मी० ) | धनराशि ( रू० में मय जी.एस.टी. सहित ) | निविदा मूल्य 500+500 स्टेशनरी | जमानत धनराशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | विकास खण्ड भगतपुर टांडा परिसर में मरम्मत व अन्य कार्य। | पंचम राज्य वित्त /केन्द्रीय वित्त | 46 | - | 999000.00 | 1000 | 2% | 3 माह |
| 2 | ग्राम पंचायत निवाड खास में गंगा राम के खेत से सर्वेश के खेत की ओर सपोर्टिंग वॉल निर्माण। | पंचम राज्य वित्त /केन्द्रीय वित्त | 27 | 26.95 मी0 | 999000.00 | 1000 | 2% | 3 माह |
| 3 | ग्राम पंचायत निवाड खास में नचला नदी के पास राजू के खेत से जगदीश के खेत की ओर सपोर्टिंग वॉल निर्माण। | पंचम राज्य वित्त /केन्द्रीय वित्त | 34 | 26.95 मी0 | 999000.00 | 1000 | 2% | 3 माह |
| 4 | ग्राम पंचायत निवाड खास में उमेश मास्टर के खेत से रमेश के खेत की ओर आर.सी.सी. रिटेनिंग वॉल निर्माण कार्य। | पंचम राज्य वित्त /केन्द्रीय वित्त | 44 | 26.95 मी0 | 999400.00 | 1000 | 2% | 3 माह |

**( अमर सिंह )**
**खण्ड विकास अधिकारी**
**भगतपुर टाण्डा ( मुरादाबाद )।**

## उदयनिधि स्टालिन के सनातन विरोधी बयान का पूरे भारत में हो व्यापक विरोध: डॉ. राजकमल गुप्ता

**मुरादाबाद।** विश्व हिंदू परिषद के केंद्रीय प्रबंधन समिति के सदस्य एवं क्षेत्रीय गो सेवा प्रमुख डॉ. राजकमल गुप्ता ने तमिलनाडु विधानसभा में दिए गए उदयनिधि



स्टालिन के सनातन विरोधी वक्तव्य की कड़ी निंदा की है। उन्होंने कहा कि इसका पूरे भारत में व्यापक विरोध होना चाहिए।डॉ. गुप्ता ने सवाल उठाया कि क्या उदयनिधि स्टालिन इस प्रकार का वक्तव्य किसी अन्य मजहब के विरुद्ध भी देने का साहस कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि सनातन हिंदू धर्म और उसकी आस्थाओं को निरंतर अपमानित करना लो. कतांत्रिक और संवैधानिक मूल्यों के भी विप. रीत है। नेता प्रतिपक्ष के इस बयान को अविल. ब विधानसभा की कार्रवाई से निकाला जाना चाहिए।उन्होंने कहा कि तमिलनाडु सरकार को राज्य के प्रसिद्ध मंदिरों और सनातन परंपरा से जुड़े धार्मिक स्थलों से राजस्व प्राप्त होता है। इसके बावजूद सनातन विरोधी मानसिकता का प्रदर्शन करना उचित नहीं है।डॉ. राजकमल गुप्ता ने कहा कि सनातन हिंदू धर्म तमिलनाडु सहित पूरे भारत की सांस्कृतिक आत्मा है। इतिहास साक्षी है कि सनातन को समाप्त करने का प्रयास करने वाली अनेक विचारधाराएं स्वयं समाप्त हो गई हैं, किंतु सनातन आज भी उतनी ही शक्ति, श्रद्धा और व्यापकता के साथ समाज का मार्गदर्शन कर रहा है और आगे भी करता रहेगा।

## कुंदरकी विधायक रामवीर सिंह ने मंत्री असीम अरुण से की मुलाकात

**कुंदरकी।** कुंदरकी विधायक ठाकुर रामवीर सिंह ने आज लखनऊ में समाज कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण से शिष्टाचार भेंट की। विधायक ने सामाजिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों को बढ़ावा देने तथा संविधान निर्माता



बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की स्मृति को संरक्षित रखने के लिए विकासखंड कुंदरकी एवं मुंडापांडे की 15 ग्राम पंचायतों में अंबेडकर पार्कों के निर्माण एवं सौंदर्यकरण की मांग रखी। ये ग्राम पंचायतें हैं: गुरेर, मिलक गुरेर, हरियाना, शेखुपुर खास, मोहनपुर, तखतपुर हाशा, वाहपुर, मोहम्मदपुर वस्तोर, नूरपुर, जटपुरा, मधुपुरी, इमरतपुर उद्यों, माल. पुर, जेतिया सादुल्लापुर एवं शिवपुरी। मंत्री असीम अरुण ने सभी कार्यों को शीघ्र शुरू कराने का आश्वासन दिया। साथ ही कुंदरकी विधायक ने एडीओ समाज कल्याण प्रशांत कुमार पर गंभीर आरा. प लगाया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत लाभार्थियों की फाइल एकत्र करने के नाम पर एडीओ ने जन सेवा केंद्र संचालक राजेंद्र कुमार से 2 लाख रुपये लिए हैं। विधायक ने मामले की जांच कराने एवं संबंधित अधिकारी के विरुद्ध आवश्यक विभागीय कार्रवाई करने की मांग की।

## भीषण गर्मी में राहगीरों को पिलाया शरबत

**चन्दौसी।** मई माह की भीषण गर्मी और उमस से लोग बेहाल नजर आ रहे हैं। गुरुवार को सुबह से ही तेज धूप और उमसभरी गर्मी के कारण लोगों का घरों से निकलना मुश्किल हो गया। ऐसे मौसम में राहगीरों और बाजार आने वाले लोगों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से चन्दौसी के सर्राफा बाजार में दुकानदारों द्वारा मीठे शरबत का वितरण किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में लोगों ने ठंडा शरबत पीकर गर्मी से राहत महसूस की। दुकानदारों और सेवादारों ने राहगीरों, ग्राहकों तथा आसपास के लोगों को शरबत पिलाकर सेवा कार्य किया। सेवादारों ने बताया कि भीषण गर्मी को देखते हुए आने वाले दिनों में भी प्रतिदिन ठंडे शरबत का वितरण जारी रखा जाएगा, ताकि लोगों को गर्मी से कुछ राहत मिल सके। इस सेवा कार्य की लोगों ने सराहना की।

# जम्मू-कश्मीर से दबोचे गए बेकरी संचालक हत्या कांड के दो 50-50 हजार के इनामी आरोपी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** शहर के थाना नागफनी क्षेत्र में चर्चित बेकरी संचालक हत्या कांड में पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने हत्या के मुख्य आरोपी समेत दो 50-50 हजार रुपये के इनामी वांछित आरोपियों को जम्मू-कश्मीर से गिरफ्तार कर लिया, जबकि घटना में शामिल एक बाल अपचारी को भी हिरासत में लेकर किशोर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।पुलिस के अनुसार 28 फरवरी को जिगर कॉलोनी निवासी मजाहिर हुसैन उर्फ डेनियल ने अपने बहनोई मोहम्मद असद की गोली मारकर हत्या किए जाने के संबंध में थाना नागफनी में मुकदमा दर्ज कराया था।



आरोप था कि आरोपियों ने साजिश रचकर बंगला गांव चौराहे के पास वारदात को अंजाम दिया। मामले में थाना नागफनी पर बीएनएस की विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई थी। जांच के दौरान पुलिस ने पहले ही तीन आरोपियों आलमग. ीर, मोहम्मद फैजान और आसिफ को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था, लेकिन मुख्य आरोपी जफर हुसैन और उसका पुत्र सैफुल जफर फरार चल रहे थे। दोनों की गिरफ्तारी पर पुलिस उपमहानि. रीक्षक मुरादाबाद परिक्षेत्र द्वारा 50-50 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था। फरार आरोपी जफर के खिलाफ कुर्की की कार्रवाई भी की गई थी।पुलिस को सूचना मिली कि आरोपी जम्मू-कश्मीर में छिपे हुए हैं। इसके बाद वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में थाना नागफनी पुलिस और स्वाट टीम को जम्मू-कश्मीर रवाना किया गया। टीम ने सफल कार्रवाई करते हुए दोनों इनामी आरोपियों और एक बाल अपचारी को गिरफ्तार कर लिया। सभी को मुरादाबाद लाकर न्यायालय में पेश किया गया। पुलिस मामले में आगे की विधिक कार्रवाई कर रही है।

## बुधवार रात आई आंधी ने मचाई तबाही, पेड़ों के गिरने से पटा रोड़

**चन्दौसी।** तहसील चन्दौसी अन्तर्गत थाना कुढ़फतेहगढ़ क्षेत्र में बुधवार रात आई तेज आंधी ने भारी तबाही मचाई। जगह-जगह वर्षों पुराने पेड़ उखड़ कर गिर गये, ग्रामीणों के घरों पर पड़े छप्पर आदि हवा में उड गये, जिससे क्षेत्र में भारी हानि हुई है। चन्दौसी से बिचौटा चौराहे पर होकर रीठ गुरसरी को जाने वाले रोड पर आंधी ने भारी तबाही मचाई। रोड पर जगह-जगह पेड़ टूट कर सड़क पर गिर गये। दियौरा खास से जहांगीरपुर तक रोड़ पूरी तरह टूट कर गिरे हुए पेड़ों से पट गया। सुबह सवेरे ग्रामीणों ने पेड़ों को काट छांटकर रोड से हटाया। दियौरा खास के मझरा मिलक में कुढ़फतेहगढ़ जाने वाले मार्ग पर आबादी के निकट लगे विद्युत पोल पर ट्रांसफार्मर पर पेड़ गिरने से पोल टूट कर ट्रांसफार्मर नीचे गिरकर क्षतिग्रस्त हो गया और मार्ग पूरी तरह अवरुद्ध हो गया। दियौरा खास में रोड़ किनारे धर्मशाला वाले मंदिर पर लगी सोलर लाइट टूटकर गिर गई। छाबड़ा में पीपल की डालियां टूट कर बिजली की केबिल लाइन पर गिरने से केबिल लाइन टूटकर क्षतिग्रस्त हो गई।

### एक नजर

## कोतवाली बिलारी में नए पुलिस रिक्रूटों का व्यावहारिक प्रशिक्षण जारी

**बिलारी।** कोतवाली बिलारी में नव नियुक्त पुलिस रिक्रूटों का व्यावहारिक प्रशिक्षण लगातार जारी है। इसी क्रम में कांस्टेबल तानिया



कपिल सहित नए रिक्रूट कोतवाली परिसर में ड्यूटी एवं पहरा देते नजर आए। प्रशिक्षण के दौरान उन्हें पुलिस कार्यप्रणाली, सुरक्षा व्यवस्था और अनुशासन से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां दी जा रही हैं। प्रभारी निरीक्षक उदय प्रताप सिंह के निर्देशन में नए रिक्रूटों को थाने की कार्यप्रणाली, फरियादियों से व्यवहार, सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने तथा कानून व्यवस्था से संबंधित व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसके साथ ही उन्हें ड्यूटी के दौरान सतर्कता, अनुशासन और जिम्मेदारी के साथ कार्य करने के निर्देश भी दिए जा रहे हैं। प्रशिक्षण का उद्देश्य नए पुलिसकर्मियों को भविष्य की जिम्मेदारियों के लिए तैयार करना है, ताकि वे आमजन की सुरक्षा और कानून व्यवस्था को बेहतर ढंग से संभाल सकें।

## बाइक सवार की इलाज के दौरान हुई मौत पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

**बिलारी।** दुर्घटना में बाइक सवार की मौत के मामले में तहरीर के बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। बिलारी थाना क्षेत्र के गांव इमरतपुर स्योड़ारा के रहने वाले नेकपाल ने मुकदमा दर्ज कराया कि 28 अप्रैल को उसके भाई संजीव अपने दोस्त प्रेमपाल के साथ स्योड़ारा गांव से अपने गांव को जा रहे थे। स्योड़ारा रोड पर शिकारपुर गांव के पास सामने से आ रही तेज रफ्तार बाइक जिसको शिकारपुर गांव का अर्जुन पुत्र छोटे चल रहा था। उसने बाइक में टक्कर मार दी। इस हादसे में बाइक चला रहे संजीव के गंभीर चोटें आई। घटना के बाद आरोपी अर्जुन मौके से फरार हो गया। उसने अपने भाई को मुरादाबाद के अस्पताल में भर्ती कराया। काफी दिन इलाज के बाद उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने आरोपी बाइक चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करके जांच शुरू कर दी।

## 2004 की लंबित रिट याचिका में हाईकोर्ट ने जारी किए नोटिस

**चन्दौसी।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने वर्ष 2004 की रिट याचिका संख्या 30545/2004, साहू राजीव कुमार अग्रवाल व अन्य बनाम उत्तर प्रदेश राज्य एवं अन्य मामले में लंबित पुनर्स्थापन प्रार्थना पत्र पर सुनवाई करते हुए प्रतिवादियों को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए हैं। न्यायमूर्ति सिद्धार्थ नंदन की अदालत ने कहा कि वर्ष 2013 में दायर पुनर्स्थापन अर्जी उस आदेश को वापस लेने के लिए प्रस्तुत की गई थी, याचिका अनुपस्थिति के कारण खारिज हो गई थी। सुनवाई के दौरान प्रतिवादी पक्ष के अधिवक्ता ने अदालत को बताया कि उन्हें अब कोई निर्देश प्राप्त नहीं हैं। इसके बाद कोर्ट ने याचिकाकर्ता को दस्ती समन के माध्यम से नोटिस तामील कराने की अनुमति देते हुए रजिस्ट्री को एक सप्ताह के भीतर दस्ती समन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। अदालत ने मामले को 'ओल्डेस्ट पेंडिंग केसेज' श्रेणी में अगली तिथि पर सूचीबद्ध करने के आदेश भी दिए।

# मुरादाबाद में पर्यावरण संरक्षण की अनोखी पहल, मंडलायुक्त साइकिल से पहुंचे कार्यालय

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** मंडलायुक्त आञ्जनेय कुमार सिंह ने गुरुवार को पर्यावरण संरक्षण और ईंधन बचत का संदेश देते हुए साइकिल से कार्यालय पहुंचकर एक नई पहल



की शुरुआत की। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अपील से प्रेरित होकर मंडलायुक्त ने यह कदम उठाया, जिसकी शहरभर में सराहना की जा रही है।सुबह जब मंडलायुक्त साइकिल चलाकर अपने कार्यालय पहुंचे तो अधिकारियों, कर्मचारियों और आम लोगों ने उनका स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि बढ़ते प्रदूषण और ईंधन की खपत को कम करने के लिए सभी को अपनी दिनचर्या में छोटे-छोटे बदलाव करने होंगे। उन्होंने अधिकारियों और कर्मचारियों से अपील की कि सप्ताह में कम से कम एक दिन साइकिल से कार्यालय आने की आदत अपनाएं।मंडलायुक्त ने कहा कि साइकिल चलाने से न केवल पर्यावरण सुरक्षित रहेगा।

बल्कि लोगों का स्वास्थ्य भी बेहतर होगा। उन्होंने इसे "स्वस्थ जीवन और स्वच्छ पर्यावरण" की दिशा में एक सकारात्मक कदम बताया।इस पहल का असर कार्यालय परिसर में भी देखने को मिला, जहां कई अधिकारियों और कर्मचारियों ने भविष्य में साइकिल से कार्यालय आने का संकल्प लिया। शहरवासियों ने भी मंडलायुक्त की इस पहल की प्रशंसा करते हुए कहा कि यदि प्रशासनिक अधिकारी स्वयं आगे बढ़कर उदाहरण प्रस्तुत करें तो आम जनता भी इससे प्रेरित होगी। मुरादाबाद में शुरू हुई यह पहल अब पर्यावरण जागरूकता और ईंधन बचत के अभियान के रूप में चर्चा का विषय बन गई है।

## एआईएमआईएम का महाराष्ट्र के मंत्री के खिलाफ कलेक्ट्रेट पर जोरदार प्रदर्शन

**मुरादाबाद।** ऑल इंडिया मजलिस ए इत्तेहादुल मुस्लिमीन उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष शौकत अली साहब ,पश्चिमी उत्तर प्रदेश अध्यक्ष डॉ महताब चौहान के निर्देश पर जिला व महानगर इकाई द्वारा बृहस्पतिवार को राष्ट्रीय अध्यक्ष व सांसद बैरिस्टर असदुद्दीन ओवैसी के खिलाफ अभद्र एवं अशोभनिय



भाषा का इस्तेमाल करने वाले महाराष्ट्र सरकार में भाजपा के मंत्री नितेश राणे के खिलाफ जिला कलेक्ट्रेट कचहरी पर जिलाधिकारी को महामहिम राष्ट्रपति एवं भारतीय चुनाव आयोग को संबोधित ज्ञापन प्रेषित किया गया जिसमे जिसमें नितेश राणे को महाराष्ट्र सरकार के मंत्रीमंडल एंवम विधानसभा की सदस्यता को बर्खास्त कर, न्च। के तहत कार्यवाही करने की मांग की गई। ज्ञापन देने वालों में मुरादाबाद जिला इकाई, महानगर इकाई महानगर अध्यक्ष रियासत अंसारी साहब की अध्यक्षता में यूथ अध्यक्ष मुजाहिद पठान की अध्यक्षता में यूथ इकाई के लोग एवं पश्चिमी उत्तर प्रदेश कार्यकारिणी के लोग एवं वरिष्ठ कार्यकर्ता व पदाधिकारी शामिल हुए।

# क्षेत्र में फर्जी अस्पतालों और लैब की भरमार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** तहसील क्षेत्र में इन दिनों फर्जी अस्पतालों, पैथोलॉजी लैब और बिना मानकों के संचा. लित फिजियोथैरेपी सेंटरों की बाढ़ सी आ गई है। ऐसे संस्थानों में गलत इलाज और लापरवाही के कारण मरीजों की जान से खिलवाड़ किए जाने के आरोप लगातार सामने आते रहते हैं। कई मामलों में मरीजों की मौत तक हो जाती है, लेकिन बाद में तीमारदारों से समझौता होने के कारण मामले दब जाते हैं। किसी बड़ी घटना के बाद स्वास्थ्य विभाग कुछ समय के लिए सक्रिय होता है, मगर फिर कार्रवाई ठंडी पड़ जाती है। तहसील रोड, इंदिरा कॉलोनी, सीता रोड, पथरा मोड़, कुढफतेहगढ़ क्षेत्र, आटा रोड समेत आसपास के गांवों में भी अवैध रूप से अस्पताल, पैथोलॉजी लैब संचालित होने की चर्चा है। कई स्थानों पर बड़ी-बड़ी डिग्रियों और विशेषज्ञ डॉक्टरों के बोर्ड लगाए गए हैं, जबकि दलालों के माध्यम से मरीजों को बुलाकर इलाज और जांच के नाम पर मोटी रकम वसूली जा रही है। इसी क्रम में गुरुवार को नोडल अधिकारी विश्वास उपाध्याय एवं नायब तहसीलदार शिकायत के आधार पर जांच करने के लिए चन्दौसी के मोहल्ला आवास विकास पहुंचे, जहां एक फिजियोथैरेपी सेंटर की जांच की गई। अधिकारियों ने सेंटर से संबंधित दस्तावेजों, अनुमति पत्रों और व्यवस्थाओं की जानक. ारी ली। बताया गया कि जांच रिपोर्ट तैयार कर मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) को भेजी जाएगी, जिसके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### बेदखली सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है की मैने अपने पुत्र मोहम्मद शुएब अख्तर व उसकी पत्नी चांदनी गलत संगत में पड जाने व मेरे व मेरे परिवारजनो के प्रति गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर सामाजिक व पारिवारिक संबंध विच्छेद कर लिए हैं। भविष्य में मोहम्मद शुएब अख्तर व उसकी पत्नी श्रीमति चांदनी के द्वारा किए गए किसी भी कृत्यो/ लेन-देन व मुकदमे बाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगें। आज के बाद मेरा व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं होगा। शकील अहमद पुत्र अल्लाह बकश निवासी शनिवार का बाजार थाना पाकबड़ा, मुरादाबाद।

### खोया-पाया सूचना

मेरा हाई स्कूल वर्ष 2023 अनुक्रमांक 1230604481 का प्रमाण पत्र सह-अंकपत्र वास्तव में कहीं खो गया है।
**तरुण कुमार पुत्र कृपाल सिंह ग्राम कालेवाला पो0 गोपीवाला ठाकुरद्वारा, जिला मुरादाबाद।**

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।

**सम्पादक**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0591-2313314
मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UPHIN/2003/10263
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

**न्यायालय श्रीमान सिविल (सी० डी०)/एफ०टी०सी०, मुरादाबाद।**
**नम्बर मुकदमा :** 275 सन् 2022
**तारीख पेशी:** 22.05.2026
**सनाउर्रहमान बनाम मुहीबुर्रहमान**

सनाउर्रहमान आयु लगभग 55 वर्ष पुत्र सगीर अहमद निवासी मौहल्ला बाड़ा शाह सफा निकट हजीरे वाली मस्जिद, मुरादाबाद-**वादी।**

**बनाम**

(4.) सरफराज अहमद पुत्र रूखसार अहमद मरहूम निवासी मौहल्ला बाड़ा शाह सफा निकट हजीरे वाली मस्जिद शहर व जिला मुरादाबाद, (5.) शोएव अहमद, (6.) शहजाद अहमद पुत्रगण रूखसार अहमद निवासीगण मौहल्ला थाना नागफनी का तिराहा सैनियो वाली गली शहर व जिला मुरादाबाद, (7.) इकबाल चूनस वाले पुत्र इन्तेजार निवासी मौहल्ला दौलत बाग मठवाली गली नम्बर-7 शहर व जिला मुरादाबाद, (9.) श्रीमती मुसलीमा फरहीन पुत्री सगीर अहमद मरहूम निवासी मौहल्ला सीधी सराय शहर व जिला मुरादाबाद **प्रतिवादी गण।** हरगाह **वादी** ने आपके नाम एक एवं नालिश बावत के दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि तारीख 22 माह 05 सन् 2026 बवक्त 10 बजे दिन के असालतान या मार्फत के जो उमूर अहम मुताल्लिके मुकदमे का जवाब दे सके या जिसके पास कोई और शख्स जो जवाब ऐसे सवालात का दे सके, हाजिर हो और जवाब देही दावे की करे और आपको वाजिव है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज पेश करें जिन्हें अपनी जवाब देही में इस्तेमाल करना चाहते है। आपको इत्तिला दी जाती है कि आप अगर बरोज मजकूर हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिर आपके मन्सूख और फैसला होगा। दस्तख्त मेरे व मोहर आज बतारीख 13 के माह 05 सन् 2026 को जारी किया है।

**प्रबंधक**
**न्यायालय सिविल जज (सी०डि०)/एफटीसी, मुरादाबाद।**

सम्मन वास्ते करारदार उमूर तनक़ीह तलब, (आर्डरा 5 कायदा 1 व 5)
**न्यायालय श्रीमान ए० सी० जे० (सी०डि०) न्यू कोर्ट नम्बर- 02, महोदय, जनपद-मुरादाबाद।**
**मूलवाद संख्या :** 231 सन् 2010
**तारीख पेशी:** 16. 05. 2026
**स्टेट बैंक ऑफ इंडिया बनाम श्री वीरेन्द्र सिंह आदि।**

स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, के.जी.के. कॉलेज शाखा, निकट के.जी.के. कॉलेज, मुरादाबाद-**वादी।**

**बनाम**

(2.) श्री राजेश कुमार शर्मा पुत्र श्री नत्थू राम शर्मा निवासी विकास नगर, लाइनपार मुरादाबाद। (एडवोकेट चैम्बर नं0 391, कोर्ट कम्पाउंड, मुरादाबाद) **प्रतिवादी।** हरगाह **वादी बैंक** ने आपके नाम एक नालिश बावत धन वसूली रूपये 1,04,354.64 पैसे व खर्चा एवं ब्याज के दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि तारीख 16 माह 05 सन् 2026 बवक्त 10 बजे दिन के असालतन मार्फत अपने वकील जो मुकदमा के हालात से वाकिफ हो हाजिर हो और जवाब देही करे/आपको लाजिम है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज पेश करें जिन्हें अपनी जवाब देही में इस्तेमाल करना चाहते है। आपको इत्तिला दी जाती है कि आप अगर बरोज मजकूर हाजिर न होंगे तो मुक. दमा बगैर हाजिर आपके मन्सूख और फैसला होगा। दस्तख्त मेरे व मोहर आज बतारीख 12 के माह 05 सन् 2026 को जारी किया है।

**अहलमद**
**ए० सी० जे० (सी० डि०) न्यू कोर्ट नम्बर-02, मुरादाबाद।**

# समाधान समारोह 2026 के लिए जागरूकता अभियान शुरू

**चन्दौसी।** सर्वोच्च न्यायालय नई दिल्ली के निर्देशन में लंबित वादों के सौहार्दपूर्ण एवं त्वरित निस्तारण के उद्देश्य से 'समाधान समारोह 2026' विशेष लोक अदालत अभियान प्रारम्भ कर दिया गया है। अभियान के तहत 21, 22 एवं 23 अगस्त 2026 को विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा, जिसमें सर्वोच्च न्यायालय में लंबित उपयुक्त मामलों का निस्तारण आपसी सहमति एवं सुलह-समझौते के माध्यम से किया जाएगा। न्याय प्रक्रिया को सरल, सुलभ एवं प्रभावी बनाने के उद्देश्य से जनपद स्तर पर व्यापक प्रचार-प्रसार अभियान शुरू किया गया है। विभिन्न विभागों, कार्यालयों, अधिवक्ताओं, वादकारियों एवं आमजन को योजना के प्रति जागरूक किया जा रहा है ताकि अधिक से अधिक पात्र व्यक्ति इसका लाभ उठा सकें। पक्षकारों की सुविधा के लिए आवेदन एवं पंजीकरण हेतु गूगल फॉर्म भी उपलब्ध कराया गया है, जिसके माध्यम से इच्छुक पक्षकार अपने वाद को समाधान समारोह 2026 में सम्मिलित करा सकते हैं। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने आमजन से इस जनहितकारी अभियान का व्यापक प्रचार-प्रसार करने एवं पात्र व्यक्तियों को इसमें भाग लेने के लिए प्रेरित करने की अपील की है।

## एक्स्ट्रामार्क्स एजुकेशन इंडिया ने टिमिट के दो छात्रों का किया चयन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** टिमिट कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट के विद्यार्थियों के लिए सुनहरे अवसरों का सिलसिला जारी है। शुरुआत से ही देश की नामी कंपनियां कैंपस में आ रही हैं और छात्रों को उच्च पैकेज पर अवसर प्रदान कर रही हैं। यह उपलब्धि कॉलेज के उत्तम सिलेबस, अनुभवी फैकल्टी, आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर और प्लेसमेंट टीम के मजबूत कॉरपोरेट संबंधों का परिणाम है। हाल ही में बहुप्रतिष्ठित कंपनी "एक्स्ट्रामार्क्स एजुकेशन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड" ने ज्प्डज के होनहार विद्यार्थियों कनिका दावास और मोहम्मद जकी को चयनित किया है। चयनित विद्यार्थियों को नोएडा में नियुक्ति प्रदान की गई है। इन छात्रों का चयन कंपनी द्वारा आयोजित ग्रुप डिस्कशन, इंटरव्यू और स्किल असेसमेंट टेस्ट जैसी सख्त प्रक्रिया के बाद हुआ। यह सफलता दर्शाती है कि ज्प्डज के विद्यार्थी न केवल अकादमिक



कनिका दावास | मोहम्मद ज़की

रूप से सक्षम हैं, बल्कि व्यावहारिक ज्ञान, कम्युनिकेशन स्किल और कॉरपोरेट कल्चर के अनुरूप दक्षता भी रखते हैं। कॉलेज का मानना है कि शिक्षा का असली उद्देश्य विद्यार्थियों को केवल डिग्री दिलाना ही नहीं, बल्कि उन्हें करियर के सही मार्ग पर अग्रसर करना है। फैकल्टी द्वारा लगातार मेंटरशिप, करियर काउंसलिंग और इंडस्ट्री-रेडी स्किल ट्रेनिंग ने इन विद्यार्थियों की इस उपलब्धि में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इस चयन के साथ ज्प्डज कॉलेज ने एक बार फिर साबित किया है कि यहां से निकलने वाले विद्यार्थी कॉरपोरेट जगत में प्रतिस्पर्धा करने और नेतृत्व करने में पूरी तरह सक्षम हैं।कॉलेज प्रबंधन, फैकल्टी और प्लेसमेंट सेल ने चयनित विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं और विश्वास जताया कि वे अपने उज्ज्वल करियर से संस्थान का नाम और रोशन करेंगे।

## किसान के घर में नकव लगाकर नकदी सहित आभूषण चोरी, दी तहरीर

**ठाकुरद्वारा।** बीती रात अज्ञात चोरों ने नकव लगाकर किसान के घर से नकदी सहित सोने चांदी के आभूषण चोरी कर फरार हो गए। पीड़ित ने कोतवाली



पुलिस को तहरीर देकर अज्ञात चोरों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। कोतवाली क्षेत्र के गांव पील. कपुर गुमानी निवासी दिलशेर अली ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बीती रात अज्ञात चोर नकव लगाकर घर में घुस आए। जहां पर अज्ञात चोरों ने घर में अलमारी के ताले तोड़कर 25 हजार रूपये की नकदी और सोने के कानों के कुंडल, तीन जोड़ी पायल चोरी कर ले गए। पीड़ित ने गुरूवार को कोतवाली पहुंचकर अज्ञात चोरों के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग करते हुए चोरी हुए सामान की बरामदगी गुहार लगाई।

## बारिश और आंधी में गंगा एक्सप्रेस-वे पर संकेत बोर्ड हुए क्षतिग्रस्त

**चन्दौसी।** बुधवार देर रात हुई तेज आंधी और बारिश ने जहां जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया, वहीं गंगा एक्सप्रेस-वे निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर भी सवाल खड़े कर दिए। प्रयागराज की ओर से लौट रहे यात्रियों ने बताया कि रास्ते में बारिश और तेज हवाओं के दौरान गंगा एक्सप्रेस-वे पर कई स्थानों पर लगाए गए सूचना एवं दिशा संकेतक बोर्ड टूटे और क्षतिग्रस्त मिले। कुछ बोर्ड टेढ़े होकर लटक गए थे, जबकि कई जगह लोहे के ढांचे भी मुड़े दिखाई दिए। लोगों का कहना है कि पहली तेज आंधी और बारिश में ही बोर्डों का टूटना निर्माण सामग्री और कार्य की गुणवत्ता पर प्रश्नचिह्न लगाता है। यात्रियों ने आशंका जताई कि यदि इसी प्रकार की स्थिति रही तो भविष्य में तेज मौसम के दौरान दुर्घटनाओं का खतरा भी बढ़ सकता है। स्थानीय लोगों ने निर्माण कार्य की गुणवत्ता की जांच कराए जाने और क्षतिग्रस्त बोर्डों को शीघ्र बदलने की मांग की है।

# आईएफटीएम में 'टेक्नोवेंजा-2026' का आयोजन, 50 प्रोजेक्ट्स प्रदर्शित

## कुलसचिव बोले: अच्छे प्रोजेक्ट्स को इनक्यूबेट करेगी यूनिवर्सिटी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ इंजी. नियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, इंस्टीट्यूशन इनोवेशन काउंसिल (आईआईसी) और स्टूडेंट डेवलपमेंट सेल के संयुक्त तत्वावधान में प्रौद्योगिकी, नवाचार और उद्यमिता पर आधारित एक प्रोजेक्ट्स एग्जीबिशन और पोस्टर प्रेजेंटेशन "टेक्नोवेंजा-2026" का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के कुलस. चव डॉ. संजीव अग्रवाल एवं प्रतिकुल. पति डॉ. नवनीत वर्मा ने फीता काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया व सफल आयोजन हेतु शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने विद्यार्थियों द्वारा प्रदर्शित किए गए प्रोजेक्ट्स और पोस्टर्स का अवलोकन करते हुए कहा कि अच्छे प्रोजेक्ट्स को विकसित करने का प्रयास किया जाना चाहिए। साथ ही



उन्होंने अच्छे प्रोजेक्ट्स को विश्वविद्यालय की ओर से इनक्यूबेट किए जाने तथा अन्य सुविधाएं प्रदान करने का आश्वासन भी दिया। प्रदर्शनी में फोर व्हील स्टीयरिंग मैकेनिज्म, लाइन फॉलोअर रोबोट, इलेक्ट्रिक कार, ऑटोमेटेड रेलवे क्रॉसिंग, इलेक्ट्रिसिटी जनरेशन फ्रॉम स्पीड ब्रेकर, ऑब्स्टेकल अवॉइडेंस रोबोट, पैडल पावर्ड वॉटर प्यूरिफायर, सीढ़ी चढ़ने वाली ट्रॉली, वायरलेस ड्रोन एवं केमिकल पावर ट्रांसमिशन के प्रोजेक्ट्स विशेष आकर्षण का केंद्र रहे। इस मौके पर आईआईसी के अध्यक्ष एवं स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के निद. ेशक डॉ. मनोज कुमार ने प्रदर्शनी में आए सभी अतिथियों का स्वागत किया। उन्होंने बताया कि विद्यार्थियों की ओर से पोस्टर्स सहित 50 प्रोजेक्ट्स प्रदर्शित किए गए। कार्यक्रम में स्कूल के विभिन्न विभागों के 100 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। अच्छे प्रदर्शन के आधार पर प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रोजेक्ट्स और पोस्टर्स को प्रदर्शित करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित भी किया गया।

प्रदर्शनी के सफल आयोजन में आयोजन सचिव व इलेक्ट्रिकल इंजी. नियरिंग विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. अनिल कुमार, स्टूडेंट डेवलपमेंट सेल की समन्वयिका सुश्री प्रांजल कश्यप, संयोजक डॉ. संजय कुमार यादव सहित आयोजन समिति के सभी सदस्यों ने विशेष भूमिका निभाई। इस दौरान विश्वविद्यालय के अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. अरुण कुमार मिश्रा, आईक्यूएसी निदेशक डॉ. आर.के. यादव समेत विभिन्न स्कूलों के निद. ेशक, शिक्षक, विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# PBKS ने MI को 201 रन का लक्ष्य दिया

■ प्रभमिसरन सिंह का अर्धशतक, अजमतुल्लाह ओमरजई ने 17 गेंदों में 38 रन की विस्फोटक पारी खेली, शार्दूल ठाकुर ने 4 विकेट लिए



**धर्मशाला, वार्ता।** पंजाब किंग्स ने अभी खेले जा रहे आईपीएल मुकाबले में मुंबई इंडियंस को 201 रन का टारगेट दिया है। धर्मशाला के एचपीसीए स्टेडियम में टॉस हारकर बल्लेबाजी करने उतरी पंजाब ने 20 ओवर में 8 विकेट खोकर 200 रन बनाए। पंजाब के लिए प्रभसिमरन सिंह ने सबसे ज्यादा 57 रन बनाए, जबकि अजमतुल्लाह ओमरजई ने 17 गेंदों में 38 रन की विस्फोटक पारी खेली। आखिर में जेवियर बार्टलेट ने 7 गेंदों में नाबाद 18 रन जोड़कर टीम को 200 के पार पहुंचाया।

मुंबई के लिए शार्दूल ठाकुर सबसे सफल गेंदबाज रहे। उन्होंने 4 विकेट लिए। वहीं दीपक चाहर को 2 विकेट मिले। शुरुआत में पंजाब ने तेज रन बनाए, लेकिन बीच के ओवरों में लगातार विकेट गिरने से टीम दबाव में आ गई। इसके बावजूद उमरजई और बार्टलेट की तेज पारियों ने टीम को मजबूत स्कोर तक पहुंचा दिया। 18वें ओवर की आखिरी बाल पर दीपक चाहर ने धीमी गेंद पर उमरजई की विस्फोटक पारी का अंत कर दिया। बड़े शाट की कोशिश में उमरजई गेंद को सही तरीके से टाइम नहीं कर सके और लान्ग आन पर विल जौक्स ने आसान कैच पकड़ लिया।

उमरजई ने सिर्फ 17 गेंदों में 38 रन की तेज पारी खेली, जिसमें 4 छक्के शामिल रहे। शार्दूल ठाकुर का विकेट लेने का सिलसिला जारी है। उन्होंने क्रास-सीम गेंद पर मार्को यास को बोल्ड कर दिया। गेंद नीचे रही, जैनसन ने लाइन के पार बड़ा शाट खेलने की कोशिश की, लेकिन बाउंस को पूरी तरह पढ़ नहीं सके। गेंद बल्ले और पैड के बीच से निकलकर सीधे स्टंप्स से जा टकराई। कार्बिन बाश ने धीमी क्रास-सीम गेंद पर शशांक सिंह को एलबीडब्ल्यू आउट कर दिया। गेंद उम्मीद से धीमी रही और नीचे भी रही, जिससे शशांक शाट खेलने से चूक गए। उन्होंने रिव्यू लिया, लेकिन अल्ट्राएज में बल्ले का कोई संपर्क नहीं मिला और बाल ट्रैकिंग में तीनों रेड आए। शशांक ने 2 रन बनाए। 14वें ओवर की दूसरी बाल पर शार्दूल ने सूर्यांश शेडगे को आउट कर पंजाब को मुश्किल में डाल दिया। लेग स्टंप पर आई फुल गेंद को शेडगे ने फ्लिक किया, लेकिन गेंद हवा में शार्ट मिडविकेट की तरफ चली गई। वहां राज बावा ने अपनी बाईं ओर शानदार डाइव लगाकर बेहतरीन कैच पकड़ा। शेडगे 5 गेंदों में 8 रन बनाकर आउट हुए। राज बावा ने शानदार गेंद पर कूपर कोनोली को बोल्ड कर मुंबई को एक और बड़ी सफलता दिलाई। शार्ट आफ लेंथ गेंद पिच से अंदर आई, कोनोली कट शाट खेलने की को. शिश में पूरी तरह चूक गए और गेंद सीधे आफ स्टंप पर जा लगी। कोनोली 22 गेंदों में 21 रन बनाकर आउट हुए। शार्दूल ने एक ही ओवर में मैच का रुख बदल दिया। ओवर की शुरुआत में प्रभसिमरन ने शानदार सिक्स लगाया, लेकिन अगली ही गेंद पर बड़ा शाट खेलने की कोशिश में वह कार्बिन बाश को कैच दे बैठे।

# लियाम ने प्रथम श्रेणी क्रिकेट से तत्काल प्रभाव से संन्यास लिया

**लंदन, वार्ता।** इंग्लैंड के लिए चार टेस्ट खेल चुके हैम्पशायर के ऑलराउंडर लियाम डॉसन ने तत्काल प्रभाव से प्रथम श्रेणी क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। 36 र्वाीय डॉसन ने अपने 20 सीजन लंबे करियर में 380 विकेट लेने के साथ ही 18 शतक भी लगाए। इंग्लैंड के लिए आठ र्वा बाद वापसी करने से पहले डॉसन को 2024 में प्रोफेशनल क्रिकेटर्स एसोसिएशन अवॉर्ड्स में पुरुष प्लेयर ऑफ द ईयर चुना गया था।

हालांकि 2026 के सीजन की शुरुआत में हैम्पशायर के पहले पांच मुकाबलों में चार मैच खेलने और सीमित सफलता के बाद उन्होंने लाल गेंद क्रिकेट को अलविदा कहने का फैसला कर लिया। वह हैम्पशायर के लिए सीमित ओवर प्रारूप में और द हंड्रेड में मैनचेस्टर ओरिजिनल्स के लिए खेलना जारी रखेंगे। इस साल टी20 विश्व कप में इंग्लैंड के दल का हिस्सा होने को मद्देनजर देखते हुए वह सफेद गेंद क्रिकेट में अपने करियर को आगे बढ़ा सकते हैं।

डॉसन ने कहा, मैंने प्रथम श्रेणी क्रिकेट से संन्यास लेने का फैसला किया है। यह फैसला लेना मेरे लिए आसान नहीं था लेकिन सफेद गेंद क्रिकेट में अपने करियर को लंबा करने के लिए यह फैसला लेने के लिए सही समय था। मुझे गर्व है कि मैंने हैम्पशायर के लिए 200 से अधिक मुकाबले खेले और इन र्वाों में कई खिलाड़ियों के साथ सुनहरी यादें साझा की।


**उत्तर रेलवे**

**ई–निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मण्डल अभियन्ता/समन्वय द्वारा निम्नलिखित ई टेन्डर संख्या जिनके बन्द होने की तिथि व समय प्रत्येक सामने अंकित है। जो उसी दिन 16.00 बजे तक प्राप्त किये जायेंगे। निम्नलिखित टेन्डर संख्या के अन्तर्गत आंमत्रित किये जाते है। निविदा की कीमत तथा धरोहर राशि का भुगतान निविदादाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से आनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट बैंकर चेक डिपाजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होगा। टेन्डर से संबंधित अन्य जानकारी वैबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

| | |
|---|---|
| टेन्डर संख्या | 51-DRM-MB-26-27 Dale - 11.05.2026 |
| कार्य का नाम | Supplying & Loading, leading, unloading & stacking of 50000 cum machine crushed stone ballast of 65 mm gauge size as per Railway Specification including loading of ballast into Rly. Wagons / hoppers at Dibai depot on Chandausi - Aligarh section of Moradabad division. |
| टेन्डर क्लोसिंग दिनांक | 09.06.2026 |
| टेन्डर क्लोसिंग समय | 16:00 |
| अनुमानित लागत | 8,07,63,000.00 |
| धरोहर राशि | 16,15,300.00 |
| कार्य पूर्ण करने की अवधि | 5 माह |
| बिडिंग आरंभ तिथि | 26.05.2026 |

टेन्डर न. Sr. DEN-C/Publication/26-27 दिनांक - 13.05.2026 1608/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


**खेल विशेष**

## अलावेस ने ला लीगा चैंपियन बार्सिलोना को चौंकाया

**मैड्रिड, वार्ता।** पहले से ही ला लीगा चैंपियन एफसी बार्सिलोना बुधवार को डेपोर्टिवो अलावेस से 1-0 से हार गया। टाइटल जीतने के तीन दिन बाद, बार्सिलोना रविवार और सोमवार को अपने जश्न के असर से परेशान दिखा, और उसने अपने नॉर्मल लेवल से काफी नीचे का परफॉर्मेंस दिया। इब्राहिम डायबेट ने पहले हाफ के स्टॉपेज टाइम में अलावेस के लिए मैच का एकमात्र गोल किया। इस जीत ने अलावेस को बॉटम थ्री से बाहर निकाला और उसके बचने की उम्मीदें जदि रखीं। सेविला ने विलारियल से 3-2 से जीत हासिल की, और स्टैंडिग में 10वें स्थान पर पहुंच गया। विलारियल, जिसने अगले सीजन के यूएफा चैंपियंस लीग में पहले ही जगह पक्की कर ली है,

## अजीत ने 71 किग्रा कैटेगरी में डबल ब्रॉन्ज मेडल जीते

**गांधीनगर, वार्ता।** भारत ने 2026 एडब्ल्यूएफ एशियन सीनियर वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप में अपना शानदार कैंपेन जारी रखा, क्योंकि अजित नारायण ने कॉम्पिटिशन के चौथे दिन शानदार परफॉर्मेंस देते हुए क्लीन एंड जर्क और ओवरऑल टोटल दोनों इवेंट्स में पुरुषों की 71 किग्रा कैटेगरी में ब्रॉन्ज मेडल जीते। एशिया के कुछ बेहतरीन वेटलिफ्टर्स के खिलाफ मुकाबला करते हुए, अजित ने जबरदस्त ताकत और धैर्य दिखाते हुए कुल 314 किग्रा वजन उठाया, जिसमें क्लीन एंड जर्क में 174 किग्रा का शानदार प्रदर्शन भी शामिल था, जिससे भारत को पोडियम पर अच्छी जगह मिली। इस कैटेगरी में गोल्ड मेडल वॉन जू री (पीआरके) ने जीता, जिन्होंने कुल 351 किग्रा वजन उठाया।

## यॉर्क्स क्रिकेट क्लब ने खुशाल क्रिकेट कोचिंग सेंटर को 193 रन से हराया

**नई दिल्ली, वार्ता।** यॉर्क्स क्रिकेट क्लब ने खुशाल क्रिकेट कोचिग सेंटर को 51वें अखिल भारतीय गोस्वामी गणेश दत्त स्मारक क्रिकेट टूर्नामेंट के मैच में गुरूवार को 193 रन से हरा दिया। टॉस जीतने के बाद, खुशाल क्रिकेट कोचिग सेंटर ने पहले फील्डिग करने का फैसला किया। यॉर्क्स क्रिकेट क्लब ने शिवम भान 131(80), रोहन राणा 42(21) और अक्षय सिग्नेचर 45(43) की शानदार पारियों की मदद से 40 ओवर में 10 विकेट पर 339 रन बनाए। खुशाल क्रिकेट कोचिग सेंटर के बॉलर समर कोहार ने 24 रन देकर 2 विकेट, संपर्क गुप्ता ने 47 रन देकर 2 विकेट और इमरोजप्रीत सिंह ने 62 रन देकर 2 विकेट लिए। टारगेट का पीछा करते हुए खुशाल क्रिकेट कोचिग सेंटर ने 23 ओवर में 10 विकेट पर 147 रन बनाए। इमरोजप्रीत सिंह ने 31(21) और प्रांजल सैनी ने 27(22) रन बनाए और मैच 193 रन से हार गया।

# स्वितोलिना ने 16 ब्रेकपॉइंट बचाकर रायबाकिना को हराया

**रोम, वार्ता।** एलिना स्वितोलिना ने एलेना रायबाकिना के खिलाफ 20 ब्रेक पॉइंट का सामना किया, उनमें से 16 बचाकर बुधवार रात को वर्ल्ड नंबर 2 पर उलटफेर भरी जीत हासिल की और आठ साल में पहली बार इटेलियन ओपन के सेमीफाइनल में पहुंचीं। स्वितोलिना ने 2 घंटे और 23 मिनट में 2-6, 6-4, 6-4 से जीत हासिल करके जो लड़ने का जज्बा दिखाया, वह लंबे समय से उनके शानदार करियर की पहचान रहा है, जिसमें दो रोम टाइटल शामिल हैं।

उन्होंने ए टाइटल लगातार दो सालों 2017 और 2018 में जीते थे, जिसमें से आखिरी बार वह सेमीफाइनल में पहुंची थीं। स्वितोलिना ने कोर्ट पर अपने इंटरव्यू में कहा, हमारी प्यारी बेटी, स्काई को जन्म देने के बाद, कोर्ट पर इस तरह के पल मेरे लिए वाकई खास हैं। टॉप 10 में वापस आना, बड़े मैच खेलना, उन्हें जीतना, इससे मुझे आगे बढ़ने और आगे बढ़ने का एक बहुत ही शानदार और बहुत कीमती एहसास होता है। इस जीत के साथ, स्वितोलिना डब्ल्यूटीए टूर पर रायबाकिना के खिलाफ 4-4 से बेहतर हो गई हैं और अब उनका सामना एक और मल्टी-टाइम चैंपियन, इगा स्वियाटेक से होगा। तीन बार की रोम विनर स्वियाटेक, बुधवार को जेसिका पेगुला पर 67 मिनट में 6-1, 6-2 से जीत के साथ सेमीफाइनल में पहुंच गई थीं।

# वापसी कर रही CSK की नजरें प्लेऑफ पर

**लखनऊ, वार्ता।** सीजन की शुरुआत में हार का सामना करने के बाद अचानक प्लेऑफ में जगह बनाने के सबसे मजबूत दावेदारों में से एक बनने वाली चेन्नई सुपर किंग्स ने अपने कैंपेन को काफी बदल दिया है और अब शुक्रवार को 59वें मैच में बाहर हो चुकी लेकिन खतरनाक दिखने वाली लखनऊ सुपर जायंट्स 20 लीग मैच 6 से एक अनचाही चुनौती का सामना कर रही है। भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेई इकाना स्टेडियम में, दांव आधिकारिक तौर पर सिर्फ एक तरफ हो सकते हैं, लेकिन दोनों टीमों से जुड़ी इमोशनल बातें इस मुकाबले में और दिलचस्पी जगाती हैं जो प्लेऑफ की दौड़ पर काफी असर डाल सकती हैं। चेन्नई के लिए, मिशन सीधा है: जीत का सिलसिला जारी रखना और टॉप-4 में अपनी पकड़ मजबूत करना। लखनऊ, जो एक उतार-चढ़ाव भरे कैंपेन के बाद पहले ही मुकाबले से बाहर हो चुका है, के लिए बाकी मैच इज्जत बचाने और दूसरों के सपनों को तोड़ने का आखिरी मौका है। इस सीजन में सीएसके से ज्यादा तेजी से किस्मत बदलने वाली कुछ ही टीमों ने देखा है। चेन्नई फेंचाइजी ने अपने कैंपेन की शुरुआत लगातार तीन हार के साथ की, जिससे टीम के बैलेंस को लेकर आलोचना हुई।


**उत्तर रेलवे**

**शुद्धिपत्र**

निविदा संख्या वी–केट. स्टाल–मुरा.–मं.–2026सी जो कि, मुरादाबाद मंडल के शाहजहाँपुर, मुरादाबाद, देहरादून, हरिद्वार, हरदोई, ऋषिकेश, रायवाला तथा अमरोहा रेलवे स्टेशनों पर GMU (General Minor Unit), निविदा के आवंटन के सम्बन्ध में दिनांक 14.05.2026 को हिंदी के समाचार पत्रों में प्रकाशित की गयी है, जिसमें त्रुटिवश निविदा खोलने की तिथि 12.05.2026 प्रकाशित हो गयी है, निविदा खोलने की तिथि दिनांक 12.05.2026 के स्थान पर 05.06.2026 पढ़ी जाये।

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1615/26


# ऑरेंज कैप टेबल में तीसरे नम्बर पर पहुंचे विराट कोहली

■ पर्पल कैप पर भुवनेश्वर का कब्जा



**रायपुर, वार्ता।** स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने कोल. काता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ नाबाद 105 रनों की विस्फोटक पारी खेलकर अपनी टीम रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबील) केवल जीत दिलाई। इसी के साथ वह ऑरेंज कैप तालिका में तीसरे स्थान पर पहुंच गए है। वहीं गेंदबाजी सूची में भुवनेश्वर कुमार 22 विकेटों के साथ शीर्ा पर पहुंच गए है।

विराट कोहली ने रायपुर में केकेआर के खिलाफ आरसीबी के लिए 193 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए आईपीएल करियर का नौवां शतक लगाया। इस पारी की बदौलत वह इस सीजन सबसे अधिक रन बनाने वाले बल्लेबाजों की सूची में तीसरे नंबर पर पहुंच गए हैं। केकेआर के खिलाफ नाबाद शतकीय पारी के बाद को. हली के आईपीएल की 12 पारियों में 165-75 के स्ट्राइक रेट से 484 रन हो गए हैं। उनसे आगे केवल बी साई सुदर्शन (501 रन) और हाइनरिक क्लासन (508 रन) हैं। चौथे स्थान पर सनराइजर्स हैदराबाद के अभिोक शर्मा 481 रन हैं। दिल्ली कैपिटल्स के केएल राहुल 477 रन के साथ पांचवें नंबर पर हैं। वहीं गुजरात टाइटंस के कप्तान शुभमन गिल के नाम 467 रन हैं।

# जेमी ओवर्टन आईपीएल से बाहर

**चेन्नई, वार्ता।** आईपीएल 2026 में प्लेऑफ में पहुंचने के लिए जी तोड़ प्रयास कर रही चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) को एक और बड़ा झटका लगा है क्योंकि ऑलराउंडर जेमी ओवर्टन जांघ की चोट की जांच के लिए वापस इंग्लैंड लौट गए हैं। चेन्नई ने ओवर्टन की जगह डियान फॉरेस्टर को टीम में शामिल किया है। डियान फॉरेस्टर ओवर्टन की जगह 75 लाख रुपये में सीएसके में शामिल होंगे।

दक्षिण अफ्रीका के ऑलराउंडर फॉरेस्टर ने मार्च 2026 में न्यूजीलैंड के खिलाफ डेब्यू किया था और उन्होंने पांच इंटरनेशनल मैच खेले हैं, जिसमें 83 रन बनाए हैं। सीएसके ने बुधवार रात को सोशल मीडिया पर कहा कि जेमी ओवर्टन को दाईं जांघ में चोट लगी है और चोट से संबंधित आगे की जांच और प्रबंधन के लिए वह स्वदेश लौटेंगे। इस सीजन में इस समय तक ओवर्टन 17-78 की औसत और 8-89 की इकॉनमी के साथ 14 विकेट लेकर सीएसके के लिए दूसरे सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। सीएसके के पिछले मुकाबले में वह प्लेयर ऑफ द मैच रहे थे।



**उत्तर रेलवे**

**सूचना संख्या 15/2026 दिनांक : 13.05.2026**

| क्र. सं. | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत (रू0) | कार्यालय का पता जहाँ से निविदा प्रपत्र जारी किया गया है | बिड सिक्योरिटी | कार्य के पूरा करने की समय अवधि | निविदा प्रपत्र जमा करने तथा खुलने की दिनाँक व समय | वेबसाइट एवम कार्यालय का पता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 12/वरिष्ठ मं.वि.अभि./सा./मुरा./2026:– मुरादाबाद डिवीजन में लिफ्ट, एस्केलेटर, प्लेटफॉर्म लाइटिंग (30/70%), पंप और सबस्टेशन जैसी विद्युत सामान्य संबंधी संपत्तियों का स्वचालन, निगरानी और नियंत्रण। | 36780995.24 (जीएसटी सहित) | विद्युत शाखा, मंडल रेल प्रबन्धक कार्यालय, मुरादाबाद | 735600.00 | 6 (छः) माह | निविदाएँ दिनांक 04.06.2026 को 15:00 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं जो उसी दिन 15:00 बजे खोली जाएँगी। | वेबसाइट www.ireps.gov.in मण्डल रेल प्रबन्धक कार्यालय, मुरादाबाद। |

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1611/2026





We will either find a way or make one...

**द्वारिकेश शुगर इंडस्ट्रीज लिमिटेड**

(**पंजीकृत कार्यालय:** द्वारिकेश नगर–246762, जिला: बिजनौर, उत्तरप्रदेश),
**फोन नं:** +91 01343 267061-64, **ईमेल:** investors@dwarikesh.com,
**वेबसाइट:** www.dwarikesh.com, **सीआईएन:** L15421UP1993PLC018642

**31 मार्च, 2026 को समाप्त तिमाही और वर्ष के लिए लेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों का उद्धरण**

(₹ लाख में)

| क्रम संख्या | विवरण | समाप्त तिमाही | | | समाप्त वर्ष | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | मार्च 31, 2026 (लेखापरीक्षित)* | दिसंबर 31, 2025 (अलेखापरीक्षित) | मार्च 31, 2025 (लेखापरीक्षित)* | मार्च 31, 2026 (लेखापरीक्षित) | मार्च 31, 2025 (लेखापरीक्षित) |
| 1 | प्रचालन से कुल आय (सकल) | 42,542.55 | 32,511.58 | 45,885.06 | 1,40,193.92 | 1,35,888.34 |
| 2 | अवधि के लिए निवल लाभ/(हानि) (कर, अपवादात्मक तथा/या असाधारण मदों से पूर्व) | 8,170.06 | 2,679.25 | 8,763.34 | 4,252.24 | 5,246.05 |
| 3 | कर पूर्व, अवधि के लिए निवल लाभ/(हानि) (अपवादात्मक तथा/या असाधारण मद उपरांत) | 8,170.06 | 2,679.25 | 8,763.34 | 4,252.24 | 5,246.05 |
| 4 | कर उपरांत, अवधि के लिए निवल लाभ/(हानि) (अपवादात्मक तथा/या असाधारण मद उपरांत) | 5,740.95 | 1,543.50 | 4,633.00 | 3,083.80 | 2,333.57 |
| 5 | अवधि के लिए कुल व्यापक आय (अवधि के लिए लाभ/(हानि) (कर उपरांत) तथा अन्य व्यापक आय (कर उपरांत)) | 5,818.30 | 1,543.50 | 4,589.29 | 3,161.15 | 2,289.86 |
| 6 | पूर्ण प्रदत्त इक्विटी शेयर पूंजी (₹1/- रुपए अंकित मूल्य प्रति) | 1,853.01 | 1,853.01 | 1,853.01 | 1,853.01 | 1,853.01 |
| 7 | रिजर्व (पुनर्मूल्यांकित रिजर्व को छोड़कर) लेखापरीक्षित तुलन पत्र में दर्शाए गए | | | | 81,018.39 | 78,768.63 |
| 8 | सिक्योरिटीज प्रीमियम अकाउंट जैसा कि ऑडिटेड बैलेंस शीट में दिखाया गया है | | | | 14,688.11 | 14,688.11 |
| 9 | निवल मूल्य जैसा कि ऑडिटेड बैलेंस शीट में दिखाया गया है | | | | 82,871.40 | 80,621.64 |
| 10 | प्रति शेयर आय (₹1/- रुपए अंकित मूल्य वार्षिक नहीं) (चले रहे तथा बंद प्रचालनों के लिए) | | | | | |
| | 1. मूल (₹) | 3.10 | 0.83 | 2.50 | 1.66 | 1.26 |
| | 2. तनुकृत (₹) | 3.10 | 0.83 | 2.50 | 1.66 | 1.26 |

*अंतिम तिमाही के आंकड़े पूर्ण वित्तीय वर्ष के संबंध में लेखापरीक्षित आंकड़ों और वित्तीय वर्ष की तीसरी तिमाही तक प्रकाशित अलेखापरीक्षित आंकड़ों के बीच संतुलन के आंकड़े हैं।

**टिप्पणी :**

1. उपरोक्त वित्तीय परिणामों की लेखापरीक्षा समिति द्वारा समीक्षा की गई है और सिफारिश की गई है तथा निदेशक मंडल द्वारा गुरुवार, 14 में, 2026 को आयोजित बैठक में अनुमोदित कर रिकॉर्ड में ले लिया गया है।
2. निदेशक मंडल ने 31 मार्च 2026 को समाप्त वर्ष के लिए इक्विटी शेयरों (प्रति शेयर 1 रुपये का एफवी) पर 10% की दर से लाभांश की सिफारिश की है, यानी 0.10 रुपये प्रति शेयर, जो आगामी वार्षिक आम बैठक में सदस्यों के अनुमोदन के अधीन है।
3. सेबी (सूचीबद्धता दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियम, 2015 के विनियम 33 के अंतर्गत अपेक्षित समीक्षा रिपोर्ट कंपनी के लेखा परीक्षकों द्वारा पूरी कर ली गई है।
4. उपर्युक्त, सेबी (सूचीयन दायित्व एवं प्रकटन अपेक्षा) विनियम, 2015 के विनियम 33 के तहत स्टॉक एक्सचेंज में 31 मार्च, 2026 को तिमाही और वर्ष समाप्त के लिए फाइल किए गए वित्तीय परिणाम के विस्तृत प्रपत्र का उद्धरण है। उपर्युक्त परिणामों का पूर्ण प्रपत्र बीएसई की वेबसाइट (www.bseindia.com) तथा एनएसई वेबसाइट (www.nseindia.com) के साथ ही साथ कंपनी की वेबसाइट (www.dwarikesh.com) पर उपलब्ध हैं। नीचे दिए गए क्यूआर कोड को स्कैन करके इसे देखा जा सकता है:

निदेशक मंडल की ओर से
**कृते द्वारिकेश शुगर इंडस्ट्रीज लिमिटेड**

**विजय एस. बांका**
प्रबंध निदेशक
डीआईएन: 00963355

स्थान: मुंबई
दिनांक: 14 में, 2026

Adfactors 69/26

## चौधरी भूपेंद्र सिंह के कैबिनेट मंत्री बनने पर संयुक्त व्यापार मंडल ने बांटे लड्डू

**मुरादाबाद।** संयुक्त व्यापार मंडल उत्तर प्रदेश ने चौधरी भूपेंद्र सिंह को योगी सरकार में कैबिनेट मंत्री बनाए जाने पर खुशी का इजहार किया।प्रदेश अध्यक्ष अरविंद अग्रवाल 'जॉनी' और प्रदेश महामंत्री विपिन गुप्ता के नेतृत्व में मंगलवार शाम 4 बजे अमरोहा गेट स्थित बर्तन बाजार में कार्यक्रम आयोजित किया गया। पदाधिकारियों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दी और राहगीरों में 25 किलो लड्डू वितरित किए।इस अवसर पर व्यापारियों ने कहा कि 2027 में योगी आदित्यनाथ की सरकार दोबारा बनवाने के लिए व्यापारी वर्ग पूरी तरह से तैयार है और जी-जान से सहयोग करेगा। कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष अरविंद अग्रवाल 'जॉनी', प्रदेश महामंत्री विपिन गुप्ता, शिवम गुप्ता, मनीष अग्रवाल, बोनी सरदार, सचिन गुप्ता, मनीष बेरी, राकेश अग्रवाल, अरुण रस्तोगी, मोंटू दिवाकर आदि मौजूद रहे।



## नया इमीग्रेशन एक्ट 2025 लागू: विदेशी मेहमानों की सूचना 24 घंटे में एफआरओ को देना अनिवार्य, एसएसपी ने दिए निर्देश

**मुरादाबाद।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री सतपाल अंतिल ने बताया कि गृह मंत्रालय भारत सरकार द्वारा नया इमीग्रेशन एक्ट 2025 लागू होने के बाद जनपद में आने वाले सभी विदेशी नागरिकों की सूचना देना अनिवार्य कर दिया गया है। इसमें नेपाल, भूटान और ओसीआई कार्ड धारक भी शामिल हैं।फार्म-सी/एस/ए ऑनलाइन भरना जरूरीएसएसपी ने बताया कि जनपद में आने वाले सभी विदेशियों के लिए फार्म-सी/एस/ए ऑनलाइन भरवाया जाना अनिवार्य है। गृह मंत्रालय के आदेश के अनुसार होटल, गेस्ट हाउस, मुसाफिर खाना, धर्मशाला, शिक्षण संस्थान या अस्पताल संचालकों को निर्देश दिए गए हैं।ई-मेल से भेजनी होगी जानकारीहोटल संचालक विदेशी नागरिकों के आने के बाद भरे गए फार्म-सी की कॉपी वीजा के साथ इलेक्ट्रॉनिक मोड में एफआरओ कार्यालय की ई-मेल आईडी बवसपण. नउ़क/हउंपस.बवउ पर डिजिटल मोड में ही भेजेंगे। विदेशी नागरिक के होटल, शिक्षण संस्थान या अस्पताल से जाने के बाद भी उसके प्रस्थान की सूचना एफआरओ कार्यालय को डिजिटल मोड में तुरंत देनी होगी।24 घंटे में देनी होगी सूचनाएसएसपी ने निर्देश दिए कि सभी संचालक विदेशी नागरिकों के ठहरने के 24 घंटे के भीतर ऑनलाइन फार्म-सी/एस/ए भरवाएं। अधिक जानकारी के लिए एलआईयू मुरादाबाद के मोबाइल नंबर 9454401704 पर संपर्क कर सकते हैं।

विदेशियों के ठहरने की सूचना ऑनलाइन देने के लिए तत्काल एलआईयू कार्यालय में पंजीकरण कराना होगा।उन्होंने कहा कि नए इमीग्रेशन एक्ट का सख्ती से पालन कराया जाएगा। नियमों का उल्लंघन करने पर संचालकों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## टिकाऊ खेती का एक ही सूत्र संतुलित उर्वरक, सही मात्रा और सही समय पर

**ठाकुरद्वारा।** कृषि विज्ञान केंद्र, द्वारा मृदा स्वास्थ्य और उत्पादकता बढ़ाने के उद्देश्य से विकास खंड ठाकुरद्वारा के ग्राम राजूपुर कलाँ में संतुलित उर्वरक उपयोग विषय पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में काफी संख्या में किसानों ने भाग लिया और संतुलित उर्वरक के उपयोग की महत्वता तथा उर्वरक लगाने का सही समय जैसे विभन्न पहलुओं पर जानकारी प्राप्त की। केंद्र के प्रभारी अधिकारी डॉ रवीन्द्र कुमार ने सभी का स्वागत करते हुए कहा की मिट्टी का स्वास्थ्य ही किसान की असली दौलत है यदि हम आज इसका सरक्षण नहीं करेंगे तो आने वाली पीढ़ी को बंजर जमीन ही उपहार में देंगे ।

पादप सुरक्षा के वैज्ञानिक दीपक कुमार ने बताया कि यूरिया की मात्रा को संतुलित रूप में प्रयोग करना चाहिए क्यूंकि पौधे का हरा पन कीटों को आकर्षित करता है। साथ ही यह भी बताया कि फसलों में संतुलित उर्वरक उपयोग से फसलों में कीट की समस्या कम होती है। इस अभियान में सुभाष , दुर्गा सिंह , गौतम सिंह , रमेश सिंह , नीरज कुमार , आदि लगभग 20किसानों ने प्रतिभाग किया। पुष्पराज यादव, संदीप कुमार व दिनेश कुमार ने कार्यक्रम को सफल बनाने में योगदान दिया।

## 585 ग्राम चरस के साथ शातिर तस्कर गिरफ्तार

**ठाकुरद्वारा।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर चलाए जा रहे नशाविरोधी अभियान के तहत, ठाकुरद्वारा पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने 585 ग्राम अवैध चरस के साथ एक शातिर तस्कर को गिरफ्तार किया है। पुलिस क्षेत्राधिकारी ठाकुरद्वारा के सुपरविजन और थानाध्यक्ष मनोज परमार के नेतृत्व में एक टीम ने ग्राम चमरावाला से करीब 300 मीटर पहले नहर की पटरी पर स्थित पुलिया से 32 वर्षीय आरोपी श्इस्लामश् पुत्र असलम निवासी फरीदनगर को गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपी इस्लाम ने बताया कि इस कारोबार में अच्छा मुनाफा देखकर वह लालच में आ गया था। उसने पुलिस से माफी मांगते हुए कहा, ष्साहब, गलती हो गई, आगे से कोई गलत काम नहीं करूंगा। हालांकि, पुलिस रिकॉर्ड बताता है कि यह उसकी पहली गिरफ्तारी नहीं है। आरोपी पर पहले भी थाना ठाकुरद्वारा में चोरी (धारा 380ध्411) का मुकदमा दर्ज है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में मनोज परमार (प्रभारी निरीक्षक, उपनि. रीक्षक किरंत पंवार एवं उ.नि. मनीष कुमार शामिल रहे।



## आंधी-तूफान के बाद 18 घंटे से 30 गांव की बिजली गुल, पानी को तरसे ग्रामीण

**ठाकुरद्वारा।** बुद्धवार की रात आए तेज आंधी-तूफान ने ठाकुरद्वारा देहात क्षेत्र की विद्युत व्यवस्था की पोल खोलकर रख दी। ठाकुरद्वारा देहात बिजलीघर से जुड़े कई गांवों में पिछले करीब 18 घंटे से बिजली आपूर्ति पूरी तरह ठप पड़ी है, जिससे ग्रामीणों का जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो गया है। ग्रामीणों के मुताबिक सोमवार रात लगभग 10 बजे अचानक बिजली आपूर्ति बाधित हुई थी। लोगों को उम्मीद थी कि कुछ ही घंटों में सप्लाई बहाल हो जाएगी, लेकिन मंगलवार शाम करीब 4 बजे तक भी हालात जस के तस बने रहे। लगातार बिजली गुल रहने से गांवों में पेयजल संकट गहरा गया है। मोटर और सबमर्सिबल बंद पड़े होने के कारण लोगों को पानी के लिए इधर-उधर भटकना पड़ रहा है। भीषण गर्मी के बीच बिजली न होने से छोटे बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं को सबसे ज्यादा परेशानी उठानी पड़ रही है। मोबाइल फोन डिस्चार्ज होने से लोगों का संपर्क भी प्रभावित हो गया है, वहीं घरों में पंखे, कूलर और अन्य जरूरी उपकरण बंद पड़े हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि शिकायतों के बावजूद विद्युत विभाग की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। इतना ही नहीं, संबंधित लाइनमैन का मोबाइल फोन भी बंद आने से लोगों में भारी नाराजगी व्याप्त है। ग्रामीणों का कहना है कि विभागीय कर्मचारियों की लापरवाही के कारण समस्या और गंभीर हो गई है। बिजली संकट से गोपीवाला, निर्मलपुर, असलेमपुर, कालेवाला, माधोवाला, वोवद वाला, फेसियापुरा पदार्थ, कमलापुरी, काला झांडा, पंडितपुर , समेत 30गांव प्रभावित हैं। ग्रामीणों ने विद्युत विभाग के अधिकारियों से जल्द फॉल्ट ठीक कर विद्युत आपूर्ति सुचारु कराने की मांग की है। साथ ही चेतावनी दी कि यदि जल्द समस्या का समाधान नहीं हुआ तो ग्रामीण आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

# पत्नी को लेने बरेली जा रहे युवक की सड़क हादसे में मौत, परिवार में मचा कोहराम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** जनपद के थाना कटघर क्षेत्र निवासी एक युवक की सड़क हादसे में मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही परिवार में चीख-पुकार मच गई और पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ गई।जानकारी के अनुसार थाना कटघर क्षेत्र निवासी सुदेश अपनी पत्नी को बुलाने के लिए बरेली जा रहा था। सुदेश महिंद्रा पिकअप वाहन चलाता था और उसी वाहन से वह बरेली की ओर जा रहा था।





बताया जा रहा है कि जब वह मूढापांडे थाना क्षेत्र के ग्राम मनकरा के पास पहुंचा, तभी उसकी महिंद्रा पिकअप अचानक रोडवेज बस से टकरा गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि वाहन के अगले हिस्से के परखच्चे उड़ गए और सुदेश गंभीर रूप से घायल हो गया।स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी।

मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल चालक को बाहर निकालने का प्रयास किया, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। हादसे के बाद कुछ देर तक सड़क पर अफरा-तफरी का माहौल बना रहा। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है।सुदेश की मौत की खबर जैसे ही परिवार तक पहुंची, घर में मातम छा गया। परि. जनों का रो-रोकर बुरा हाल है। आसपास के लोग भी परिवार को ढांढस बंधाने में जुटे रहे। बताया जा रहा है कि सुदेश मेहनत-मजदूरी कर अपने परिवार का पालन-पोषण करता था। उसकी असमय मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है।

## तहसील टॉपर समरीन मोहम्मद इरफान एजुकेशनल अवार्ड से सम्मानित

**बिलारी।** बिलारी तहसील की टॉपर छात्रा समरीन की शानदार सफलता पर खुशी का माहौल है। मोहल्ला अंसारियान स्थित गुलमोहर कॉलोनी निवासी समरीन ने सीबीएसई बोर्ड इंटरमीडिएट परीक्षा में 95.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तहसील में पहला स्थान हासिल किया है। उनकी इस उपलब्धि पर समाजवादी पार्टी विधायक हाजी मोहम्मद फहीम इरफान उनके आवास पहुंचे और उन्हें ष्मोहम्मद इरफान एजुकेशनल अवार्डष्, शील्ड एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर विधायक हाजी मोहम्मद फहीम इरफान ने कहा कि शिक्षा ही सफलता की सबसे बड़ी कुंजी है और बेटियां आज हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रही हैं। समरीन ने अपनी मेहनत और लगन से न केवल अपने परिवार, बल्कि बिलारी नगर और विद्यालय का भी नाम रोशन किया है। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रतिभाशाली छात्रों का सम्मान समाज के अन्य बच्चों को भी आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। समरीन, स्क्रैप व्यापारी रईस अहमद फारुकी की बेटी हैं और भारत इंटरनेशनल स्कूल की छात्रा हैं। समरीन ने बताया कि उनका सपना आईएएस अधिकारी बनकर देश सेवा करना है। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता, शिक्षकों और नियमित सेल्फ स्टडी को दिया। विधायक हाजी मोहम्मद फहीम इरफान ने समरीन के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि मेहनत, अनुशासन और दृढ़ संकल्प से हर लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। इस अवसर पर समरीन की माता रेहाना, पिता रईस अहमद फारूकी, भाई रेहान के अलावा स्थानीय लोग मौजूद रहे।

# आंधी-तूफान और तेज बारिश से मचा हड़कंप

## पेड़ उखड़े, टीन शेड उड़ीं, बिजली व्यवस्था ध्वस्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** बुधवार देर रात मौसम ने अचानक करवट ली और तेज आंधी-तूफान के साथ हुई बारिश ने चन्दौसी तहसील क्षेत्र समेत पूरे जनपद और आसपास के जिलों में भारी तबाही मचा दी। रात करीब दस बजे के बाद आसमान में घने काले बादल छा गए और देखते ही देखते तेज हवाओं के साथ बारिश शुरू हो गई। तूफान की रफ्तार इतनी तेज थी कि शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में अनेक पेड़ जड़ से उखड़कर सड़कों तथा बिजली लाइनों पर गिर पड़े, जिससे कई प्रमुख मार्गों पर यातायात प्रभावित हो गया। कई स्थानों पर दुकानों और मकानों की टीन शेड हवा में उड़ गईं, जबकि होर्डिंग्स, बोर्ड और अस्थायी ढांचे भी क्षतिग्रस्त हो गए। ग्रामीण इलाकों में कच्चे मकानों और झोपडिघ्यों को भी नुकसान पहुंचा है। तहसील चन्दौसी के थाना कुढ़फतेहगढ़ क्षेत्र के गांव दारनी में आंधी के दौरान सड़क किनारे स्थित प्राथमिक विद्यालय परिसर में खड़े पाखड़ के पेड़ की बड़ी डाल टूटकर विद्यालय के मुख्य गेट पर गिर गई। गनीमत रही कि आंधी रात के समय आई, जिससे कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ। गुरुवार सुबह जब छात्र स्कूल पहुंचे तो गेट बंद होने के कारण उन्हें काफी देर तक बाहर खड़ा रहना पड़ा। बाद में ग्रामीणों ने पेड़ की डालियों को काटकर हटाया, तब जाकर विद्यालय का गेट खुल सका और बच्चों ने स्कूल में प्रवेश किया। तेज तूफान के कारण कई जगह बिजली के खंभे और तार टूटकर गिर गए, जिससे शहर और देहात के अनेक क्षेत्रों में रातभर बिजली आपूर्ति बाधित रही। अचानक बिजली गुल होने से लोगों को गर्मी और अंधेरे में रात गुजारनी पड़ी। कई मोहल्लों में पेड़ गिरने से रास्ते बंद हो गए और लोगों को आने-जाने में परेशानी उठानी पड़ी। बारिश के कारण निचले इलाकों और सड़कों पर जलभराव की स्थिति भी बन गई, जिससे वाहन चालकों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। आंधी और बारिश का सबसे अधिक असर किसानों पर दिखाई दिया। तेज हवाओं और बारिश से आम की फसल को भारी नुकसान पहुंचने की आशंका





जताई जा रही है। बाग मालिकों के अनुसार पेड़ों से बड़ी मात्रा में आम टूटकर जमीन पर गिर गए। इसके अलावा खेतों में खड़ी अन्य फसलें भी प्रभावित हुई हैं। ईंट भट्टा संचालकों और छोटे कारोबारियों को भी नुकसान उठाना पड़ा है। तूफान के दौरान लोग भयभीत होकर घरों में कैद हो गए तथा कई क्षेत्रों में पेड़ गिरने की घटनाओं के कारण अफरा-तफरी का माहौल बना रहा।

# हत्या के मामले में पांच दोषियों को आजीवन कारावास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** करीब नौ वर्ष पुराने हत्या के मामले में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट संभल स्थित चन्दौसी अवधेष कुमार सिंह ने पांच अभियुक्तों को दोषी ठहराते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। न्यायालय ने सभी दोषियों पर विभिन्न धाराओं में अर्थदंड भी लगाया है। फैसले के बाद पीडि त पक्ष ने न्याय मिलने पर संतोष जताया। वादी ने थाना धनारी में तहरीर देकर बताया था कि 24 सितंबर 2017 को लगभग साढ़े तीन बजे गांव के महानंद पुत्र अनेगी सिंह, गिलीचंद उर्फ गिरीश पुत्र अनेगी सिंह, नेकपाल, राहुल, राकेश तथा अन्य लोग लाठी-डंडे और धारदार हथियार लेकर उसके घर में घुस आए। आरोपियों ने करऊ पुत्र प्यारे सिंह, राजवती पत्नी करऊ तथा राजेश पुत्र करऊ के साथ जान से मारने की नीयत से मारपीट की। मारपीट का शोर सुनकर ग्रामीण मौके पर पहुंचे और बीच-बचाव का प्रयास किया, लेकिन आरा. पी नहीं माने। घायल अवस्था में तीनों को थाने लाया गया, जहां से उन्हें उपचार के लिए गुन्नौर अस्पताल भेजा गया। हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने उन्हें मुरादाबाद रेफर कर दिया। बाद में मेरठ ले जाते समय 25 सितंबर 2017 को करऊ की रास्ते में मृत्यु हो गई।

इसके बाद शव को लेकर परिजन थाने पहुंचे, जहां पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। सुनवाई के उपरांत न्यायालय ने अभियुक्त महानंद, गिलीचंद उर्फ गिरीश, नेकपाल, राहुल और राकेश को भारतीय दंड सं. हता की धारा 147 के तहत एक-एक वर्ष के कारावास एवं एक-एक हजार रुपये के अर्थदंड, धारा 148 के तहत दो-दो वर्ष के कारावास एवं दो-दो हजार रुपये के अर्थदंड तथा धारा 452 के तहत तीन-तीन वर्ष के कारावास एवं तीन-तीन हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया। इसके अलावा न्यायालय ने धारा 307 के तहत प्रत्येक अभियुक्त को दस-दस वर्ष के कारावास एवं दस-दस हजार रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई। वहीं धारा 302/149, 34 के तहत सभी अभियुक्तों को आजीवन कारावास एवं पचास-पचास हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया गया।

# क्लबफुट दोष के प्रति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** "पैदा होने के कारण कोई भी बच्चा विकलांग न हो" इस उद्देश्य को लेकर अनुष्का फाउंडेशन फॉर एलिमिनेटिंग क्लबफुट द्वारा क्लबफुट जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बताया गया कि क्लबफुट एक ऐसी जन्मजात समस्या है, जिसमें बच्चे के पैर मुड़े हुए होते हैं, लेकिन समय पर सही इलाज मिलने से बच्चा सामान्य जीवन जी सकता है। कार्यक्रम में जानकारी दी गई कि अनुष्का फाउंडेशन अपने क्लबफुट प्रोग्राम को सरकारी स्वास्थ्य प्रणालियों एवं नेटवर्क के माध्यम से संचालित कर रहा है। इस अभियान में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (छभ्ड) और राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (त्ठैज्ञ) का सहयोग लिया जा रहा है, ताकि अधिक से अधिक बच्चों तक उपचार पहुंच सके। विशेषज्ञों ने बताया कि क्लबफुट का इलाज पोनसेटी विधि से किया जाता है। इस प्रक्रिया में सबसे पहले बच्चे के पैर को धीरे-धीरे प्लास्टर



(कास्टिंग) के माध्यम से सीधा किया जाता है। यह प्रक्रिया लगभग 4 से 8 सप्ताह तक चलती है और हर सप्ताह प्लास्टर बदला जाता है।

इसके बाद टेनोटॉमी नामक एक छोटी प्रक्रिया की जाती है, जिसमें एकिलीज टेंडन को काटकर पैर का लचीलापन बढ़ाया जाता है। यह लगभग 10 मिनट की आउट पेशेंट प्रक्रिया होती है। इसके बाद ब्रेसिंग चरण शुरू होता है, जिसमें बच्चे को विशेष ब्रेस पहनाया जाता है ताकि पैर सही स्थिति में रहे और बीमारी दोबारा न लौटे।

शुरुआती 3 महीने तक ब्रेस दिन-रात पहनना जरूरी होता है, जबकि उसके बाद केवल सोते समय 4 से 5 वर्षों तक ब्रेस पहनाने की सलाह दी जाती है। कार्यक्रम में मौजूद चिकित्सकों और स्वास्थ्य कर्मियों ने अभिभावकों से अपील की कि यदि किसी नवजात बच्चे में क्लबफुट के लक्षण दिखाई दें तो तुरंत उपचार शुरू कराएं। कार्यक्रम में डॉक्टर झरना राजपूत, डॉ सीमा जिलानी, फिजियोथैरेपिस्ट केपी सिंह, एएनएम जयंती मेहता, प्रदीप शर्मा एवं जिला समन्वयक सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे। आप अपने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर आर. बी. एस. के टीम से या गाँव की आशा, ए. एन एम से संपर्क कर सकते हैं।

## एक नजर

## जिला स्तरीय प्रशिक्षण वर्ग की तैयारी को लेकर भाजपाइयों ने बुलाई बैठक



**कांठ( शाह टाइम्स )** भारतीय जनता पार्टी का दो दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण वर्ग 23 एवं 24 मई को मंडल कांठ में दिव्यांशु फार्म हाउस में किया जाएगा इसकी तैयारी को लेकर आज भाजपायों की बैठक का आयोजन किया गया जिसके मुख्य अतिथि क्षेत्रीय उपाध्यक्ष और वर्ग प्रभारी राजेश कुमार सिंगल रहे कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष आकाश कुमार पाल द्वारा की गई। बताया गया की बैठक का उद्देश्य प्रशिक्षण वर्ग को व्यवस्थित एवं प्रभारी बनाना है एवं कार्यकर्ताओं को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपना है। मुख्य अतिथि राजेश सिंघल ने पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं से प्रशिक्षण वर्ग की व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा की और अलग-अलग कार्यकर्ताओं को दायित्व सौंपा। आकाश कुमार पाल ने कहा कि प्रशिक्षण वर्ग संगठन की कार्यप्रणाली को मजबूत करने एवं कार्यकर्ताओं को वैचारिक और संगठनात्मक रूप से प्रशिक्षित करने का महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से अपने दायित्वों का निष्ठा एवं समर्पण के साथ निर्भर करने का आवाहन किया। इस मौके पर काफी संख्या में कार्यकर्ता और पदाधिकारी मौजूद रहे।

## अच्छा रिजल्ट मिलने पर स्कूल में मनाया जश्न, बांटी मिठाई

**कांठ( शाह टाइम्स )** हार्वर्ड कान्वेंट स्कूल में कक्षा 12 का अच्छा परीक्षा परिणाम आने की खुशी में आज जश्न मनाया गया और मिठाई बांटकर एक दूसरे को बधाई दी गई। बतादें कि केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा परीक्षा परिणाम घोषित होते ही विद्यालय प्रबंधक दीपेश सिंह एवं प्रधानाचार्य रेनू बिश्नोई उप प्रधानाचार्य सलभ माथुर शिक्षकों एवं अभिभावकों में खुशी की लहर दौड़ गई। प्रधानाचार्य रेनू बिश्नोई ने कहा कि, हर परीक्षा में मेरा कद बड़ा होगा, गिरेगा वही जो कभी अपने पैरों पर खड़ा होगा, कोई भी तूफान मेरे आत्मविश्वास से बड़ा नहीं और जीतेगा वही जो कभी हार से लड़ा होगा, इस मौके पर विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।



## मुफ्ती राशिद बने रामपुर घोघर ईदगाह के नए इमाम, मुफ्ती मोहिउद्दीन पद से हटाए गए

**सुरजन नगर।** सुरजन नगर के पास स्थित वक्फ ईदगाह रामपुर घोघर वक्फ नंबर 5529/मुरादाबाद के इमाम की जिम्मेदारी में बड़ा बदलाव किया गया है। वक्फ ईदगाह के सेक्रेटरी मोहम्मद कासिम ने सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर वर्तमान इमाम मौलाना मुफ्ती मोहिउद्दीन पुत्र समसुद्दीन, को उनके पद से हटा बरतरफ दिया है।

उनके स्थान पर अब मुफ्ती राशिद साहब पुत्र मुबारक हुसैन, को रामपुर घोघर ईदगाह का नया इमाम नियुक्त किया गया है। सेक्रेटरी मोहम्मद कासिम द्वारा जारी आदेश के अनुसार, इस नए बदलाव के बाद अब पूर्व इमाम मुफ्ती मोहिउद्दीन का रामपुर घोघर ईदगाह की इमामत या प्रबंधन से कोई वास्ता या संबंध नहीं रहेगा। मुफ्ती राशिद साहब अब ईदगाह में इमामत के सभी धार्मिक दायित्वों को संभालेंगे।

## भूड़ वाली ज्यारत पर सालाना उर्स में उमड़ी अकीदतमंदों की भीड़

**बिलारी।** नगर के पूर्व में स्थित भूड़ वाली जारत पर हजरत वली मोहम्मद एवं हजरत महमूद शाह मियां के मजार स्थित हैं इन पर सालाना उर्स का आयोजन किया गया जिसका आकार मंगलवार की शाम शुरुआत मिलाद शरीफ से किया गया। तकरीर प्रोग्राम में मौलाना मोहम्मद आजम ने कहा कि हम सब बुजुर्गों की ही देन हैं उन्होंने ही हमें अदब तहजीब सिखाया उन्होंने ही हमें पहचान दी इसलिए हमें हर हाल में उनका अहत. राम करना चाहिए। हमारे यह दोनों बुजुर्ग भी उन्हीं में से एक हैं इनका नगर समेत आसपास के क्षेत्र में बहुत करम है यहां आने वाला कभी खाली हाथ मायूस होकर नहीं लौटता। उन्होंने पड़ोसियों से अच्छे संबंध रखना बुरे कामों से बचने को कहा। दूसरे दिन बुजुर्गों की शान में कव्वाली पेश की गई। तीसरे दिन जुम्मेरात को बाद नमाजे मगरिब कुल शरीफ की रस्म अदा की गई जिसमें नियाज नजर के बाद मुल्क और कौम की तरक्की खुशहाली के लिए दुआएं मांगी गई इसके बाद रात भर कव्वाली का प्रोग्राम चला। व्यवस्था में कमेटी अध्यक्ष मोहम्मद इस्माइल, राहत जान, अरमान अली, मोहम्मद यूनुस, मुनाजिर, मोहम्मद यामीन, मोहम्मद जुबेर, मुमताज हुसैन इंतजार हुसैन जहीर हुसैन, नासिर हुसैन सूफी जी, नूर मोहम्मद सफी जी आदि ने सहयोग किया। तीन दिन जंगल में मंगल रहा मिलक नगलिया, धनियाखेड़ा, हरौरा, बीरमपुर आदि के अकीदतमंदों में पहुंचकर हाजिरी दी। नगलिया जट के दिलावर हुसैन मलिक ने कहा कि यह मजार 100 साल से भी अधिक पुराना है उनकी बड़ी करामात हैं यहाँ सच्चे मन से मांगी दुआएं कबूल होती हैं।



## टूटे बिजली तार की चपेट में आने से मजदूर की मौत

**बिलारी।** क्षेत्र के गांव रुस्तमनगर सहसपुर नई बस्ती निवासी साठ वर्षीय सलीम पुत्र फकीर मोहम्मद की बिजली के करंट की चपेट में आने से दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बताया कि सलीम ईंट भट्टे पर मजदूरी कर अपने परिवार का पालन-पोषण करता था। गुरुवार सुबह वह रोजाना की तरह काम पर जाने के लिए घर से निकला था। इसी दौरान रास्ते में रात में आई तेज आंधी के कारण टूटकर गिरे बिजली के तार की चपेट में आ गया। अंधेरा होने और तार दिखाई न देने के कारण उसका पैर तार पर पड़ गया, ग्राम प्रधान मोहम्मद सलीम सहित मोहल्ले और परिवार के लोग घटनास्थल पर मौजूद रहे। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

## गत्ता फैक्ट्री से माल लेकर भुगतान न करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**बिलारी।** पुलिस ने गत्ता फैक्ट्री से माल लेकर भुगतान न करने, धोखाधड़ी, जालसाजी और जान से मारने की धमकी देने के मामले में एक आरोपी को गिररफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज है। पुलिस के अनुसार थाना बिलारी में मु. अपराध संख्या 470/2023 धारा 409, 417, 419, 420, 422, 465, 467, 468, 471, 506 एवं 120बी भादवि के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया था। यह मुक. दमा गत्ता फैक्ट्री ग्राम देवरी, थाना बिलारी, जनपद मुरादाबाद से संबंधित है। इसके वादी वरुण कुमार पुत्र रविंद्र सिंह निवासी ग्राम सेरुआ धर्मपुर, कांठ रोड, अगवानपुर, मुरादाबाद ने आरोप लगाया था कि अभियुक्तों ने उनकी कंपनी से माल खरीदने के बाद भुगतान नहीं किया। साथ ही धोखाधड़ी और जालसाजी कर आर्थिक नुकसान पहुंचाया तथा जान से मारने की धमकी दी। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक साहब सिंह, उपनिरीक्षक सुनील कुमार, कांस्टेबल 234 अमित कुमार एवं कांस्टेबल 981 नितिन कुमार थाना बिलारी, मुरादाबाद शामिल रहे।

# सम्पादकीय

## ब्रिक्स बैठक का आगाज

गुरुवार को नई दिल्ली में ब्रिक्स देशों के विदेश मंत्रियों का दो दिवसीय सम्मेलन शुरू हो गया है। यह सम्मेलन भारत की अध्यक्षता में हो रहा है। इस अवसर पर भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने बड़ी बेबाकी के साथ ब्रिक्स देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक में अपने विचार खुलकर रखे। उनका यह कहना बिल्कुल सही है कि अंतर्राष्ट्रीय सुरक्षा, आर्थिक असुरक्षा और संस्थागत सुधारों पर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने स्वीकार किया कि अभूतपूर्व भू राजनीतिक और आर्थिक अनिश्चतता का इस समय विश्व सामना कर रहा है और इसके पीछे सशर्त संघर्ष, जलवायु संबंधी आपदाएं और कोविड महामारी के दीर्घकालिक प्रभाव प्रमुख कारण हैं। भारतीय विदेश मंत्री ने साफ किया कि ये संकट अलग नहीं हैं, बल्कि ऐसा संगम हैं जो अंतर्राष्ट्रीय व्यवस्थाओं की क्षमता की परीक्षा ले रहे हैं और इसका सबसे ज्यादा असर उभरती अर्थव्यवस्थाओं तथा विकासशील देशों पर पड़ रहा है। जैसीकि उम्मीद थी उन्होंने पश्चिम एशिया की स्थिति पर खुलकर अपनी बात रखी और साथ ही चिंता जताते हुए कहा कि लगातार तनाव, समुद्री सुरक्षा और वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति के लिए खतरा बन रहा है। उन्होंने होर्मुज स्टेट और लाल सागर जैसे महत्वपूर्ण समुद्री मार्गों में निर्बाध आवाजाही को वैश्विक आर्थिक स्थिरता के लिए आवश्यक बताया और सबसे बड़ी बात उन्होंने गाजा संघर्ष को मानवीय संकट बताया और इसका हल दो राष्ट्रीय समाधान के आधार पर ढूंढने की वकालत की। डा. जयशंकर ने यह भी स्पष्ट स्थिरता चुनिंदा नहीं हो सकती और शांति टुकड़ों में स्थापित नहीं की जा सकती। उन्होंने खुलकर एक तरफा प्रतिबंधों और दबावों की आलोचना की जो अंतर्राष्ट्रीय कानून और संयुक्त राष्ट्र चार्टर के अनुरूप नहीं हैं। ब्रिक्स ऐसे समय में हो रहा है जब वास्तव में दुनिया के सामने चुनौतियां ही चुनौतियां हैं। पश्चिम एशिया संकट तो है ही, साथ ही कई वर्षों से रूस-यूक्रेन युद्ध भी बराबर जारी है। इसके अलावा भी कई जगह ऐसी हैं जहां टकराव की बातें सामने आती रहती हैं। जैसे चीन-ताईवान के बीच संघर्ष, कभी भी जन्म ले सकता है। ऐसे में ब्रिक्स देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक बेहद महत्वपूर्ण हो जाती है। इस बैठक में किस तरह के फैसले सामने आते हैं, यह तो बैठक के बाद ही पता चलेगा, इस समय तो यह उम्मीद ही की जा सकती है कि ब्रिक्स से जुड़े सभी देश अपनी जिम्मेदारी का ठीक से निर्वहन करेंगे और टकराव का रास्ता छोड़कर सहयोग की ओर बढ़ेंगे। यही आज विश्व के हित में होगा।

## श्रीमुख से...

### युद्ध कोई विकल्प नहीं है



आरएसएस के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबले के पाकिस्तान के साथ बातचीत करने वाला बयान स्वागत योग्य है, यह इस बढ़ती हुई समझ को दर्शाता है कि अब युद्ध कोई विकल्प नहीं रहा, यह एक बहुत बड़ा कदम है, मुझे खुशी है कि अब कोई यह सोच रहा है कि युद्ध कोई विकल्प नहीं है, यह बातचीत का मामला है और बातचीत के जरिए ही हमें अपनी समस्याओं का हल निकालना चाहिए, दिल्ली में शुरू हो रही ब्रिक्स की बैठक पश्चिम एशिया में शांति को बढ़ावा देने में अहम भूमिका निभाएगी, ब्रिक्स की बैठक हो रही है और हमें उम्मीद है कि पश्चिम एशिया में शांति होगी, ब्रिक्स भी इस पर दबाव डालेगा, अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प चीन में हैं, मुझे यकीन है कि चीन भी अपनी भूमिका निभाएगा ताकि शांति बनी रहे। **-फारूक अब्दुल्ला, पूर्व मुख्यमंत्री, जम्मू-कश्मीर**

## अपने विचार रखें...

**हम पाठकों के साथ ही वरिष्ठ स्तंभकारों, लेखकों को सम्पादकीय पेज हेतु आलेख अथवा जनमानस से जुड़े मुद्दों पर अपनी राय भेजने के लिए आमंत्रित करते हैं, सम्पादकीय पेज पर प्रकाशित किसी भी लेख से सम्पादक अथवा संस्थान का सहमत होना आवश्यक नहीं है, यह लेखक के अपने निजी विचार होते हैं।**

**सम्पादकीय डेस्क, शाह टाइम्स**

पत्राचार: शाह टाइम्स, सुजडू चुंगी, मेरठ रोड
मुजफ्फरनगर, पिन कोड-251003
Dainikshahtimes@gmail.com

# सामाजिकता की सबसे बड़ी कुंजी है परिवार





अतुल गोयल

विश्वभर में हर वर्ष 15 मई को मनाया जाने वाला 'अंतर्राष्ट्रीय परिवार दिवस' मानव सभ्यता की सबसे महत्वपूर्ण सामाजिक संस्था 'परिवार' के महत्व को पुन: स्मरण करने का अवसर है। संयुक्त राष्ट्र द्वारा वर्ष 1993 में घोषित यह दिवस समाज, संस्कृति, अर्थव्यवस्था और नैतिक मूल्यों के निर्माण में परिवार की केंद्रीय भूमिका को रेखांकित करता है। इस वर्ष 'अंतर्राष्ट्रीय परिवार दिवस' की थीम है 'परिवार, असमानताएं और बाल कल्याण', जो वर्तमान वैश्विक परिस्थितियों में अत्यंत प्रासंगिक है क्योंकि बढ़ती आर्थिक विषमता, सामाजिक असंतुलन, तकनीकी बदलाव और बदलती जीवनशैली का सबसे गहरा प्रभाव परिवारों और विशेष रूप से बच्चों पर पड़ रहा है। परिवार केवल रक्त संबंधों का समूह नहीं होता बल्कि व्यक्ति के जीवन का पहला विद्यालय, पहला संस्कार केंद्र और पहली सामाजिक प्रयोगशाला होता है। मनुष्य बोलना, चलना, व्यवहार करना, प्रेम करना, सम्मान देना और जिम्मेदारियां निभाना सबसे पहले परिवार से ही सीखता है। यही कारण है कि भारतीय संस्कृति में परिवार को सदैव सर्वोच्च स्थान प्राप्त रहा है। यहां परिवार का अर्थ केवल माता-पिता और बच्चों तक सीमित नहीं था बल्कि दादा-दादी, चाचा-चाची, ताऊ-ताई, मामा-मौसी सहित बहुपीढ़ीय संयुक्त परिवार भारतीय समाज की पहचान हुआ करते थे। 'वसुधैव कुटुंबकम' का आदर्श इसी व्यापक पारिवारिक दृष्टि का प्रतीक है, जिसमें संपूर्ण विश्व को एक परिवार माना गया।

भारतीय जीवन पद्धति में परिवार केवल आर्थिक इकाई नहीं बल्कि संवेदनाओं और संस्कारों का जीवंत केंद्र था। घर के आंगन में दादा-दादी की कहानियां बच्चों के व्यक्तित्व निर्माण का आधार बनती थी। त्योहार केवल उत्सव नहीं बल्कि पारिवारिक एकता और सांस्कृतिक चेतना के अवसर होते थे। भोजन एक साथ बैठकर किया जाता था और जीवन के छोटे-बड़े निर्णय सामूहिक रूप से लिए जाते थे। उस समय परिवार में 'मैं' से अधिक 'हम' की भावना महत्वपूर्ण थी किन्तु आधुनिकता, शहरीकरण, उपभोक्तावाद और डिजिटल जीवनशैली ने परिवार की पारंपरिक संरचना को गहराई से प्रभावित किया है। आज महानगरों में जीवन की तीव्र गति और प्रतिस्पर्धा ने रिश्तों की आत्मीयता को कमजोर किया है। लोग एक ही घर में रहते हुए भी भावनात्मक रूप से एक-दूसरे से दूर होते जा रहे हैं। भोजन की मेज पर संवाद की जगह मोबाइल फोन ने ले ली है। पहले जहां शाम का समय परिवार के साथ बिताया जाता था, वहीं अब अधिकांश समय अलग-अलग कमरों में स्क्रीन के सामने बीतता है। तकनीक ने सुविधा तो बढ़ाई है परन्तु रिश्तों की गर्माहट को कहीं न कहीं कम भी किया है।

इस बदलते परिवेश का सबसे गहरा प्रभाव बच्चों पर दिखाई देता है। आज का बच्चा डिजिटल रूप से अत्यंत सक्षम है लेकिन भावनात्मक रूप से पहले की तुलना में अधिक अकेला होता जा रहा है। परिवारों में संवाद की कमी, माता-पिता की व्यस्तता और बढ़ती प्रतिस्पर्धा ने बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित किया है। अंतर्राष्ट्रीय परिवार दिवस इसी वास्तविकता की ओर ध्यान आकर्षित करता है कि सामाजिक और आर्थिक असमानताएं बच्चों के भविष्य को किस प्रकार प्रभावित कर रही हैं। विश्व के अनेक देशों में आज भी करोड़ों बच्चे गरीबी, कुपोषण, शिक्षा की कमी और असुरक्षित वातावरण में जीवन व्यतीत कर रहे हैं। जिन परिवारों की आय अस्थिर होती है या जिनके पास स्वास्थ्य, शिक्षा और सामाजिक सुरक्षा जैसी मूलभूत सुविधाओं तक पर्याप्त पहुंच नहीं होती, वहां बच्चों का समग्र विकास बाधित हो जाता है। आर्थिक असमानता केवल आय का अंतर नहीं बल्कि अवसरों की असमानता भी है। गरीब परिवारों के बच्चे अक्सर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाओं और सुरक्षित वातावरण से वंचित रह जाते हैं, जिससे पीढ़ियों तक गरीबी और वंचना का चक्र बना रहता है। आज वैश्विक स्तर पर जलवायु परिवर्तन, युद्ध, विस्थापन, बेरोजगारी और तकनीकी बदलाव जैसी चुनौतियां परिवारों पर अतिरिक्त दबाव डाल रही हैं। प्रवासन के कारण लाखों परिवार टूट रहे हैं। माता-पिता रोजगार की तलाश में दूर शहरों या देशों में चले जाते हैं और बच्चे भावनात्मक दूरी का सामना करते हैं। यही कारण है कि संयुक्त राष्ट्र इस वर्ष परिवार-केंद्रित सामाजिक सुरक्षा नीतियों पर विशेष जोर दे रहा है। बाल कल्याण, मातृत्व सहायता, पितृत्व अवकाश, सस्ती बाल देखभाल सेवाएं, प्रारंभिक शिक्षा और परिवार समर्थक नीतियां केवल कल्याणकारी योजनाएं नहीं बल्कि भविष्य के स्वस्थ समाज की आधारशिला हैं। भारतीय समाज में भी पारिवारिक संरचना तेजी से बदल रही है। संयुक्त परिवारों की जगह एकल परिवारों का विस्तार हुआ है। गांवों की तुलना में महानगरों में पारिवारिक विघटन अधिक स्पष्ट दिखाई देता है। रोजगार और बेहतर अवसरों की तलाश में युवा महानगरों और विदेशों की ओर जा रहे हैं, जिसके कारण बुजुर्ग माता-पिता अकेले रह जाते हैं। आर्थिक सहायता तो मिल जाती है लेकिन भावनात्मक सहारा धीरे-धीरे समाप्त होता जा रहा है। सबसे अधिक प्रभावित यदि कोई वर्ग हुआ है तो वह बुजुर्गों का है। कभी परिवार की धुरी माने जाने वाले बुजुर्ग आज अनेक घरों में उपेक्षा और अकेलेपन का जीवन जीने को विवश हैं।

पहले परिवार के निर्णयों में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका होती थी लेकिन आज अनेक बुजुर्ग स्वयं को अप्रासंगिक महसूस करने लगे हैं। वृद्धावस्था में व्यक्ति को केवल दवा और धन की आवश्यकता नहीं होती बल्कि सम्मान, संवाद और अपनापन भी उतना ही आवश्यक होता है। भारत में वृद्धाश्रमों की बढ़ती संख्या बदलते सामाजिक ढांचे का गंभीर संकेत है। अनेक रिपोर्टों में यह सामने आया है कि बड़ी संख्या में बुजुर्ग मानसिक अवसाद, असुरक्षा और सामाजिक अलगाव का अनुभव कर रहे हैं। आधुनिक तकनीक दूरी कम करने का दावा करती है लेकिन वास्तविक मानवीय संवाद का कोई विकल्प नहीं हो सकता। जब समाज में सामूहिक बंधन कमजोर होते हैं, तब व्यक्ति अकेलेपन और असुरक्षा का शिकार हो जाता है। वर्तमान भारतीय समाज में यही स्थिति दिखाई दे रही है। आर्थिक विकास और तकनीकी प्रगति के बावजूद मानसिक तनाव, अवसाद और सामाजिक अलगाव जैसी समस्याएं तेजी से बढ़ रही हैं। इसका एक प्रमुख कारण परिवारों के भीतर बढ़ती भावनात्मक दूरी भी है।

# अखिलेश की संवेदनशीलता ने दिखाई प्रेम की राह



रोहित कौशिक

हमारे समाज और राजनीति में कुछ खबरें कभी पुरानी नहीं होती। इसलिए ऐसी खबरों पर लगातार चिंतन-मनन होता रहता है। इस दौर में सबसे बड़ा सवाल यह है कि क्या राजनीति में बढ़ती नफरत को कम करने की कोशिश की जा रही है ? क्या इस दौर में व्यक्तिगत हो चुकी राजनीति की धारा मोड़ने का प्रयास किया जा रहा है ? क्या इस दौर में राजनीतिक शुचिता की बात करने वाले राजनेता अपने दिल की सफाई कर पाए हैं। क्या इस दौर में ऊपर से साफ-सुथरे दिखने वाले राजनेता अपने दिल में जमे कटुता के मैल को साफ कर पाए हैं?

अगर गंभीरता से इन प्रश्नों के उत्तर खोजने की कोशिश की जाएगी तो हमारे अंदर निराशा का भाव ही पैदा होगा। सच्चाई तो यह है कि इस दौर की राजनीति में लगातार नफरत की भावना बढ़ती जा रही है। एक तरफ विकास के लोक लुभावन नारे लगाए जा रहे हैं तो दूसरी तरफ साम्प्रदायिक राजनीति को बढ़ावा देकर जानबूझकर राजनीति में नफरत का भाव पैदा किया जा रहा है। नफरत की इस गर्मी में प्रेम की ठंडी फुहार का अहसास हुआ है। नफरत की राजनीति के इस दौर में प्रेम पैदा करने की पहल हुई है। यह पहल की है उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने। वहीं अखिलेश यादव जिन्हें बदनाम करने की तमाम कोशिशें होती रहती हैं। वही अखिलेश यादव जिन्हें अक्सर नफरत की राजनीति का शिकार बनाया जाता है। हालांकि खबर के लिहाज से यह बात थोड़ी पुरानी हो चुकी है, लेकिन विश्लेषण के हिसाब से कोई भी खबर पुरानी नहीं होती है। इस अंधकार भरे समय में राजनेताओं की संवेदनशीलता पर लगातार बहस और विचार-विमर्श होते रहना चाहिए। जिस दौर में राजनीति में आज आदमी की मूलभूत समस्याओं को नजरअंदाज कर हिन्दू-मुस्लिम के मुद्दे को ही प्रमुख बना दिया गया है, उस दौर में यदि किसी राजनेता की संवेदनशीलता की खबर आती है तो उस पर लगातार बहस होनी चाहिए।

दरअसल कुछ दिनों पहले बहराइच सदर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा विधायक अनुपमा जायसवाल नारी शक्ति वंदन अधिनियम से जुड़े मुद्दे पर विरोध जताते हुए अखिलेश यादव का पुतला जला रही थीं। उत्तर प्रदेश के बहराइच में भाजपा द्वारा नारी शक्ति वंदन अभियान के तहत प्रदर्शन किया गया था। इस दौरान समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का पुतला फूंका गया था। जब भाजपा विधायक अनुपमा जायसवाल, अखिलेश यादव का पुतला जला रही थीं तब उनका चेहरा और बाल आग की चपेट में आ गए। उनका चेहरा बुरी तरह झुलस गया। उन्हें आनन-फानन में स्थानीय अस्पताल ले जाया गया। हालत गंभीर देखते हुए उन्हें बेहतर इलाज के लिए लखनऊ के मेदांता अस्पताल ले रेफर कर दिया गया। अनुपमा जायसलवाल, अखिलेश यादव का पुतला जलाते हुए आग से झुलसी थी। इसके बावजूद अखिलेश यादव उन्हें देखने के लिए मेदांता अस्पताल पहुंचे और उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली। सियासी कड़वाहट के बीच अखिलेश यादव की इस संवेदनशीलता ने सबको हैरान कर दिया। अखिलेश यादव का वह फोटो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हुआ था जिसमें वे मेदांता अस्पताल में अनुपमा जायसवाल से मिलकर उनके स्वास्थ्य की जानकारी लेते हुए दिखाई दे रहे हैं। अखिलेश यादव को अपने सामने देखकर अनुपमा जायसवाल के चेहरे पर भी मुस्कान आ गई थी।

उस समय अखिलेश यादव ने उनके जल्द स्वस्थ होने की कामना भा की थी। अखिलेश यादव ने यह पहल कर एक बड़ी लकीर खींच दी। उन्होंने अपनी इस पहल से यह संदेश भी दिया कि लोकतंत्र में वैचारिक असहमति हो सकती है लेकिन व्यक्तिगत दुश्मनी नहीं होनी चाहिए। इस मुलाकात के बाद सोशल मीडिया पर अखिलेश यादव की इस संवेदनशीलता की काफी प्रशंसा हुई थी। इस मुलाकात के बाद अखिलेश यादव ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर ट्वीट कर जानकारी भी दी थी। अखिलेश यादव ने इस मुलाकात की तस्वीर शेयर करते हुए लिखा था कि हम नहीं चाहते कि समाज के बीच आग जले। हम चाहते हैं समाज में सौहार्द की फुहार हो।

# क्या भारत प्रतियोगी परीक्षाएं कराने की क्षमता खो चुका है!

विजय शंकर पाण्डेय

पूर्व आईएएस अधिकारी वी एस पाण्डेय लिखते हैं इन घटनाओं ने स्पष्ट कर दिया है कि समस्या केवल किसी एक राज्य या एजेंसी तक सीमित नहीं है। यह एक संगठित उद्योग का रूप ले चुकी है जिसमें कोचिंग माफिया, प्रिंटिंग प्रेस, परीक्षा केंद्र कर्मचारी, साइबर अपराधी और कई बार प्रभावशाली लोग भी शामिल पाए जाते हैं।

देश की सबसे बड़ी मेडिकल प्रवेश परीक्षा NEET को पेपर लीक के आरोपों के कारण निरस्त किया जाना केवल एक परीक्षा का संकट नहीं है, बल्कि यह भारत की पूरी परीक्षा प्रणाली पर लगा गंभीर प्रश्नचिन्ह है। लाखों विद्यार्थी वर्षों की मेहनत, मानसिक तनाव, आर्थिक बोझ और पारिवारिक अपेक्षाओं के साथ इन परीक्षाओं में बैठते हैं, लेकिन जब प्रश्नपत्र परीक्षा से पहले ही बाजार में बिकने लगें, व्हाट्सएप और टेलीग्राम पर घूमने लगें, और बाद में परीक्षाएं रद्द करनी पड़ें, तब यह केवल प्रशासनिक विफलता नहीं बल्कि मेहनत बनाम भ्रष्टाचार की लड़ाई बन जाती है। हाल के घटनाक्रम में NEET-UG 2026 को पेपर लीक के आरोपों के बाद रद्द किया गया है और जांच एजेंसियां सक्रिय हुई हैं। भारत में प्रतियोगी परीक्षाओं का दायरा अत्यंत विशाल है। हर वर्ष करोड़ों विद्यार्थी सरकारी





नौकरियों, मेडिकल, इंजीनियरिंग, विश्वविद्यालय प्रवेश तथा अन्य भर्ती परीक्षाओं में भाग लेते हैं। लेकिन पिछले कुछ वर्षों में प्रश्नपत्र लीक की घटनाएं इतनी सामान्य हो गई हैं कि अब ईमानदार परीक्षार्थी स्वयं को ठगा हुआ महसूस करने लगे हैं। 2019 से 2024 के बीच देश में कम से कम 65 बड़ी परीक्षाएं पेपर लीक या परीक्षा अनियमितताओं से प्रभावित हुईं। लाखों सपनों की कब्रगाह बन चुका है भारत का परीक्षा तंत्र। हर साल करोड़ों युवा रात-दिन एक करके परीक्षाओं की तैयारी करते हैं कोई डॉक्टर बनना चाहता है, कोई इंजीनियर, कोई सरकारी अफसर। लेकिन जब परीक्षा हॉल में बैठने से पहले ही प्रश्नपत्र व्हाट्सएप और टेलीग्राम पर वायरल हो जाता है, तो उन सपनों का क्या होता है? यह केवल एक परीक्षा का निरस्त होना नहीं है कृ यह उस पूरी व्यवस्था पर प्रश्नचिन्ह है जिस पर 140 करोड़ लोगों का भविष्य टिका है। पेपर लीक की एक लंबी और शर्मनाक सूची है । भारत में पेपर लीक कोई नई घटना नहीं है। यह एक दशकों पुरानी बीमारी है जो हर बार नए रूप में सामने आती है। इसके कुछ उदाहरण NEET-UG 2024, 5 मई 2024 को देशभर में लगभग 24 लाख परीक्षार्थी बैठे। परीक्षा से पहले ही प्रश्नपत्र सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। बिहार में 13 लोग गिरफ्तार हुए जिन्होंने प्रश्नपत्र खरीदा था। गुजरात के गोधरा में एक परीक्षा केंद्र पर धांधली पकड़ी गई। ब्ठप् जांच और सुप्रीम कोर्ट हस्तक्षेप हुआ। छज्। के महानिदेशक को बर्खास्त किया गया।

UGC-NET जून 2024, 18 जून को परीक्षा हुई, 19 जून को रद्द। डार्कनेट पर प्रश्नपत्र लीक की पुष्टि हुई। UP पुलिस कांस्टेबल भर्ती 2024, लगभग 48 लाख अभ्यर्थी प्रभावित। परीक्षा व्यापक लीक के बाद रद्द करनी पड़ी। CBSE 2018, कक्षा 12 की अर्थशास्त्र और कक्षा 10 की गणित का प्रश्नपत्र लीक हुआ। लाखों छात्रों को दोबारा परीक्षा देनी पड़ी। SSC CGL 2017, स्टाफ सिलेक्शन कमीशन की परीक्षा में लीक के आरोपों ने देशव्यापी प्रदर्शन और CBI जांच को जन्म दिया। AIPMT 2015, सुप्रीम कोर्ट ने व्यापक लीक के चलते पूरी परीक्षा रद्द करने का आदेश दिया। व्यापम घोटाला, मध्यप्रदेश (2013 और आगे) दर्जनों परीक्षाओं में सुनियोजित धोखाधड़ी। इससे जुड़े कई व्यक्तियों की रहस्यमय मौतें। अब तक का सबसे बड़ा परीक्षा घोटाला माना जाता है। REET 2021, राजस्थानरू शिक्षक भर्ती परीक्षा में सरकारी अधिकारियों की संलिप्तता से बड़े पैमाने पर लीक। BPSC 67वीं परीक्षा 2022, बिहार-प्रश्नपत्र सोशल मीडिया पर वायरल, परीक्षा रद्द। West Bengal SSC घोटाला: शिक्षक भर्ती में पैसे लेकर नौकरी देने और OMR शीट से छेड़छाड़ के गंभीर आरोप। यह सूची यहीं समाप्त नहीं होती। राजस्थान, उत्तर प्रदेश, तमिलनाडु, महाराष्ट्र कृ हर राज्य में यही कहानी दोहराई गई है। इन घटनाओं ने स्पष्ट कर दिया है कि समस्या केवल किसी एक राज्य या एजेंसी तक सीमित नहीं है। यह एक संगठित उद्योग का रूप ले चुकी है, जिसमें कोचिंग माफिया, प्रिंटिंग प्रेस, परीक्षा केंद्र कर्मचारी, साइबर अपराधी और कई बार प्रभावशाली लोग भी शामिल पाए जाते हैं। सबसे दुखद पक्ष यह है कि हर बार सजा विद्यार्थियों को मिलती है। कोई छात्र दो-दो वर्ष ड्रॉप लेकर तैयारी करता है, कोई गरीब परिवार खेत बेचकर कोचिंग की फीस देता है, कोई छात्र मानसिक दबाव में अवसाद तक पहुंच जाता है। लेकिन परीक्षा रद्द होने के बाद वही छात्र फिर से महीनों तैयारी करने को मजबूर हो जाता है। परीक्षा की निष्पक्षता पर संदेह का अर्थ है कि पूरी मेरिट व्यवस्था पर जनता का भरोसा टूटना। सवाल यह है कि आखिर भारत जैसी तकनीकी शक्ति रखने वाला देश सुरक्षित परीक्षा प्रणाली क्यों नहीं बना पा रहा? इसका सबसे बड़ा कारण है भ्रष्टाचार का संगठित नेटवर्क।ऐसा इस लिए है क्योंकि स्पष्ट रूप से देश की प्रशासनिक व्यवस्था ने एक प्रकार से भ्रष्टाचार को आत्मसात सा कर लिया हो और जब देशमें सर्वत्र भ्रष्टाचार व्याप्त हो तो परीक्षाएं कैसे साफ सुथरी रह सकती हैं। जरा सोंचे कि जब बिना रिश्वत या सिफारिश के शायद ही किसी सरकारी दफ्तर में काम होता है और पूरा प्रशासनिक प्रणाली भ्रष्टाचार से ग्रसित हो तो वही व्यवस्था इम्तहान कैसे ईमानदारी से करा पाने में सक्षम हो सकती है।

**( लेखक भारत सरकार के पूर्व सचिव हैं )**

## युद्धविराम के बाद से लेबनान में 23 बच्चे मारे गए, 93 घायलः यूनिसेफ

**न्यूयॉर्क।** संयुक्त राष्ट्र बाल कोष (यूनिसेफ) ने कहा है कि 17 अप्रैल से लागू युद्धविराम के बाद से लेबनान में कम से कम 23 बच्चों की मौत हो चुकी है, जबकि 93 बच्चे घायल हुए हैं। यूनिसेफ ने बुधवार को जारी बयान में कहा, ष्स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, सीजफायर शुरू होने के बाद से अब तक कम से कम 23 बच्चे मारे गए और 93 घायल हुए हैं। दो मार्च से अब तक कुल 200 बच्चों की मौत और 806 बच्चे घायल हुए हैं, यानी औसतन हर दिन लगभग 14 बच्चे मारे गए या फिर घायल हुए हैं। बयान में यह भी कहा गया कि पिछले सात दिनों में ही लेबनान में हमलों में मारे गए और घायल बच्चों की संख्या 59 पहुंच गई हैं। मंगलवार सुबह बेरूत के दक्षिण में एक कार पर हुए हमले में दो बच्चों और उनकी मां की मौत हुई है।



कीव। रूसी हमले के बाद एक आवासीय इलाके में बुरी तरह क्षतिग्रस्त हुए घर के मलबे को हटाते बचावकर्मी।

## यूरोपीय बाजार में भारतीय समुद्री उत्पादन को भेजने की छूट

**नई दिल्ली।** यूरोपीय संघ की एक अधिसूचना के अंतर्गत की गई घोषणा के अनुसार भारत से झींगा और मछली जैसे मत्स्य पालन उत्पादों को वहां के बाजार में निर्यात की छूट बनी रहेगी। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय की ओर से गुरुवार को जारी एक विज्ञप्ति में कहा गया है कि ईयू की ओर से 12 मई को प्रकाशित संशोधित मसौदा सूची में भारत को शामिल किया गया है ताकि यूरोपीय संघ के बाजार में जलीय कृषि उत्पादों का निर्यात जारी रखा जा सके। नई घोषणा से ईयू के 4 अक्टूबर 2024 को जारी कार्यान्वयन विनियमन 2024/2598 में पहले हुई चूक से भारतीय निर्यात को में उत्पन्न चिंता दूर हुई है।

# सिर्फ औपचारिकता निभाने चीन नहीं गए हैं ट्रम्पः व्हाइट हाउस

### कहाः ताइवान मुद्दा सबसे अहम, ट्रम्प प्रशासन ने ताइवान के लिए 11 अरब डॉलर के हथियार पैकेज को दी मंजूरी

**वाशिंगटन।** चीन ताइवान को अपना हिस्सा मानता है, जबकि अमेरिका ताइवान को हथियार देने की तैयारी कर रहा है। ट्रम्प प्रशासन ने ताइवान के लिए 11 अरब डॉलर के हथियार पैकेज को मंजूरी दी है, हालांकि उसकी डिलीवरी अभी शुरू नहीं हुई है।

ताइवान दुनिया में चिप निर्माण का बड़ा केंद्र है और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस उद्योग के लिए बेहद महत्वपूर्ण माना जाता है। ट्रम्प अमे. रिका में चिप उत्पादन बढ़ाने के लिए ताइवान के साथ व्यापारिक सहयोग मजबूत करना चाहते हैं। इसी सिलसिले में एनवीडिया के सीईओ जेन्सेन हुआंग भी अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल का हिस्सा बने हैं। ट्रम्प के साथ विदेश मंत्री मार्को रुबियो, ट्रेजरी सेक्रेटरी स्काट बेसेंट और रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ भी चीन पहुंचे हैं। इसके अलावा टेक, रक्षा, कृषि और वित्त क्षेत्र के कई बड़े कारोबारी भी प्रतिनिधिमंडल में शामिल हैं।



■ ट्रम्प के साथ विदेश मंत्री मार्को रुबियो, ट्रेजरी सेक्रेटरी स्काट बेसेंट और रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ भी चीन पहुंचे हैं

व्हाइट हाउस का कहना है कि ट्रम्प इस दौरे पर सिर्फ औपचारिकता निभाने नहीं गए हैं, बल्कि कुछ ठोस परिणाम चाहते हैं। अमेरिकी प्रशासन को उम्मीद है कि चीन अमेरिकी सोयाबीन, बीफ और विमानों की खरीद बढ़ाने का ऐलान कर सकता है। साथ ही दोनों देशों के व्यापारिक विवाद सुलझाने के लिए बोर्ड ऑफ ट्रेड जैसी व्यवस्था पर भी चर्चा हो सकती है। हालांकि अभी तक किसी भी संभावित समझौते की स्पष्ट जानकारी सामने नहीं आई है। इस दौरे के दौरान सबसे बड़ा मुद्दा ईरान बना हुआ है। अमे. रिका और इजरायल के साथ ईरान के युद्ध ने वैश्विक ऊर्जा बाजार को झटका दिया है। होर्मुज स्ट्रेट के प्रभावित होने से तेल और गैस आपूर्ति बाधित हुई है और ऊर्जा कीमतों में उछाल आया है। ऐसे में ट्रम्प चीन से ईरान पर दबाव डालने की कोशिश कर सकते हैं, क्योंकि चीन ईरानी तेल का सबसे बड़ा खरीदार है। यह ट्रम्प का 2017 के बाद पहला चीन दौरा है। इससे पहले दोनों नेता पिछले साल अक्तूबर महीने में बुसान में मिले थे। विशेषज्ञों का मानना है कि ट्रम्प और शी जिनपिंग की यह मुलाकात आने वाले समय में अमेरिका-चीन संबंधों की दिशा तय करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है।

# ताइवान पर चीन की अमेरिका को सख्त चेतावनी

## शी जिनपिंग बोलेः गलत कदम से छिड़ सकता है संघर्ष

**बीजिंग।** चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने बीजिंग में हुई द्विपक्षीय वार्ता के दौरान अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को चेतावनी दी है कि ताइवान मुद्दे पर किसी भी प्रकार की गलत रणनीति दोनों देशों को 'संघर्ष' की ओर धकेल सकती है। गुरुवार को महाशक्ति शिखर सम्मेलन के तहत हुई बैठक में ट्रम्प ने शी को 'महान नेता' और 'मित्र' बताते हुए कहा कि दोनों देशों का 'भविष्य शानदार' होगा।

शी ने औपचारिक स्वागत समारोह के बीच अपेक्षाकृत सख्त लहजे में यह भी कहा कि दोनों देशों को 'प्रतिद्वंद्वी नहीं, बल्कि साझेदार' होना चाहिए। उन्होंने शुरुआत में ही ताइवान मुद्दे को चीन-अमे. रिका संबंधों का सबसे महत्वपूर्ण विषय बताया। चीनी सरकारी मीडिया के अनुसार शी ने कहा कि ताइवान प्रश्न चीन-अमेरिका संबंधों का सबसे महत्वपूर्ण मुद्दा है। यदि इसे गलत तरीके से संभाला गया, तो दोनों देश टकराव या यहां तक कि संघर्ष की स्थिति में पहुंच सकते हैं, जिससे पूरे चीन-अमेरिका संबंध अत्यंत खतरनाक स्थिति में चले जाएंगे। यूरोन्यूज की एक रिपोर्ट के अनुसार, करीब सवा दो घंटे तक चली प्रारंभिक



■ चीन के राष्ट्रपति ने कहाः अमेरिका-चीन के बीच टकराव का कारण बन सकता है ताइवान

वार्ता के बाद व्हाइट हाउस के जारी आधिकारिक विवरण में ताइवान का कोई उल्लेख नहीं किया गया। इससे संकेत मिला कि दोनों नेता इस मुद्दे पर किसी ठोस सहमति तक नहीं पहुंच सके। ट्रम्प की यह यात्रा लगभग एक दशक बाद किसी अमेरिकी राष्ट्रपति की पहली चीन यात्रा है।

भव्य स्वागत समारोह के बावजूद व्यापार और भू-राजनीतिक तनाव अब भी दोनों देशों के बीच प्रमुख मुद्दे बने हुए हैं। शी ने ट्रम्प का स्वागत ग्रेट हॉल ऑफ द पीपल में रेड कार्पेट, सैन्य बैंड, तोपों की सलामी और स्कूली बच्चों के स्वागत नारों के साथ किया। ट्रम्प ने समारोह के दौरान कहा कि चीन और अमेरिका के संबंध पहले से कहीं बेहतर होने जा रहे हैं। इसके विपरीत शी ने प्राचीन यूनानी राजनीतिक सिद्धांत 'थ्यूसीडिडेस ट्रैप' का उल्लेख करते हुए कहा कि उभरती शक्ति और स्थापित शक्ति के बीच प्रतिस्पर्धा युद्ध का कारण बन सकती है। उन्होंने कहा कि क्या चीन और अमेरिका तथाकथित 'थ्यूसीडिडेस ट्रैप' से ऊपर उठकर महाशक्तियों के संबंधों का नया प्रतिमान स्थापित कर सकते हैं? सहयोग दोनों पक्षों के लिए लाभकारी है, जबकि टकराव दोनों को नुकसान पहुंचाता है। वर्ष 2017 में ट्रम्प की पिछली चीन यात्रा के बाद से दोनों देश व्यापार युद्ध, तकनीकी प्रतिस्पर्धा और कई वैश्विक मुद्दों पर लगातार मतभेदों में उलझे रहे हैं। ताइवान लंबे समय से दोनों देशों के बीच तनाव का प्रमुख कारण रहा है। अमेरिका 'वन चाइना' नीति के तहत केवल बीजिंग को मान्यता देता है, लेकिन अमेरिकी कानून के अनुसार वह ताइवान को आत्मरक्षा के लिए हथियार उपलब्ध कराने के लिए बाध्य है। चीन ताइवान को अपना हिस्सा मानता है और उसे अपने नियंत्रण में लेने के लिए बल प्रयोग की संभावना से भी इन्कार नहीं करता। हाल के वर्षों में उसने ताइवान पर सैन्य दबाव बढ़ाया है। शी की टिप्पणियों के बाद ताइपे ने प्रतिक्रिया देते हुए चीन को क्षेत्रीय शांति के लिए 'एकमात्र खतरा' बताया और कहा कि अमेरिका ने ताइवान के प्रति अपने 'स्पष्ट और दृढ़ समर्थन' की बार-बार पुष्टि की है। चीन के विदेश मंत्रालय के अनुसार दोनों नेताओं की वार्ता अब तक सकारात्मक माहौल में हुई है। ट्रम्प ने शी को 'मित्र' बताया और दोनों नेताओं ने 'रचनात्मक, रणनीतिक और स्थिर संबंध' स्थापित करने पर सहमति जताई है। ताइवान मुद्दे के अलावा बीजिंग में हुई उच्चस्तरीय वार्ता के दौरान शी और ट्रम्प ने अपेक्षाकृत सौहार्दपूर्ण रुख अपनाया तथा बैठक को बढ़ती भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं के बीच दुनिया की दो सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के संबंधों को स्थिर करने की दिशा में महत्वपूर्ण प्रयास बताया। शिखर सम्मेलन का प्रमुख परिणाम वह नई रूपरेखा रही, जिसे शी ने 'रणनी. तिक स्थिरता पर आधारित रचनात्मक चीन-अमेरिका संबंध' करार दिया।

### चीनी पीएम ने एलन मस्क, टिम कुक, जेन्सेन हुआंग से की मुलाकात

**बीजिंग।** चीन के प्रधानमंत्री ली कियांग ने गुरुवार को एलन मस्क (टेस्ला), टिम कुक (एप्पल) और जेन्सेन हुआंग (एनवीडिया) जैसे अमेरिका के दिग्गज उद्योग. पतियों से मुलाकात की और अपील की कि वे चीन एवं अमेरिका के बीच संबंधों के 'स्वस्थ विकास' को बनाए रखने में सहयोग करें। यह महत्वपूर्ण बैठक बीजिंग में चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के बीच होने वाले उच्च स्तरीय शिखर सम्मेलन के दौरान हुई। बीजिंग में एक दर्जन से अधिक अमेरिकी अधिकारियों को संबोधित करते हुए कियांग ने कहा कि दोनों देशों के बीच बढ़ती भू-राजनीतिक प्रतिस्पर्धा और व्यापारिक तनाव के बावजूद 'मित्र और भागीदार' बने रहने की पूरी क्षमता है। ट्रम्प की इस चीन यात्रा में उनके साथ अमेरिका के 16 प्रमुख उद्योगपतियों का एक बड़ा समूह आया है। अमेरिकी अधिकारियों के अनुसार, ट्रम्प चीन के साथ नए निवेश और व्यापार बोर्ड बनाने की संभावनाओं पर काम करना चाहते हैं।

# भारत-ऑस्ट्रेलिया की वायु सेनाओं की बैठक

■ एयरोस्पेस सहयोग पर चर्चा, डफ-28 घोस्ट बैट लड़ाकू विमान भी दिखा

**कैनबरा।** भारतीय वायु सेना (आईएएफ) और रायल आस्ट्रेलियन एयर फोर्स ने शभविष्य के एयरोस्पेस सहयोगश पर चर्चा की है। यह चर्चा हिंद-प्रशांत क्षेत्र में बढ़ते रक्षा संबंधों के बीच हुई है, जहां फोटो सेशन के दौरान बोइंग एमक्यू-28 घोस्ट बैट लड़ाकू विमान भी पीछे दिखाई दिया। दोनों वायु सेनाओं के बीच हाल ही में 12वीं एयर स्टाफ वार्ता कैनबरा में हुई।

इस वार्ता का खास फोकस अभियान के समय तालमेल, एक-दूसरे की प्रणाली के साथ मिलकर काम करने की क्षमता, प्रशिक्षण, संयुक्त अभ्यास और भविष्य के एयरोस्पेस सहयोग पर था। आईएएफ के बयान में कहा गया कि 12वीं एयर स्टाफ वार्ता में दोनों वायु सेनाओं ने आपरेशनल तालमेल बढ़ाने, संयुक्त अभ्यास, एयर-टू-एयर रिफ्यूलिंग समझौते, प्रशिक्षण और भविष्य के एयरोस्पेस सहयोग को मजबूत करने पर चर्चा की। दोनों पक्षों ने क्षेत्रीय स्थिरता और क्षेत्रीय स्थिरता को मजबूत करने और भविष्य के लिए तैयार हिंद-प्रशांत साझेदारी के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जताई। आस्ट्रेलियाई रक्षा मंत्रालय ने बताया कि वायु सेना के उप प्रमुख एयर वाइस मार्शल स्टीवन पेस ने कैनबरा और ब्रिस्बेन में भारतीय वायु सेना के एयर वाइस मार्शल संजीव तालियान की मेजबानी की। इस दौरान दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग और पेशेवर वायु शक्ति संवाद को आगे बढ़ाया गया। बैठक के दौरान आस्ट्रेलिया की ओर से जारी एक तस्वीर में बोइंग डिफेंस आस्ट्रेलिया का एमक्यू-28 घोस्ट बैट पीछे दिखाई दिया। यह एक मानव रहित लड़ाकू विमान है, जिसे इस तरह से बनाया गया है कि यह पायलट वाले लड़ाकू विमानों और हवाई प्रारंभिक चेतावनी प्रणाली के साथ मिलकर काम कर सके।

# फ्रांसीसी राष्ट्रपति ईरानी एक्ट्रेस को मैसेज करते थे

■ दावाः मैक्रों को इस वजह से पत्नी ने थप्पड़ मारा, पिछले साल वीडियो वायरल हुआ था

**पेरिस।** फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों को वियतनाम में उनकी पत्नी ब्रिजित मैक्रों ने ईरानी मूल के एक्ट्रेस के कारण थप्पड़ मारा था। न्यूयार्क पोस्ट के मुता. बिक, यह दावा फ्रांसीसी पत्रकार फ्लोरियन तारदिफ ने अपनी नई किताब 'एन (आलमोस्ट) परफेक्ट कपल' में किया है। यह किताब बुधवार को प्रकाशित हुई। किताब में कहा गया है कि यह विवाद ईरानी मूल की अभिनेत्री गोलशिफ्ते फराहानी और राष्ट्रपति मैक्रों के बीच कथित चौट की वजह से हुआ था।

रिपोर्ट के अनुसार, राष्ट्रपति मैक्रों अभिनेत्री को मैसेज भेजते थे। एक मैसेज में उन्होंने कथित तौर पर लिखा था कि मुझे तुम बहुत खूबसूरत लगती हो। फ्रांसीसी मीडिया रिपोर्ट्र्स के मुताबिक, मैक्रों और फराहानी के बीच कई महीनों तक 'प्लेटोनिक रिलेशनशिप' (दोस्ती वाला रिश्ता) बना रहा। हालांकि, रिपोर्ट में कहा गया कि यह रिश्ता सिर्फ भावनात्मक और निजी बातचीत तक सीमित था। मैक्रों पिछले साल 25 मई को वियतनाम दौरे पर पहुंचे थे। इसी दौरान हनोई के नोई बाई इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर उनकी पत्नी उन्हें थप्पड़ मारती दिखी थीं। हालांकि, ब्रिजित मैक्रों की टीम ने इन सभी दावों को गलत बताया है। उनके प्रति. निधियों ने कहा कि ब्रिजित कभी अपने पति का मोबाइल फोन नहीं देखतीं और किताब में कही गई बातें सच नहीं हैं। दूसरी तरफ अभिनेत्री गोलशिफ्ते फराहानी ने भी राष्ट्रपति मैक्रों के साथ किसी रिश्ते की खबरों को पहले ही खारिज कर दिया था।

## बॉलीवुड स्टार रणवीर सिंह ने रचा इतिहास

**मुंबई।** बॉलीवुड स्टार रणवीर सिंह पोस्ट-कोविड दौर में मुख्य भूमिका निभाते हुए दुनिया भर में 3700 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार करने वाले पहले भारतीय पुरुष अभिनेता बन गए हैं। धुरंधर फ्रेंचाइजी की शानदार सफलता के साथ रणवीर ने न सिर्फ सिनेमाघरों में अपना दबदबा फिर से स्थापित किया है, बल्कि खुद को आज के भारतीय सिनेमा के सबसे बड़े सुपरस्टार्स में भी शामिल कर लिया है। पोस्ट-कोविड दौर में रणवीर की थिएटर यात्रा फिल्म 83 से शुरू हुई, जिसने दुनिया भर में 184. 36 करोड़ रुपये की कमाई की। इस फिल्म को इसकी भावनात्मक कहानी और रणवीर के दमदार अभिनय के लिए काफी सराहा गया। इसके बाद वह जएशभाई जोरदार में नजर आए, जिसने वैश्विक स्तर पर 24.1 करोड़ रुपये कमाए, जबकि सर्कस ने 39.6 करोड़ रुपये का कारोबार किया।

# बांग्लादेश में खसरे से मृतकों की संख्या 432 हुई

### मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, पिछले 24 घंटों में कम से कम आठ और लोगों की मौत

**ढाका।** बांग्लादेश में खसरे का प्रकोप गंभीर होता जा रहा है, इस बीमारी से मरने वालों की संख्या बढ़कर 432 हो गई है। स्थानीय मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, पिछले 24 घंटों में कम से कम आठ और लोगों की मौत हुई है।

देश में खसरे के पुष्ट और संदिग्ध मामलों की कुल संख्या 60 हजार से अधिक हो गई है, जिससे स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने इसे हाल के वर्षों का सबसे बड़ा प्रकोप बताया है। स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय (डीजीएचएस) के अनुसार, ये मौतें बुधवार सुबह तक के 24 घंटों में दर्ज की गईं। इसी अवधि में, 1489 संदिग्ध मामले सामने आए, जिससे संदिग्ध संक्रमणों की कुल संख्या 53056 हो गई। इसके अतिरिक्त, 126 पुष्ट मामले दर्ज किए गए, जिससे कुल पुष्ट मामलों की संख्या 7150 हो गई।



■ देश में खसरे के पुष्ट और संदिग्ध मामलों की कुल संख्या 60 हजार से अधिक हो गई है

बांग्लादेश के प्रमुख समाचार पत्र द डेली स्टार ने यह जानकारी दी। जन स्वास्थ्य विशेषज्ञ मुश्ताक हुसैन ने कहा कि समय पर टीकाकरण न होने के कारण खसरे के मामले तेजी से फैले हैं। उन्होंने कहा, यदि प्रकोप को देखते हुए कोई उचित कदम उठाया गया होता, तो मृत्यु दर काफी कम हो सकती थी। हुसैन ने यह भी कहा कि एक बार जब मामले 50 हजार का आंकड़ा पार कर जाते हैं, तो सार्वजनिक स्वास्थ्य आपातकाल घोषित किया जाना चाहिए, और ऐसा न करके काफी गलत किया गया है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार, पिछले वर्ष अपर्याप्त टीकाकरण और कुपोषण ने इस प्रकोप को बदतर बनाने में प्रमुख भूमिका निभाई है। वायरोलाजिस्ट और जन स्वास्थ्य विशेषज्ञ महबूबा जमील ने इस वर्ष खसरे के मामलों में असामान्य वृद्धि के बारे में बताया। उन्होंने कहा, यदि टीकाकरण गतिविधियां जारी रहती हैं, तो अगले कुछ हफ्तों में संक्रमण में कमी आनी शुरू हो सकती है। जिन क्षेत्रों में टीकाकरण अभियान चलाए गए हैं, वहां अपेक्षाकृत बेहतर स्थिति दिख रही है। जमील ने बताया कि संक्रमण के मामले में सिलहट जिला वर्तमान में सबसे अधिक प्रभावित क्षेत्रों में से एक है। सचेतन नागरिक समाज के बैनर तले प्रदर्शनकारियों के एक समूह ने ढाका के धनमंडी 27 क्षेत्र में एक मानव श्रृंखला बनाई। उन्होंने खसरे से संबंधित मौतों के लिए पूर्व अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मुहम्मद यूनुस और उनके स्वास्थ्य सलाहकार नूरजहां बेगम पर प्राथमिकी दर्ज करने की मांग की। प्रदर्शनकारियों ने पीड़ितों के परिवारों के लिए मुआवजे की भी मांग की।

## कोरोना मौतों का आंकड़ा आधिकारिक संख्या से तीन गुना अधिकः WHO

**जिनेवा।** विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने कहा है कि कोविड-19 महामारी से दुनिया भर में मौतों की वास्तविक संख्या 2.2 करोड़ से अधिक पहुंच गई है, जो आधिकारिक तौर पर दर्ज 70 लाख मौतों से करीब तीन गुना ज्यादा है। डब्ल्यूएचओ की बुधवार को जारी 'वर्ल्ड हेल्थ स्टैटिस्टिक्स 2026' रिपोर्ट में कहा गया कि वर्ष 2020 से 2023 के बीच सभी कारणों से वैश्विक अतिरिक्त मौतों (एक्सेस डेथ्स) का अनुमान 2.21 करोड़ लगाया गया, जबकि कोविड-19 से आधिकारिक तौर पर 70 लाख मौतें दर्ज की गईं। इसका मतलब है कि कोविड से दर्ज हर एक मौत के मुकाबले महामारी से जुड़ी लगभग दो अतिरिक्त मौतें हुईं।




# फिलीपींस की संसद में गोलीबारी से मचा हड़कंप

### सुरक्षाकर्मियों ने उन्हें रोकने के लिए चेतावनी दी और फायरिंग की

**मनीला।** फिलीपींस की संसद के भीतर उस समय अफरा-तफरी मच गई जब वहां कुछ हथियारबंद नकाबपोशों ने अचानक गोलीबारी शुरू कर दी। सुरक्षाकर्मियों ने उन्हें रोकने के लिए चेतावनी दी और फायरिंग की, जिसके बाद हमलावर हवा में गोलियां चलाते हुए वहां से भाग गए।

यह घटना बुधवार रात तब हुई जब सीनेटर रोनाल्ड डेला रोजा अपनी गिरफ्तारी से बचने के लिए संसद भवन के अंदर छिपे हुए थे। उनपर मानवता के खिलाफ अपराध करने के आरोप हैं और अंतर्राष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय (आईसीसी) ने उनके खिलाफ वारंट जारी किया है। रोजा सोमवार से ही अपनी गिरफ्तारी से बचने के लिए संसद में छिपे हुए थे, लेकिन इस गोलीबारी के बाद वह वहां से गायब हो गए हैं। राष्ट्रपति की प्रवक्ता क्लेयर कास्त्रो के




■ फिलीपींस के राष्ट्रपति फर्डिनेंड मार्कोस जूनियर ने देर रात जारी वीडियो में कहा कि इस घटना में सरकार का कोई हाथ नहीं

मुताबिक, सीनेटर अब संसद परिसर में नहीं हैं। रोजा पूर्व राष्ट्रपति रोड्रिगो दुतेर्ते के खास सहयोगी और पूर्व पुलिस प्रमुख रहे हैं और उन पर नशीली दवाओं के खिलाफ खूनी अभियान चलाने का आरोप है, जिसमें हजारों लोग मारे गए थे। इसी मामले में पूर्व राष्ट्रपति पहले से ही नीदरलैंड में मुकदमे का सामना कर रहे हैं। फिलीपींस के राष्ट्रपति फर्डिनेंड मार्कोस जूनियर ने देर रात जारी वीडियो में कहा कि इस घटना में सरकार का कोई हाथ नहीं है। उन्होंने लोगों से शांत रहने की अपील की और दोषियों को पकड़ने का भरोसा दिया। पुलिस ने इस मामले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार भी किया है। रोजा को 'बाटो' के नाम से जाना जाता है। उन पर आरा. ेप है कि जब वे पुलिस प्रमुख थे, तब उन्होंने 'ओप्लान तोखांग' नाम की योजना के तहत कई लोगों की जान ली। हालांकि रोजा ने इन आरोपों को गलत बताया है और कहा है कि आईसीसी को उन्हें गिरफ्तार करने का अधिकार नहीं है। वे सोमवार से ही संसद भवन के अंदर थे और सुरक्षा एजेंसियों को चकमा दे रहे थे।

